**राज्याच्या** अर्थव्यवस्थेला सेवा क्षेत्राने नेहमीच साथ दिली आहे. २०२२-२३ साली सेवा क्षेत्राचा वृद्धी दर १४ टक्के इतका होता. २०२३-२४ मध्ये त्यात थोडी घट होऊन तो ८.५ टक्क्यांवर आला. २०२४-२५ मध्ये तो ८.३ टक्क्यांवर आला आणि त्यानंतर २०२५-२६ या आर्थिक वर्षात हा दर ०.७ टक्क्यांनी वाढून सेवा क्षेत्रात ९.० टक्के वाढ अपेक्षित आहे.

# नियमभंग करणाऱ्या ६ रुग्णालयांचे परवाने केले रद्द

लोकमत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई :** राज्यातील खासगी रुग्णालयांमध्ये नियमांचे पालन होते का, याबाबत शासनातर्फे तपासणी मोहीम राबवण्यात आली आहे. यात नियमांचे उल्लंघन करणाऱ्या सहा रुग्णालयांची नोंदणी रद्द केल्याची माहिती सार्वजनिक आरोग्य व कुटुंबकल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर यांनी विधानपरिषदेत दिली.

भाजपचे आमदार श्रीकांत भारतीय यांनी विचारलेल्या प्रश्नाला उत्तर देताना त्यांनी ही माहिती दिली. महाराष्ट्र शुश्रूषागृह नोंदणी नियम, २०२१ अंतर्गत रुग्णालयांनी उपचारांचे दरपत्रक दर्शनी भागावर लावणे, तसेच 'रुग्ण हक्क सनद' प्रदर्शित करणे बंधनकारक आहे. मात्र, अनेक रुग्णालयांकडून या नियमांचे पालन होत नसल्याचे निदर्शनास आल्यानंतर शासनाने तपासणी मोहीम हाती घेतली आहे, असे त्यांनी सांगितले.

मंत्र्यांनी सांगितले की, राज्यातील एकूण २३,४५४ खासगी रुग्णालयांची स्थानिक पर्यवेक्षीय प्राधिकाऱ्यांमार्फत तपासणी करण्यात आली. यात विविध त्रुटी आढळून आल्यामुळे ४,५३८ रुग्णालयांना नोटिसा बजावून त्रुटी दूर करण्यासाठी एक महिन्याची मुदत देण्यात आली होती. मुदत संपल्यानंतर पुन्हा तपासणी करण्यात आली. यात सहा रुग्णालयांकडून अद्यापही नियमांचे पालन न केल्याचे आढळल्याने त्यांच्या परवाने रद्द करण्यात आले.

## कुजबुज



### आमदार, कैदी अन् कमोड

विधान परिषदेत 'महाराष्ट्र कारागृहे व सुधार सेवा विधेयक, २०२५' या विधेयकांत दुरुस्ती करण्याबाबत बोलताना काँग्रेस आमदार धीरज लिंगाडे यांनी जेलमधील कैद्यांची बाजू मांडली आणि त्यांच्यासाठी सुविधा पुरवण्याची मागणी केली. 'जेलमध्ये असे अनेक कैदी आहेत. पण कैदी याचा अर्थ तो क्रिमिनलच आहे, असा होत नाही,' अशी सुरुवात करत थेट वेगवेगळ्या परिस्थितीत कुणालाही एखादवेळेस शिक्षा होऊ शकते आणि आत जावे लागू शकते, असे ते म्हणाले. 'अनेक कैदी वयोवृद्ध असतात. त्यांना 'कमोड'ची सुविधा असावी. अनेकांना इंडियन टॉयलेट जमत नाही.. शेवटी कैदी असला तरी माणूस आहे. आपण कँटीनची सुविधा देतो आहे तर 'कमोड'ही द्यावी,' अशी पुष्टी जोडली.

### आमदारांनाही क्रिकेटची भुरळ

भारतात क्रिकेटप्रेमींची काही कमी नाही, याचा प्रत्यय पुन्हा एकदा आला. राज्य विधिमंडळाचे अर्थसंकल्पीय अधिवेशन मुंबईत सुरू आहे. गुरुवारी, टी-२० भारत विरुद्ध इंग्लंड हा उपांत्य फेरीचा सामनाही मुंबईत होता. अधिवेशनातील आमदारांनाही ही मॅच पाहण्याचा मोह आवरता आला नाही. विधान परिषदेत आमदारांनी मुद्दा उचलला, २०-२५ मिनिटे चर्चा केली. एरव्ही एकमेकांविरुद्ध बाह्या वर करून राहणारे, उद्धवसेनेचे आ. सचिन अहिर, अनिल परब तसेच शिंदेसेनेचे मंत्री उदय सामंत या विषयावर मात्र सोबत असलेले दिसले. आमदारांना फुकट पासेस नका देऊ, पण क्रिकेट मंडळाने किमान तिकीट तरी उपलब्ध करून द्यावे, अशी गयावया आमदारांनी सभागृहात केली. तरीच, क्रिकेट मंडळाच्या निवडणुकीसाठी राजकारणी इतके आग्रही या असतात, अशी कुजबूज अधिकाऱ्यांमध्ये होत होती.

# अंगणवाडीतील आहार आता बालकांच्या आवडीचा होणार

## कुपोषण कमी करण्यावर शासनाचा भर : तटकरे

लोकमत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई :** अंगणवाड्यांमधील बालकांना दिल्या जाणाऱ्या टेक होम रेशन (पोषण आहाराची गुणवत्ता आणि चव सुधारण्यासाठी महिला व बालविकास विभाग प्रयत्नशील असून, राज्यातील कुपोषणाचे प्रमाण आणखी कमी करण्यावर शासनाचे विशेष लक्ष असल्याची माहिती महिला व बालविकास मंत्री आदिती तटकरे यांनी विधान परिषदेत दिली.

भाजप चित्रा वाघ यांनी प्रश्न विचारला होता. तटकरे म्हणाल्या की, केंद्राच्या सूचनांनुसार टीएचआर आहार आता मायक्रो-न्यूट्रिएंट फोर्टिफाईड प्रीमिक्स स्वरूपात दिला जात आहे.



### ११ जिल्ह्यांत पायलट प्रकल्प

तटकरे यांनी सांगितले की, ४ जी सुविधेसह स्मार्टफोन उपलब्ध करून देण्यात आले आहेत. तसेच मानधनवाढ, मोबाईल रिचार्ज, प्रोत्साहन भत्ता आणि भाऊबीजसारख्या सुविधा नियमित करण्यात आल्या आहेत. एफआरएस प्रणालीत जानेवारी २०२६ पर्यंत ८५ टक्क्यांहून अधिक नोंदणी पूर्ण झाली आहे. राज्यात कुपोषण कमी करण्यासाठी विशेष मोहीम राबवली जात असून, ११ जिल्ह्यांमध्ये पायलट प्रकल्प सुरू केला आहे.

# लाल कार्डधारकांनी पिवळे किंवा लाल कार्ड असणाऱ्या व्यक्तीसोबत लग्न करू नये

## 'सिकलसेलमुक्त महाराष्ट्र' अभियानाला वेग

लोकमत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई :** राज्यात सिकलसेल या आनुवंशिक आजाराविरोधात सुरू असलेल्या 'सिकलसेलमुक्त महाराष्ट्र' अभियानाला वेग देण्यात आला आहे. आतापर्यंत ७० लाखपैकी ५९.६२ लाख नागरिकांची तपासणी पूर्ण करण्यात आली आहे.

या मोहिमेत सिकलसेल रुग्णांना लाल कार्ड, वाहकांना पिवळे कार्ड आणि सामान्य व्यक्तींना पांढरे कार्ड देण्याची व्यवस्था करण्यात आली असून लाल कार्डधारकांनी पिवळे किंवा लाल कार्ड असणाऱ्या व्यक्तीसोबत लग्न करू नये, असे आवाहन करण्यात येत आहे. तसेच सिकलसेलचा प्रसार रोखण्यासाठी



विवाहपूर्व जनजागृतीही करण्यात येत आहे, अशी माहिती सार्वजनिक आरोग्य व कुटुंब कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर यांनी विधान परिषदेत दिली

विधान परिषद आ. उमा खापरे यांच्या प्रश्नाला उत्तर देताना आबिटकर म्हणाले की, सिकलसेलमुक्त महाराष्ट्र घडवण्यासाठी मिशन मोडमध्ये काम सुरू केले आहे. नागपूर अधिवेशनादरम्यान आमदारांसोबत बैठक घेऊन स्वतंत्र टास्क फोर्स स्थापन केली असून त्याअंतर्गत 'अरुणोदय' अभियान राबविण्यात येत आहे.

### ७३.८४ लाख नागरिक तपासणीचे उद्दिष्ट

१ १५ जानेवारी २०२६ पासून सुरू झालेल्या या मोहिमेत ० ते ४० वयोगटातील ७३.८४ लाख नागरिकांची तपासणी करण्याचे उद्दिष्ट असून त्यापैकी आतापर्यंत ५९.६२ लाख व्यक्तींची तपासणी पूर्ण झाली आहे.

२ **त्यामध्ये १,७१४ सिकलसेल रुग्ण आणि २८,३९८ सिकलसेल वाहक आढळले आहेत..**

### ७० लाख जणांचे स्क्रीनिंग

राज्यातील २१ आदिवासी बहुल जिल्ह्यांमध्ये सुमारे ७० लाख नागरिकांचे स्क्रीनिंग करण्याचे लक्ष्य ठेवले असून आवश्यक वैद्यकीय सुविधा उपलब्ध करून देण्यात येत आहेत. तसेच उपचारांचा लाभही देण्यात येत आहेत.

मस्ट READ

# शरद पवारांनी घरूनच भरला अर्ज; राज्यातील पहिलीच घटना

लोकमत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई :** ज्येष्ठ नेते शरद पवार यांनी राज्यसभा निवडणुकीसाठीचा उमेदवारी अर्ज त्यांच्या सिल्व्हर ओक या बंगल्यावरच भरला. त्यासाठीची रीतसर परवानगी निवडणूक निर्णय अधिकाऱ्यांनी त्यांना दिलेली होती.

पवार यांना नुकताच इस्पितळातून डिस्चार्ज मिळाला होता. गुरुवारी उमेदवारी अर्ज भरण्याचा शेवटचा दिवस होता, पण विधानभवनात येऊन अर्ज भरण्याची शारीरिक स्थिती नाही, डॉक्टरांनीदेखील आपल्याला त्या बाबत सल्ला दिला आहे. त्यामुळे व्यक्तिशः अर्ज भरायला येता येणार नाही, असे पवार यांनी निवडणूक निर्णय अधिकारी डॉ. विलास आठवले यांना कळविले.



पवार यांचा अर्ज त्यांच्या आमदारांनी भरला, रोहित पाटील हे शरद पवारांचे सूचक होते.

### सर्वोच्च न्यायालयाच्या निकालाचा आधार...

आठवले यांनी सर्वोच्च न्यायालयाचा एक निकाल आणि त्या अनुषंगाने केंद्रीय निवडणूक आयोगाने दिलेले आदेश यांचा संदर्भ घेत पवार यांना घरूनच अर्ज भरण्याची परवानगी दिली. त्यानुसार अधिकारी घरी गेले आणि अर्ज स्वीकारला.

### अशी असते शपथ

अर्ज सादर करत असताना उमेदवाराने एक शपथही घ्यायची असते. 'मी राज्यसभेतील जागा भरण्यासाठी उमेदवार म्हणून नामनिर्देशित झालो असल्याने ईश्वरसाक्ष शपथ घेतो की/ गांभीर्याने प्रतिज्ञा करतो की, कायद्याद्वारे स्थापित झाले आहे अशा भारताच्या संविधाननाबद्दल मी खरी श्रद्धा व निष्ठा बाळगीन आाणि भारताची सार्वभौमता व एकात्मता उन्नत राखीन' असा या शपथपत्रातील मजकूर असतो.

### मी शरदचंद्र गोविंदराव पवार

पशुपतीनाथसिंग विरुद्ध हरिहरप्रसाद सिंह या खटल्यात सर्वोच्च न्यायालयाने असा निकाल दिला होता की, विशिष्ट कारणाने उमेदवारास अर्ज भरण्यास जाणे शक्य नसेल तरीही ते घरून, इस्पितळातून वा तुरुंगातून अर्ज सादर करू शकतील.

**उमेदवाराने अशावेळी कोणती शपथ घ्यायची याचा नमुना हा संविधानाच्या कलम ८४ (अ) च्या तिसऱ्या शेड्युलमध्ये दिलेला आहे. त्यानुसार सक्षम अधिकाऱ्यासमोर शरद पवार यांनी शपथ घेतली आणि अर्ज सादर केला. राज्याच्या इतिहासातील ही पहिलीच घटना आहे.**

शरद पवार यांचा अर्ज त्यांच्या आमदारांनी भरला. तासगावचे रोहित पाटील हे सूचक होते. यावेळी विधिमंडळात उद्धवसेनेचे भास्कर जाधव,काँग्रेसचे सतेज पाटील,राष्ट्रवादीच्या सुप्रिया सुळे यांच्यासह महाविकास आघाडीचे प्रमुख नेते उपस्थित होते.मात्र, चर्चा होती ती आदित्य ठाकरे यांच्या अनुपस्थितीची.

# आयोगाचे अध्यक्षपद राहिले अन् त्या खासदार झाल्या !

लोकमत न्यूज नेटवर्क



माया इवनाते

**मुंबई :** नागपूरच्या माजी महापौर आणि विद्यमान नगरसेविका माया इवनाते यांचा दिल्लीत जाण्याचा एक योग हुकला पण राज्यसभेच्या निमित्ताने दुसरा योग मात्र जुळून आला.

इवनाते या आदिवासी समाजाच्या आहेत. त्या यापूर्वी राष्ट्रीय अनुसूचित जमाती आयोगाच्या सदस्य राहिल्या आहेत. सदस्य म्हणून त्यांनी चांगले काम केल्याची दखल घेत केंद्र सरकारने त्यांना या आयोगाचे अध्यक्षपद देण्याचे ठरविले होते. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांनीही केंद्र सरकारला तशी गळ घातली होती. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह यांनी दोन महिन्यांपूर्वी त्यासाठी तोंडी होकारही दिला होता असे खात्रीलायक सूत्रांनी सांगितले. मात्र, काही कारणांनी इवनाते यांची नियुक्ती रखडली. त्यातच महापालिकेची निवडणूक आली आणि इवनाते यांना भाजपने नागपुरात उमेदवारी दिली व त्या मोठ्या फरकाने जिंकल्यादेखील. तथापि, दोन आठवड्यापूर्वी राज्यसभेचे भाजपचे उमेदवार निश्चित करण्याच्या हालचाली सुरू झाल्या आणि जी २५ नावे प्रदेश भाजपच्या कोअर कमिटीने केंद्रीय भाजपकडे पाठविली त्यात माया इवनाते यांचेही नाव पाठविण्यात आले.

आयोगाच्या अध्यक्ष म्हणून दिल्लीला जाण्याची संधी इवनाते यांना मिळणार असे चित्र असताना त्या राज्यसभेच्या गाडीत बसल्या.

## युद्ध से गैस की आपूर्ति पर असर

पश्चिम एशिया का संकट गहराने के कारण रसोई गैस, पीएनजी और उद्योगों तक ऊर्जा की पूरी वैश्विक शृंखला दबाव में आ गयी है. ईरान के ड्रोन हमले में कतर स्थित दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यात केंद्र को निशाना बनाये जाने के बाद वहां उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया गया है. जबकि भारत अपनी गैस आवश्यकताओं के एक बड़े हिस्से के लिए कतर के साथ दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंधों पर निर्भर है. भारत सालाना 2.7 करोड़ टन एलएनजी की आपूर्ति करता है, जिसका 40 फीसदी हिस्सा अकेले कतर से आता है. लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से देश की सबसे बड़ी आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड कतर में अपने जहाज नहीं भेज पा रही. कतर सहित अधिकांश पश्चिमी एशियाई देश इसी समुद्री मार्ग से तेल और गैस का निर्यात करते हैं. भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 50 प्रतिशत और एलएनजी का 54 प्रतिशत इसी रास्ते से होकर आता है. गैस आपूर्ति में कटौती से चिंतित एसोसिएशन ऑफ सीजीडी एंटिटिज (एसीइ) ने सरकारी गैस कंपनी गेल को पत्र लिखकर घरेलू गैस और एलएनजी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है. एसोसिएशन ने कहा है कि कम कीमत वाली गैस की आपूर्ति में 60 फीसदी की कमी आने और बाजार आधारित आपूर्ति के शून्य होने से सीएनजी और पीएनजी के वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. एसोसिएशन का कहना है कि कतर की सस्ती गैस के स्थान पर दोगुनी कीमत वाली 'स्पॉट एलएनजी' खरीदने से सीएनजी का मूल्य लाभ समाप्त हो जायेगा, जिससे ग्राहक स्थायी रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर सकते हैं. एसोसिएशन ने संकट की इस घड़ी में सरकार से स्पष्ट दिशानिर्देश और मार्गदर्शन मांगा है. फिलहाल गेल और आइओसी वैकल्पिक बाजारों से गैस खरीदने की कोशिश कर रही हैं, पर वहां कीमतें अनुबंध दर से लगभग दोगुनी तक पहुंच गयी हैं. देश के पास फिलहाल कच्चे तेल और ईंधन का छह से आठ सप्ताह का स्टॉक बताया जा रहा है, पर एलएनजी का स्टॉक इतना नहीं है, क्योंकि गैस का बड़े पैमाने पर स्टॉक करना मुश्किल होता है. हालांकि आश्वस्त करने वाली बात यह है कि सरकार दूसरे देशों से गैस आयात करने की कोशिश में लगी हुई है, और उम्मीद करनी चाहिए कि कतर से गैस की आपूर्ति फिलहाल प्रभावित होने का असर अपने यहां नहीं पड़ेगा. लेकिन गैस महंगी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.

**कतर के एलएनजी निर्यात केंद्र पर हमले से भारत में इसकी होने वाली आपूर्ति रुक गयी है. आश्वस्त करने वाली बात यह है कि सरकार गैस आयात के लिए दूसरे देशों से बातचीत कर रही है.**

# सहयोग के रास्ते पर भारत-कनाडा



**डॉ संजय भारद्वाज**
प्रोफेसर, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू
sbhardwaj@mail.jnu.ac.in

**डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति के कारण भारत और कनाडा नजदीक आये हैं. दोनों देश इस साल के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देंगे. दोनों 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं. परमाणु क्षेत्र में सहयोग और यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए दोनों ने 2.6 अरब डॉलर के एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किये. इसके तहत कनाडा भारत को दस साल तक यूरेनियम की आपूर्ति करेगा. दोनों देशों के बीच रक्षा व सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने पर भी सहमति बनी है.**

ईरान पर इस्राइल-अमेरिका के हमले के कारण पश्चिम एशिया में गहराते संकट के दौरान भारत और कनाडा के बीच हुए समझौते आपसी सहयोग और भरोसे के बारे में बताते हैं. ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की नीति दूसरे देशों को सचेत कर रही है. भारत और कनाडा की नजदीकी के पीछे भी यह अमेरिका रवैया काम कर रहा है. ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने के साथ कनाडा पर भी टैरिफ बढ़ाया. ऐसे में, दोनों देशों को साथ आने का अवसर मिला. अमेरिका के साथ संबंधों की अस्थिरता के कारण कनाडा अब अपनी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी में विविधता लाना चाहता है. कनाडा के निर्यातक अपने वस्तु निर्यात के लिए अमेरिकी बाजारों पर अत्यधिक निर्भर हैं. ऐसे में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी नये बाजार की तलाश कर अमेरिका पर कनाडा की आर्थिक निर्भरता कम करने के प्रयास में लगे हैं. भारत-कनाडा के हित आपस में मिलते भी हैं और अमेरिकी टैरिफ आक्रामकता के दौर में दोनों ने अपने व्यापार को विस्तार और विविधता देने के बारे में सोचा है. कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के प्रति कनाडा की नीति भी बदली है.

भारत और कनाडा के बीच संबंधों की गर्मजोशी के कई आयाम हैं. इनमें से एक आयाम व्यापारिक है. दोनों देश इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देंगे. दोनों 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं. परमाणु क्षेत्र में सहयोग और यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए दोनों देशों ने 2.6 अरब डॉलर के एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किये. इसके तहत कनाडा भारत को दस साल तक यूरेनियम की आपूर्ति करेगा. भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी के बीच वार्ता के बाद यह फैसला लिया गया. स्वच्छ ऊर्जा दरअसल दोनों देशों की प्राथमिकता है. यूरेनियम समझौते से भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए लंबे समय तक ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित होगी. भारत और कनाडा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स और एडवांस्ड रिएक्टर्स पर भी मिलकर काम करेंगे. महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में भी दोनों देशों ने कदम उठाये हैं. कनाडा की नवाचार क्षमता और भारत की विस्तार क्षमता को मिलाकर बैटरी और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है. प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, एआइ के क्षेत्र में स्टार्टअप्स के लिए एआइ इनोवेशन सैंडबॉक्स स्थापित किये जा सकते हैं. विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी-खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग-में कनाडा की तकनीक और भारत के पैमाने को जोड़कर वैश्विक मूल्य शृंखलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है. ऐसे ही, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में मेगा फूड पार्क, कोल्ड चेन और फूड टेस्टिंग लैब्स तेजी से विकसित हो रहे हैं. इसी तरह, कनाडा के पेंशन फंड भारत में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश कर चुके हैं. दोनों ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने पर भी सहमति जतायी है.

भारत-कनाडा सीइओ फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा जीवंत लोकतंत्र हैं, विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और साझा मूल्यों पर आधारित समाज हैं. लोकतंत्र, विविधता और विकास हमें स्वाभाविक साझेदार के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं. प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने कहा, 'यह केवल रिश्तों का नवीकरण नहीं है, बल्कि यह नयी महत्वाकांक्षा, ध्यान और दूरदर्शिता के साथ एक मूल्यवान साझेदारी का विस्तार है. यह दो आत्मविश्वासी देशों के बीच एक साझेदारी है, जो भविष्य के लिए अपना मार्ग स्वयं निर्धारित कर रहे हैं.' भारतीय समुदाय की बड़ी आबादी तो कनाडा में रहती ही है, अमेरिका द्वारा अपनी वीजा नीति सख्त किये जाने के बाद कनाडा भारतीय छात्रों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में भी उभर रहा है. प्रधानमंत्री कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि कनाडाई विश्वविद्यालय भारत में नयी टैलेंट पार्टनरशिप शुरू कर रहे हैं, जो छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगी और प्रशांत क्षेत्र के दोनों देशों के विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों को और मजबूत बनायेगी. इन समझौतों का उद्देश्य भारतीय और कनाडाई संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ाना और छात्रों को वैश्विक स्तर का अकादमिक एक्सपोजर देना है. इस पहल के तहत मैकगिल विश्वविद्यालय भारत में एआइ शिक्षा और शोध के लिए एक नया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा. इसके अतिरिक्त भारत और कनाडा के बीच रक्षा व सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने पर भी सहमति बनी है.

दोनों देश रक्षा उद्योगों, समुद्री क्षेत्र की जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे. भारत और कनाडा, दोनों आतंकवाद और उग्रवाद का सामना करते आ रहे हैं. लेकिन इस मामले में दोनों के बीच फर्क है. वह यह कि कनाडा लंबे समय से खालिस्तानी उग्रवादियों की शरणस्थली रहा है. पूर्व प्रधानमंत्री ट्रुडो अपने राजनीतिक लाभ के लिए खालिस्तानी तत्वों को प्रश्रय दिया करते थे. इसके अलावा, उनकी सरकार में भी भारत विरोधी सोच रखने वाले तत्व थे. सितंबर, 2023 में पूर्ववर्ती ट्रुडो सरकार द्वारा भारत पर यह आरोप लगाने से, कि भारतीय एजेंट खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल थे, दोतरफा संबंधों को करारा झटका लगा था. भारत ने उस आरोप को बेतुका और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए दृढ़ता के साथ खंडन किया था. कार्नी सरकार का रवैया इस मामले में पूर्ववर्ती ट्रुडो सरकार से भिन्न है. फरवरी में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की कनाडा यात्रा के माध्यम से आपसी सुरक्षा सहयोग को मजबूती देने का काम हुआ. अब कनाडा में पनाह लेने वाले अपराधियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में भी भारत सरकार काम कर रही है. कनाडा में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का जिक्र किये बगैर प्रधानमंत्री मोदी ने आपसी रक्षा संबंधों के बारे में कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौतियां हैं. इन चुनौतियों के खिलाफ हमारा घनिष्ठ सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है. भारत कनाडा और यूरोपीय संघ से संबंध मजबूत करने सहित कई विकल्पों पर काम कर रहा है. यह भारत के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में कारगर साबित होगा. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

# प्रबंधन कौशल में नाकाम साबित हो रही है कांग्रेस



**रशीद किदवई**
वरिष्ठ पत्रकार
rasheedkidwai@gmail.com

**मणिशंकर अय्यर का बार-बार बयान देकर कांग्रेस नेतृत्व को परेशानी में डालना और फिर कांग्रेस प्रवक्ताओं की यह सफाई, कि पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है, समझ से परे है. अगर पार्टी का किसी नेता से कोई संबंध नहीं है, तो फिर उसे या उसके बयानों का ढोने का क्या मतलब है?**

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस में कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा. पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से वंचित करने से कांग्रेस को जो बढ़त मिली थी, उसे उसने अपनी नादानियों से गंवा दिया है. पार्टी के बागी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में टालमटोल और मीडिया के साथ सामंजस्य न बनाना इसकी बड़ी वजहें हैं. असम में चुनाव होने वाले हैं और वहां कांग्रेस कठिन चुनाव में फंसी हुई है. इसी कारण उसने वहां चुनाव की कमान अघोषित तौर पर प्रियंका गांधी वाड्रा को सौंप रखी है. उन्हें स्क्रीनिंग कमेटी, यानी टिकटों की वितरण समिति का प्रमुख, डीके शिवकुमार तथा भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक और भंवर जितेंद्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है. यानी वहां प्रियंका की पूरी टीम जुटी हुई है. ऐसे में, वहां जो भी नतीजे आयेंगे, उसकी जिम्मेदारी प्रियंका के मत्थे आयेगी. अगर कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, तो यही कहा जायेगा कि उत्तर प्रदेश की तरह असम में भी प्रियंका विफल हो गयीं.

भाजपा के लिए असम का चुनाव सिर्फ सत्ता में वापसी तक सीमित नहीं है, उसके फोकस में प्रियंका को विफल साबित करना भी है. इस वजह से भाजपा वहां हरसंभव तरीके आजमा रही है. वह मतदाताओं के बीच यह संदेश भी देना चाहती है कि कांग्रेस में अफरातफरी का माहौल है. इसी के तहत मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कांग्रेस में सेंधमारी की हरसंभव कोशिशों में जुट गये हैं. यह बात समझ से परे है कि जब कांग्रेस का कोई नेता बागी तेवर दिखाने लगता है या उसके पाटी छोड़कर जाने का स्पष्ट संदेश मिल जाता है, तब भी उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती. असम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने 16 फरवरी को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. पर पार्टी आलाकमान ने इस्तीफा स्वीकार न कर उन्हें मनाने की कोशिश की. खुद राहुल गांधी ने उनसे फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया. पर बोरा के इस्तीफे के अगले ही दिन हिमंता उनके घर पहुंच गये और फिर यह तय हुआ कि बोरा 22 फरवरी को भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल होंगे. जब यह निश्चित हो गया था कि बोरा कांग्रेस में टिकने वाले नहीं हैं, तब भी पार्टी ने उन्हें निष्कासित क्यों नहीं किया? कांग्रेस केवल मूकदर्शक बनी रही. अगर उन्हें पहले ही निलंबित या निष्कासित कर दिया जाता, तो लोगों में यह संदेश जाता कि पार्टी ने उन्हें निकाल दिया और इसी कारण भाजपा का दामन थामना उनकी मजबूरी बन गया थी.

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिशंकर अय्यर की बयानबाजी से भी पार्टी नेतृत्व मुसीबत में है. कांग्रेस ने जो गलती बोरा के साथ की, क्या वही मणिशंकर अय्यर को लेकर नहीं कर रही? अय्यर बतौर कांग्रेस नेता बार-बार ऐसे बयान देते रहे हैं, जो भाजपा के लिए कांग्रेस पर हमला करने के हथियार बन जाते हैं. हाल ही में उन्होंने इंडिया गठबंधन के संयोजक पद के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नाम की पैरवी कर कांग्रेस व राहुल गांधी के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी. इस पर एआइसीसी के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अय्यर का पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है और वह जो कुछ कहते-लिखते हैं, वह उनका निजी विचार है. मणिशंकर अय्यर ने कोई पहली बार पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी नहीं की है. उनका बार-बार बयान देकर कांग्रेस नेतृत्व को परेशानी में डालना और फिर कांग्रेस प्रवक्ताओं का यह कहना, कि पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है, भी समझ से परे है. अगर पार्टी का किसी नेता से कोई संबंध नहीं है, तो फिर उसे या उसके बयानों को ढोने का क्या मतलब है? कांग्रेस नेतृत्व अपने ऐसे नेताओं पर कड़ी कार्रवाई करने का साहस क्यों नहीं कर पाती कि दूसरा कोई नेता इस तरह की बयानबाजी करने से पहले दो बार सोचे? किस बात को पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के तौर पर बढ़ावा देना है और किसे अनुशासनहीनता मानना है, इसमें कांग्रेस का नेतृत्व अंतर नहीं कर पा रहा है. कांग्रेस की इस पूरी विफलता की एक वजह मीडिया के साथ उसके सामंजस्य की कमी भी है. चुनाव के समय पार्टियों में भगदड़ मचना स्वाभाविक बात है. पर इससे संदेश यह जाता है कि कांग्रेस के खेमे में निराशा का माहौल है और उसके नेता इधर-उधर भाग रहे हैं. ऐसे में, मीडिया प्रबंधन बड़ा महत्वपूर्ण हो जाता है. राजनीति में नैरेटिव काफी मायने रखता है और इसमें मीडिया की अहम भूमिका होती है. लेकिन कांग्रेस मीडिया के किसी भी माध्यम के जरिये अपनी बात पूरी ताकत के साथ नहीं रख पा रही है.

एआइ इंपैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कमीज उतारकर विरोध करने के मसले को भाजपा ने मीडिया और सोशल मीडिया का सहारा लेकर जिस तरह देश के 'अपमान' के साथ जोड़ दिया, उस पर भी कांग्रेस को विचार करने की जरूरत है. इस मामले में भी कांग्रेस हाथ पर हाथ धरे बैठे रही. इस घटनाक्रम ने भी दिखाया है कि कांग्रेस का मीडिया मैनेजमेंट कितना लचर है कि वह अपने जायज लोकतांत्रिक अधिकारों की बात भी सही तरीके से नहीं रख पा रही. ऐसे में, दूसरे ज्वलंत मसलों पर अपने विचार कैसे आगे बढ़ा पायेगी, यह सोचने वाली बात है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

### देश दुनिया

## ईरान संकट के कारण बांग्लादेश के कपड़ा निर्माताओं की बढ़ी परेशानी

ईरान संकट के बढ़ने से बांग्लादेश के कपड़ा निर्यातकों को एक बार फिर लॉजिस्टिक्स संबंधी बड़ा झटका लगा है. इस संकट के चलते अब समुद्री मालवाहक कंपनियों और एयरलाइनों को परिचालन संबंधी प्रतिबंध लगाने पड़ रहे हैं. तीन मार्च को डेनमार्क की शिपिंग और लॉजिस्टिक्स कंपनी मर्स्क ने मध्य-पूर्व में बदलती स्थिति का हवाला देते हुए पुष्टि की कि उसने बांग्लादेश सहित भारतीय उपमहाद्वीप और ऊपरी खाड़ी के बाजारों के लिए सभी नयी बुकिंग तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं. यह निलंबन संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, इराक, कुवैत और सऊदी अरब के दम्माम और जुबैल पर लागू होता है. यह कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यह संकट अब न केवल जोखिम कवर को बढ़ा रहा है, बल्कि वाणिज्यिक माल प्रवाह को भी बाधित कर रहा है. इतना ही नहीं, ईरान द्वारा जहाजों को चेतावनी जारी करने और आसपास के क्षेत्र में कई जहाजों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते खतरों पर शिपिंग और बीमा बाजार भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार तक कम से कम 150 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास फंसे हुए थे, जबकि प्रमुख समुद्री बीमा कंपनियों ने खाड़ी के कुछ हिस्सों में पांच मार्च से युद्ध जोखिम कवर रद्द करने का कदम उठाया है. इससे लॉजिस्टिक्स लागत में भारी वृद्धि हो रही है. बांग्लादेश के निर्यातकों के लिए यह संकट दो तरह का है. पहला है खाड़ी देशों, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) भी शामिल है, के साथ सीधे व्यापार में व्यवधान उत्पन्न होना. यूएइ परिधानों के लिए एक उपभोक्ता बाजार और क्षेत्रीय वितरण केंद्र, दोनों के रूप में कार्य करता है. दूसरा है व्यापक नेटवर्क में व्यवधान होना. भले ही कोई शिपमेंट यूरोप या उत्तरी अमेरिका के लिए क्यों न हो, मालवाहक जहाजों के मार्ग परिवर्तन, ईंधन की बढ़ती लागत, आवाजाही में लगने वाले समय की अनिश्चितता आदि के कारण लागत बढ़ने की आशंका बनी हुई है.

The Daily Star

**-मोस्तफिज उद्दीन**

### बोधि वृक्ष

## आध्यात्मिक मार्ग और साहस

जब घर में आग लगी हो, तब आप कितने साहस के साथ घर में घुसकर सोये हुए बच्चे को उठा लाते हैं. ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक मार्ग में भी आपको बहुत साहसी होना चाहिए. आपको शरीर से जरा भी आसक्ति नहीं होनी चाहिए, तभी आप शीघ्र आत्म साक्षात्कार कर सकते हैं. कायर लोग आध्यात्मिक मार्ग के लिए सर्वथा अयोग्य हैं. यदि किसी बड़े वृक्ष के ऊपर आम लगे हों, तो आप एक ही छलांग लगाकर उसे नहीं तोड़ पाते. आप वृक्ष पर धीरे-धीरे चढ़ते हैं. ठीक उसी प्रकार, आप एक ही छलांग में आध्यात्मिक साधना के शीर्ष पर नहीं चढ़ सकते. आपको सावधानीपूर्वक हर सीढ़ी पर कदम रखना होगा. आपको यम-नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा और ध्यान का अभ्यास करना होगा. तभी आप योग की सबसे ऊंची सीढ़ी-समाधि- को प्राप्त कर सकते हैं. यदि आप वेदांत के साधक हैं, तो आप पहले साधन चतुष्टय से संपन्न हो लीजिए, तब आपको श्रवण-मनन और ध्यान करना होगा. तभी आप ब्रह्म साक्षात्कार कर सकेंगे.



यदि आप भक्तियोग के साधक हैं, तो आपको भक्ति श्रवण, कीर्तन, स्मरण, अर्चन, वंदन आदि का अभ्यास करना होगा. तभी आप पराभक्ति की अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं. यह मन हमेशा पांच प्रकार के विषयों के उपभोग के लिए दौड़ता है. उसके सिर पर थोड़ी थपकी लगाइए, उसमें धीरे-धीरे जप और ध्यान के अभ्यास से आध्यात्मिक सुख के आस्वादन की आदत डालिए. जीवन मुक्त व्यक्ति, जो कुछ भी कहते हैं, उनकी छाप आपके मन पर अमिट रहती है. उनके सामीप्य में आप विशिष्ट आनंद और शांति का अनुभव करेंगे, सारी शंकाएं दूर हो जायेंगी. साधारण कागज के टुकड़े का कोई मूल्य नहीं. आप इसे फेंक देते हैं. परंतु जब वह मुद्रा के रूप में होती है, तो आप उसे अपनी थैली में संभालकर रखते हैं. ठीक उसी प्रकार, पत्थर के साधारण टुकड़े का कोई मूल्य नहीं है, पर यदि आप किसी मंदिर में भगवान कृष्ण की प्रस्तर मूर्ति को देखते हैं, तो आप सिर झुका कर पूजा करते हैं, क्योंकि उसमें भगवान की मुहर लगी है. **-स्वामी चिदानंद सरस्वती**

### कुछ अलग

## असली बुद्धि के आराम के दिन

**संतोष उत्सुक**
व्यंग्यकार
santoshutsuk@gmail.com




नैसर्गिक बुद्धि के आराम के दिन आ गये हैं. ऐसे अच्छे दिन पहले आ गये होते, तो कई तरह की बचत हो जाती. यह तो सम्मान की बात है कि प्रदूषण कम करने के लिए नयी बुद्धि, नये रास्ते खोज रही है. कृत्रिम बुद्धि, नयी बुद्धि ही तो है. अब यह सवाल खिल उठा है कि जब प्राचीन बुद्धि, प्रदूषण को उचित तरीके से निपटाने में फेल हो गयी, तो नकली क्या करेगी. हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट आर्टिस्ट की तरह महसूस करवाये और एयर क्वालिटी इंटेलिजेंस और प्रदूषण नियंत्रण के समाधानों को लागू करवा दे. असली नैसर्गिक इंसानी बुद्धि को अपने ही फैलाये प्रदूषण से परेशान होते जमाना हो गया. दूसरा कोई सामाजिक चारा नहीं बचा जिसे खाकर नया ज्ञान प्राप्त किया जाये. अब इस संभावना को स्वीकार करना ही होगा कि कृत्रिम बुद्धि, असली प्रदूषण को काबू में कर लेगी.

अधिकांश बुद्धिजीवियों, अबुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, असमाजसेवियों, राजनीतिक नेताओं, राजनीतिक अभिनेताओं, पर्यावरण विद्वानों और पर्यावरण चर्चा और खर्चा से सामाजिक महत्व प्राप्त करने वाले महानुभाव अब समझने लगे हैं कि इंसानी दिमाग में पकाये तौर-तरीके, उपाय, सख्त अनुशासन, ईमानदार और पारदर्शी प्रयास आदि सब बुरी तरह थक कर, आराम घर में घुस गये हैं. ऐसे में नये प्रयास सफल करने के लिए नकली बुद्धि का ही सहारा लेना पड़ेगा. अब उसके परिणामों और लाभों का मजा लेने का मौसम आया है. जिंदगी में तो कब से दर्जनों नकली चीजों की बहार है. इसलिए भी मान सकते हैं कि नकली बुद्धि, असली से बेहतर काम करेगी. प्रदूषण का रियल टाइम डाटा उपलब्ध करायेगी. स्रोतों की सटीक पहचान करेगी. इसके बाद लक्ष्य आधारित तथा समयबद्ध कार्रवाई सुझायी जा सकेगी.

यह तो हमारी स्थापित परंपरा है कि नये प्रयोगों को आत्मसात किया जाये. अब उसी के तहत नकली बुद्धि असली बुद्धि आधारित मॉडल से पूछेगी कि नगर निगम, प्रशासन, प्रवर्तन एजेंसियां, तकनीकी संस्थान और इंसान ने नैसर्गिक बुद्धि का प्रयोग कर, उचित प्लेटफॉर्म पर काम का अभिनय और वास्तविक अमल कितना किया. दिलचस्प है, कृत्रिम बुद्धि सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी तय करेगी और सदियों से इंसानी दिमाग में रह रही अक्ल उसे आदेश मानकर, संभवतः कार्रवाई भी करेगी. अलग-अलग मोर्चों पर कार्रवाई करना वास्तव में मुश्किल होता है. इसलिए अब एक साथ, बहुत अधिक असली प्रभाव पैदा करने वाली सख्त, कृत्रिम कार्रवाई की जा रही है. प्रदूषण फैलाने वाले असली, चालाक और स्वार्थी बुद्धि वालों की नींद उड़ गयी है. जो भी हो, पर अभी तो असली बुद्धि के आराम के दिन शुरू हुए हैं.

### आपके पत्र

**सोच-समझकर खर्च करना जरूरी**

आजकल बड़ी संख्या में लोग डिजिटल पेमेंट के जरिये भुगतान करने लगे हैं. इससे जरूरत से ज्यादा खर्च होता है. जब हम नकद में भुगतान करते हैं, तो हमें पता होता है कि हमने कितना खर्च किया है. नकद हम सोच-समझकर खर्च करते हैं, क्योंकि हमारे पास जितना नकद होता है, हमें उतने में ही खरीदारी करनी होती है. क्रेडिट कार्ड से भी लोग बड़े पैमाने पर खरीदारी करने लगे हैं. इससे हम पर कर्ज का बोझ बना रहता है. खर्च करते समय हमें अपनी जेब का ध्यान रखना चाहिए.

**जियाधर मंडल**, देवघर

**विवाह दो दिलों का पवित्र बंधन है**

भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो दिलों का पवित्र बंधन माना जाता है. यह संबंध प्रेम, विश्वास, समझ पर टिका होता है. पर विवाह के इस पवित्र बंधन का आधार धीरे-धीरे भावनाओं से हटकर आर्थिक स्थिरता पर केंद्रित होता जा रहा है. आज अनेक परिवारों में यह धारणा बन गयी है कि सरकारी नौकरी है, तो लड़का योग्य है. यह सोच संकीर्ण है. सरकारी नौकरी स्थिर आय का माध्यम जरूर है, पर यह किसी व्यक्ति की योग्यता या अच्छे जीवनसाथी होने की गारंटी नहीं है.

**संदीप भोक्ता**, सारठ

**पोस्ट करें :** प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001 ■ **फैक्स करें :** 0651-2544006 ■ **मेल करें :** eletter@prabhatkhabar.in पर ■ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

## चिंतन

# नीतीश की नई पारी, बिहार में बदलाव का आगाज

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में जाने से बिहार में भी बदलाव का आगाज होगा। गुरुवार को उन्होंने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यह केवल एक पद परिवर्तन भर नहीं होगा, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत भी हो सकता है। खास तौर पर यह बदलाव उनकी राजनीतिक विरासत और राज्य की सत्ता संरचना दोनों को प्रभावित करने वाला होगा। उनके राज्यसभा में जाने से बिहार में उनके उत्तराधिकारी को लेकर भी नई तस्वीर सामने आ सकती है। राजनीतिक हलकों में यह कयास लगाया जा रहा है कि उनके पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। माना जा रहा है कि यह उनके सार्वजनिक राजनीतिक जीवन की औपचारिक शुरुआत होगी। कई विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे वे धीरे-धीरे प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव हासिल कर सकें। यह संभावना बिहार की राजनीति में इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि नीतीश कुमार ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति का विरोध किया है। विशेष रूप से उन्होंने कई मौकों पर राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेतृत्व पर परिवारवाद के आरोप लगाए हैं। ऐसे में यदि उनके बेटे की राजनीति में एंट्री होती है तो यह स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बनेगा। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप होती है, तो इसे सीधे तौर पर पारंपरिक परिवारवाद की श्रेणी में रखना भी आसान नहीं होगा। नीतीश की राजनीतिक यात्रा भी अपने आप में काफी दिलचस्प रही है। वे उस पीढ़ी से आते हैं जिसने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से प्रेरणा लेकर राजनीति में कदम रखा था। उस दौर की राजनीति का मुख्य आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और प्रशासनिक शुचिता था। नीतीश ने भी लंबे समय तक खुद को इसी छवि के साथ स्थापित करने का प्रयास किया। उम्र बढ़ने के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का दबाव और लगातार सक्रिय राजनीति में बने रहने की कठिनाई भी एक बड़ा कारक बन जाता है। यही वजह है कि यदि नीतीश केंद्र की राजनीति की ओर रुख कर रहे हैं तो इसे उनके राजनीतिक अनुभव का राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। साथ ही यह निर्णय उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक संतुलन, दोनों के लिहाज से व्यावहारिक माना जा सकता है। दूसरी ओर, बिहार की सत्ता व्यवस्था में भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। अब मुख्यमंत्री पद को लेकर भी नए समीकरण बन सकते हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा की भूमिका काफी अहम हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा राजनीतिक गठबंधन में उसकी स्थिति मजबूत है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में बिहार का मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है, जबकि जदयू के हिस्से में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी आ सकती है। हालांकि इस संभावित बदलाव के साथ चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। जनता दल (यू) के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच भावनात्मक स्तर पर एक खालीपन महसूस किया जा सकता है, क्योंकि नीतीश कुमार लंबे समय से पार्टी और सरकार दोनों के केंद्रीय चेहरे रहे हैं। उनके बिना पार्टी को अपनी पहचान और संगठनात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।



त्रासदी
मनोज कुमार अग्रवाल

# युद्ध, अशांति, अराजकता के दौर में दुनिया

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बता दें कि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और अब अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए, अमेरिका-इजराइल के हमले में मारी गईं 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है। यह भी विडंबना है कि युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध की कीमत आम जनता चुकाती है।

आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है। विश्व भर में जारी कुछ अन्य युद्धों का सिलसिला जारी है। आपको बता दें कि 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है।

21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए। उन्होंने कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं। उधर इथोपिया में 2020 में



तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है। म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। 24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है।

इस युद्ध में अंतरराष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं। 7 अक्तूबर, 2023 को इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इजराइल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इजराइली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है। इसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है।

इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है। इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं। उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। कुल मिलाकर आज विभिन्न देशों के नेताओं की सत्ता की भूख और निजी स्वार्थों के कारण दुनिया 'बारूद के ढेर' पर बैठी नजर आ रही है।

युद्ध की विभीषिका हमें यह सिखाती है कि हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती। मानवता का वास्तविक विकास शांति, सहयोग और पारस्परिक सहयोग में ही निहित है। यदि विश्व समुदाय ने इतिहास से सबक नहीं लिया, भविष्य और भी भयावह हो सकता है। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

> विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
श्वेता गोयल



# छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित
**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

-रूहिश, रोहतक

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।
- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?
- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## करंट अफेयर

# युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



**यरुशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल'' की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## ऑफ बीट

# अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण



**न्यूयॉर्क/सिएटल।** अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**कल्पमेधा**

*मनुष्य समाज का कल्याण युद्ध से नहीं, शांति से है। मनुष्य की विजय न रूप से है, न ज्ञान से, न शौर्य से। वह उसके सत्य से है।*
– रांगेय राघव

# युद्ध का दायरा

इस बात की आशंका पहले से ही थी कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी फैलेगा और इससे वैसे देश भी प्रभावित होंगे, जो इस जंग में भागीदार नहीं हैं। दोनों पक्षों के बीच घातक हथियारों के जरिए जारी हमले युद्ध के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं, तो इसके समांतर अब ऐसे फैसले भी सामने आने लगे हैं, जो अगर लंबे समय तक टिके, तो इससे दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों के जरिए सैन्य हमलों का मोर्चा खोला हुआ है। मगर एक बड़े रणनीतिक फैसले के तहत उसने अपने प्रभाव क्षेत्र में आने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को जिस तरह बंद कर दिया है, अगर जल्द ही उसे खोलने के लिए ठोस प्रयास नहीं हुए, तो कई देशों के सामने ऊर्जा का संकट गहरा सकता है। होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।

स्वाभाविक ही इस बात की आशंका अभी से जताई जाने लगी है कि अगर संकट गहराया, तो कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं और इसके बाद हवाई किराए, माल ढुलाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में बदलाव करना एक मजबूरी की नीति बन सकती है। यानी होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बाधित होने का व्यापक और बहुस्तरीय असर पड़ सकता है। फिलहाल ईरान ने इस रास्ते से सिर्फ चीन को आवाजाही की अनुमति दी है और कहा है कि अन्य देशों के जहाजों, खासतौर पर इजराइल और अमेरिका के समर्थक देशों के टैंकरों को रास्ता नहीं दिया जाएगा। अंदाजा लगाया जा सकता है कि तेल और ऊर्जा के लिए जिन देशों की होमुर्ज जलडमरूमध्य के रास्ते पर निर्भरता है, वहां ईरान के इस फैसले का क्या प्रभाव पड़ सकता है। निश्चित तौर पर भारत पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा और अभी से इसका हल खोजने की कोशिश शुरू हो गई है, लेकिन जिस रास्ते से भारत अपने चालीस फीसद तेल की आपूर्ति पूरी करता है, उसमें तुरंत इसका नया विकल्प निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी होगी।

होर्मुज जलडमरूमध्य को एक संकरे समुद्री रास्ते से ज्यादा आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'धड़कती नस' और ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसके बाधित होने पर कई देश इसके असर की जद में आएंगे। भारत के पास फिलहाल छह से आठ हफ्ते का तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और इस बीच अगर होर्मुज का रास्ता खोलने के प्रयास सफल नहीं हुए, तो ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस से भी तेल खरीदने की कोशिश हो सकती है। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी हुई तो भारत के आयात खर्च में बड़ा इजाफा हो सकता है और इसके समांतर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर गंभीर असर पड़ेगा। यह समझना मुश्किल नहीं है कि तेल या ऊर्जा के लिए होर्मुज के रास्ते पर निर्भर अन्य देश ईरान के फैसले से किस स्तर तक प्रभावित होंगे। ऐसे में समूचे पश्चिम एशिया में फैल चुके युद्ध को रोकने और तनाव को कम करने के उद्देश्य से इसमें शामिल पक्षों के साथ बिना देरी किए बातचीत की गुंजाइश निकालना सबसे जरूरी और प्राथमिक होना चाहिए।

# स्त्री की सेहत

दुनियाभर में महिलाओं के सामने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। इसमें एक बड़ा खतरा गर्भाशय और स्तन कैंसर के रूप में देखा जा रहा है। बीते तीन दशकों में स्तन कैंसर के मामलों में जिस तरह तेज बढ़ोतरी हुई है, वह बेहद चिंताजनक है। इस संबंध में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के 'इंस्टीट्यूट फार हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवेल्यूशन' का जो अध्ययन सामने आया है, वह भयावह तस्वीर सामने रखता है। अध्ययन के मुताबिक, भारत में वर्ष 2023 में कैंसर के दो लाख से अधिक मामले सामने आए। गौरतलब है कि वर्ष 1990 के मुकाबले यह 477 फीसद अधिक है। इससे प्रभावित होने वालों में से एक लाख से अधिक मौत हो गई। इस रोग में इतनी तेज बढ़ोतरी की स्थिति क्यों पैदा हुई, इसे समझने की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि स्तन कैंसर किसी भी महिला के लिए एक दुस्वप्न की तरह है। इसका उन पर शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक स्तर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। सवाल है कि स्तन कैंसर की रोकथाम के लिए देश भर में समय-समय पर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान की पहुंच जमीनी स्तर पर लोगों तक क्यों नहीं है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है!

आमतौर पर निम्न और निम्न मध्य आय वाले देशों की महिलाएं ही इसकी चपेट में आ रही है। जबकि उच्च आय वाले देशों में तस्वीर इससे अलग है। भारत में वर्ष 1990 से लेकर वर्ष 2023 के बीच में स्तन कैंसर के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी को अब इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है कि आमतौर पर निम्न आय वर्ग की ही नहीं, सामान्य घरों की महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं। वे चिकित्सकों के पास जाने से हिचकिचाती हैं। समुचित चिकित्सा सुविधा देर से मिलने के कारण कई महिलाएं कैंसर के अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती हैं। ऐसी परिस्थिति में उनकी जान बचाने की कोशिशें नाकाम हो जाती हैं। इस लिहाज से देखें, तो स्तन कैंसर पर नियंत्रण के लिए कई स्तरों पर काम करने की जरूरत है। खासतौर पर इस चुनौती से निपटने के लिए इससे संबंधित जरूरी सावधानी बरतने के साथ-साथ समय पर जांच और इलाज कराने के लिए महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना होगा।

# सहयोग और समन्वय का लोकतंत्र

**देश के नागरिकों की अपेक्षा होती है कि नीति निर्माण की सर्वोच्च संस्था, यानी संसद में संवाद और गरिमा के अनुकरणीय स्तर देखने को मिलेंगे। ऐसे में जन प्रतिनिधियों को यह ध्यान रखना जरूरी है कि नई पीढ़ी उनके आचार-विचार-व्यवहार का अनुसरण भी करना चाहेगी।**

**जगमोहन सिंह राजपूत**

देश की संसद जनता की आकांक्षाओं की वह अभिव्यक्ति है, जो चयनित प्रतिनिधियों में पूर्ण विश्वास प्रकट कर निर्मित की गई है। इसके उत्तरदायित्व में मुख्य रूप से देश के विकास, सुरक्षा और आमजन के कल्याण के लिए नीति निर्माण एवं योजनाएं बनाना है। तकनीकी तरक्की के साथ अब संसद की सारी कार्यवाही सीधे हर घर तक पहुंचती है। अपेक्षा यही की जाती है कि संसद की बैठकों में संवाद और गरिमा के अनुकरणीय स्तर देखने को मिलेंगे। साथ ही इसमें संवेदनशील पारस्परिकता, समय के महत्त्व, जिम्मेदारी का बोध और अध्ययनशीलता जैसे प्रेरक तथा विश्वास उत्पन्न करने वाले तत्त्वों के समावेश की उम्मीद भी की जाती है। संसद के दोनों सदनों में जन प्रतिनिधियों को यह ध्यान रखना होता है कि देश की नई पीढ़ी उनके हर कार्यकलाप, आचार-विचार-व्यवहार को न केवल देखने और महसूस करने में रुचि रखती है, बल्कि उसका अनुसरण भी करना चाहेगी।

स्वतंत्रता के बाद कई वर्षों तक संसद की कार्यवाही सामान्य जन आज की तरह देख तो नहीं सकते थे, लेकिन तब समाचार पत्रों में उससे संबंधित खबरों को तन्मयता से पढ़ा जाता था और उस पर लोग आपस में चर्चा भी करते थे कि संसद देश के भविष्य का निर्माण कर रही है। उस समय काफी हद तक वह सब मिलता था, जो जनता द्वारा चयनित कुशल, सभ्य, संयमित और जवाबदेह प्रतिनिधियों की शिखर संस्था से अपेक्षित होता था। तब देश के हर गांव, कस्बे और शहर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी घटनाओं की चर्चा होती थी, आजादी पाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों को सम्मान पूर्वक एवं गर्व से याद किया जाता था। मगर देश के वे वरिष्ठजन, जो आज भी संसद की कार्यवाही में रुचि लेते हैं, उसका प्रसारण देखते हैं, उन्हें अब निराशा ही होती होगी। महात्मा गांधी की चर्चा अब कम ही होती है। उन्होंने तत्कालीन संदर्भ में कहा था कि कार्य करने के बाद प्राप्त किए गए अनुभव के बिना दिया गया वक्तव्य परिष्कार और शालीनता से रहित होगा! इसका अनुभव अब सामान्यजन को लगातार हो रहा है। उनकी अपेक्षाएं अब निराशा में तब्दील होती जा रही हैं। विकास के जो प्रयास हो रहे हैं, उनमें सर्वजन कल्याण की भावना के बजाय चयनात्मक सोच की झलक देखने को मिलती है।

भारत में भी इसकी अपेक्षा थी कि विपक्ष और विशेषकर सत्ता से जनता द्वारा हटाए गए राजनीतिक दल भी लोकतंत्र की मूल भावना के अनुसार जनसेवा तथा जनसंपर्क पर अधिक ध्यान देंगे: सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछेंगे, उनकी कमियां निकालेंगे और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। मगर इस मूल भावना की कमी साफ देखने को मिल रही है। यह सही है कि विपक्ष के अधिकांश राजनीतिक दलों के पास जनता का विश्वास पुनः प्राप्त करने की कोई ठोस रूपरेखा उपलब्ध नहीं है, उनमें शामिल युवा और वरिष्ठ राजनेता भी अपने लिए कोई संभावनाएं नहीं देख पा रहे हैं। हताशा के इस माहौल में राष्ट्र और नई पीढ़ी के प्रति उत्तरदायित्व का बोध भी कम हो रहा है। संभवतः वे इस सिद्धांत को भी भूल गए हैं कि सत्ता में वापस आने का



रास्ता जनता के दिलों में स्वीकार्यता से होकर गुजरता है और उसे आरोप-प्रत्यारोप के जरिए तलाशने का प्रयास निरर्थक है।

देखा जाए तो जन सामान्य की चर्चाओं में केवल विपक्ष की ही आलोचना होती हो, ऐसा भी नहीं है। आज देश का आम नागरिक

> **जन सामान्य की चर्चा में केवल विपक्ष की ही आलोचना होती हो, ऐसा नहीं है। आज देश का आम नागरिक जागरूक है, वह स्थिति का विश्लेषण अत्यंत समझदारी और तुलनात्मक से करता है तथा जो इसको समझ सकता है, वही अपने कार्यकलापों में अपेक्षित एवं आवश्यक बदलाव ला सकता है। लोकतंत्र के मूलभाव का आधार जिस शाब्दिक संकल्पना में निहित है वह है संवाद। हर समस्या और वाद-विवाद का समाधान संवाद से ही निकलता है। जनहित के संकल्प संवाद की सार्थकता में ही समाए होते हैं। आज के समय में देश का सियासी वातावरण इस तरह का हो गया है कि लगता है राजनीतिक दल इन सभी पक्षों को भूलते जा रहे हैं।**

जागरूक है, वह स्थिति का विश्लेषण अत्यंत समझदारी और तुलनात्मक रूप से करता है तथा जो इसको समझ सकता है, वही अपने कार्यकलापों में अपेक्षित एवं आवश्यक बदलाव ला सकता है। लोकतंत्र, जनतंत्र या गणतंत्र, मूलभाव को समझने के लिए इनमें से कोई भी विकल्प चुना जाए, उसका आधार जिस शाब्दिक संकल्पना में निहित मिलेगा वह है- संवाद। हर समस्या और वाद-विवाद का समाधान संवाद से ही निकलता है। जनहित के संकल्प संवाद की सार्थकता में ही निहित हैं। इस समय देश का राजनीतिक वातावरण इस तरह का हो गया है कि लगता है सियासी दल और राजनेता इस पक्ष को भूलते जा रहे हैं। देश के राजनीतिक क्षितिज पर यह शब्द लगभग खो गया है, या यों कहें कि कुछ ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं कि सभ्य समाज की आधारभूत संकल्पना 'चर्चा-परिचर्चा' की कोई संभावना ही ना बचे!

अब यह बात भी छिपी नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रगति और साख में जो बढ़ोतरी हुई है, वह कई बड़े देशों की आंख की किरकिरी बन गई है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान जैसे प्रदेशों में किसी भी गांव और कस्बे में जाकर देखा जा सकता है कि वहां सरकारी तंत्र से जुड़ा रहा सम्मानित लोगों का वर्ग एक ही है। पक्ष या विपक्ष में होना एक-दूसरे के प्रति व्यक्तिगत सम्मान तथा सौहार्द में कोई कमी लाए, यह तो सामान्य अपेक्षा हो ही नहीं सकती है। वरिष्ठ राजनीतिक नेतृत्व को पक्ष-विपक्ष के भेदभाव को भूलकर विद्वत वर्ग और विशेषज्ञों की राय लेकर जनहित में संवादहीनता की इस घुटन से देश को मुक्त करने का हर संभव प्रयास करना होगा।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद स्वतंत्र हुए देशों में शामिल भारत में लोकतंत्र के स्थापित होने और उसके आगे बढ़ने को वैश्विक स्तर पर सम्मान से देखा जाता रहा है। आपातकाल को छोड़कर भारत में व्यक्तिगत हित साधने के लिए संविधान के प्रावधानों का दुरुपयोग करने जैसे अवसर पुनः नहीं आए। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश ने एकजुट होकर लोकतंत्र को पुनः स्थापित कर दिया। यह भी याद रखना होगा कि देश के सुरक्षा बलों ने संविधान की उस आत्मा का अक्षरशः सम्मान किया है कि सर्वोच्च संस्था तो 'हम, भारत के लोग' में ही निहित है। देश को सुरक्षित रखने के दायित्व का अत्यंत गरिमामय ढंग से पालन हुआ है। देश के सुरक्षा बल किसी भी प्रकार की राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा से हमेशा दूर रहे हैं। सकारात्मकता की इस स्थिति के निर्मित होने में देश की ज्ञानार्जन परंपरा, दर्शन, वैचारिकता और वैश्विकता की संस्कृति का अहम योगदान रहा है।

राजनीति में पक्ष और विपक्ष की सीमाओं से मुक्त हर भारतीय नागरिक यह गर्व से स्वीकार करता रहा है कि स्वतंत्र भारत राजनीतिक परिपक्वता का परिचय देता रहा है। इसी कारण इक्कसवीं सदी में भारत की विश्व स्तर पर मान्यता और साख तेजी से बढ़ी है। इसमें हमारे युवाओं और उनको तैयार करने वाली संस्थाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मगर पिछले कुछ समय से जो सियासी माहौल बना है, उसमें जनहित के बजाय दलगत राजनीति के निहित स्वार्थ ज्यादा दिखते हैं। स्वतंत्र भारत में प्रारंभ से ही विकास के कार्यों में दूरदृष्टि-पूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जो अच्छा कार्य करते हैं, उनसे ही यह अधिकार पूर्वक पूछा जाता है कि वे और अधिक अच्छा क्यों नहीं कर पा रहे हैं। यह आलोचना नहीं, बल्कि प्रेरणा और इच्छाशक्ति को मजबूती देता है। राजनीतिक दलों की अपनी विचारधारा जो भी हो, वे पक्ष में हों या विपक्ष में, उन्हें देश की प्रगति में आपसी सहयोग और सद्भाव के रास्ते लगातार तलाशते रहना होगा।

# सीखने का मैदान

## दुनिया मेरे आगे

**विप्रम**

खेलों से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं, पर सीखते नहीं। न ही कभी कोशिश करते हैं। शायद इसीलिए हम अपने बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित नहीं करते, बल्कि खेल के समय में कटौती कर उन्हें पढ़ने पर जोर देते हैं। मानो हम खेलों की अनदेखी कर रहे हों। जबकि पढ़ाई का अपना महत्त्व होता है, तो खेलों की अपनी अहमियत है। खेलों से हम अनुशासन ही नहीं, भाईचारा यानी सौहार्द भी सीखते हैं। खेलों की दुनिया में कोई भी किसी खास धार्मिक पहचान में कैद नहीं होता। सब सूरत से और सीरत से भी सिर्फ खिलाड़ी होते हैं। जाति-धर्म, भाषा-रंग और देश-प्रदेश सब भूल कर जब ये खेल के परिधान में आते हैं, तो एक ही रंग में हो जाते हैं। जीत की तरंग में जिस झंडे के तले खेल रहे होते हैं, उसकी शान में पूरी जान लगा देते हैं।

समानता का उदाहरण बताने के लिए यह पर्याप्त होगा कि गली-मोहल्ले में क्रिकेट खेली जा रही हो या फुटबाल या कोई अन्य खेल, वहां खिलाड़ियों के लिए पानी से भरी एक बाल्टी होती है और उसमें रखा होता है एक गिलास, एक-एक कर खिलाड़ी अपनी प्यास बुझाता है, बिना किसी भेदभाव के। पानी का एक गिलास या एकता का पाठ पढ़ाया करता है। संघर्ष कर रहे खिलाड़ियों के लिए वहां पानी राहत का काम करता है, तो जीत की ओर बढ़ रहे खिलाड़ियों को धैर्य का संदेश देता है। फिर भी न जाने क्यों, हम कुछ नहीं सीखते!

देखा जाए तो खेलों से हिम्मत आती है, साहस का संचार होता है। और तो और, एक जिद पनपती है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्ति या एक जुनून कह सकते हैं। बेरुखी में दीवानापन का नाम भी दे दिया जाता है। इसकी वजह भी है कि खेलने पर जब हम आते हैं, तो खेलते ही चले जाते हैं। न रात देखते हैं, न दिन। भूखे-प्यासे खेलने में इतने मस्त कि न धूप की चिंता, न बारिश का भय। बिल्कुल बेपरवाह। बचपन में बच्चे खेलते तो अपनी उम्र के हिसाब से ही हैं, पर हंसी इसलिए आती है इन पर कि इनके खेल निराले होते हैं... बचपने भरे। कभी घर-घर खेलते हैं, तो कभी डाक्टर-डाक्टर या छुप्पम-छुपाई जैसे अनेक खेल। खुल कर खेला करते हैं बच्चे। बीच-बीच में खेलते हुए लड़ते हैं, तो लड़ते हुए खेलते हैं। यानी कभी कुट्टी करते हैं, फिर तुरंत ही रजामंदी की पुच्ची भी कर लेते हैं। यही आगे चल कर जीवन-शैली बना ली जाए, तो कहने क्या?

असल में बचपन की लड़ाई थोड़ी देर के लिए होती है। प्रमुख होता है खेलना... खेलते रहना। एक पार्क में कुछ बच्चे आपस में खेल रहे थे। एक बच्चे ने दूसरे को धक्का दे दिया। धक्के से वह बच्चा गिर गया और रोने लगा। धक्का देने वाला बच्चा उसे देख खुद भी रोने लगा। इसे देखा-देखी के असर में रोना कहना उचित नहीं। असल में धक्का देने वाला वह बच्चा जानता है कि उसे इसकी सजा मिल सकती है। इससे बचने की सोची-समझी तरकीब भी समझी जा सकती है। यह भी संभव है कि गिरने वाले बच्चे को रोते देख उसके भीतर डर पैदा हो गया हो और वह भी रोने लगा। वैसे गिराना-उठाना खेलों का हिस्सा होते हैं। खेल ही सिखाते हैं दम से खेलो, जम के खेलो।

खेलों से रणनीति ही नहीं, कूटनीति भी सीखना चाहिए। क्रिकेट, हाकी, फुटबाल, बाक्सिंग आदि खेलों में सिखाया जाता है कि आगे बढ़ कर खेलो। पहले खुद पहल करो, ताकि विपक्ष के खिलाड़ी बचाव करें। क्रिकेट के विशेषज्ञ कहते हैं कि गेंद को बाहर ही मारो, घर में घुसने न दो। कहने का तात्पर्य यह कि बल्लेबाज को 'फ्रंटफुट', यानी आगे बढ़ कर बल्लेबाजी करनी चाहिए। पीछे जाकर 'बैकफुट' खेलने से कोई फिरकी गेंद विकेट गिरा सकती है। ऐसे ही हाकी या फुटबाल जैसे खेलों में पीछे हट कर खेलने से 'सेल्फ गोल' हो जाया करते हैं। इसलिए खेलों में आक्रामक खेलना उच्च कोटि की कूटनीति मानी जाती है।

> **बच्चे स्कूल से कालेज जाने लगते हैं, तो वे खेलों से संघर्ष करना ही नहीं, बल्कि सौहार्दपूर्ण मुकाबला करना सहज ही सीख लेते हैं। आमतौर पर खेलने से पहले और खेल के बाद कोई हारे या कोई जीते, पर रेफरी या अंपायर खिलाड़ियों के आपस में हाथ मिलवाते हैं।**

जैसे-जैसे बच्चों की उम्र बढ़ती है, बच्चे स्कूल से कालेज जाने लगते हैं, तो वे खेलों से संघर्ष करना ही नहीं, बल्कि सौहार्दपूर्ण मुकाबला करना सहज ही सीख लेते हैं। आमतौर पर खेलने से पहले और खेल के बाद कोई हारे या कोई जीते, पर रेफरी या अंपायर खिलाड़ियों के आपस में हाथ मिलवाते हैं। दर्शकों का इनसे यथा आदर-अभिवादन भी करवाते हैं। यह एक अच्छा और स्वच्छ तरीका होता है मन के खुले भाव प्रदर्शित करने का। खेलते वक्त जीतने की लालसा में खिलाड़ी खेल के नियम-कायदे भुलाकर लड़ते-झगड़ते भी देखे जाते हैं। फिर भी सबसे प्रमुख यह कि रेफरी, जज या अंपायर, जो भी अंतिम निर्णय देते हैं, वह खेल-भावना के तहत सभी को स्वीकार्य होते हैं।

चूंकि खेल एक जरूरत है, इसलिए देखकर खेलना या खेलकर देखना चाहिए, पर खेल सदा चलते रहने चाहिए। सही और उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए खेलों की महती भूमिका होती है। मौसम और वातावरण के अनुरूप दुनिया में खेल खेले जाते हैं। हाकी, क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन, बालीबाल आदि प्रमुख खेल हैं। हालांकि मुख्य रूप से दो खेलों को प्रचार मिलता है- क्रिकेट या फुटबाल। क्रिकेट कुछ महंगा खेल है। इसमें हर खिलाड़ी को बैट, पैड, जूते, दस्ताने, हेलमेट आदि महंगी चीजों की जरूरत पड़ती है, जबकि फुटबाल आम लोगों के लिए होती है। केवल फुटबाल वाले जूते पहन के खेला जाए या नंगे पांव। बस खेल-भावना बनी रहनी चाहिए।




## खतरे में शांति

'युद्ध की आग' (संपादकीय, 2 मार्च) पढ़ा। वैश्विक संस्थाओं को दरकिनार करते हुए और परमाणु हथियारों की आड़ में अमेरिका-इजराइल ने मिल कर जिस तरह ईरान पर हमला किया, वह निंदनीय है। जबकि इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर पाक-अफगान हिंसा ने युद्ध का जो मोर्चा खोला, उससे विश्व शांति के लिए संकट बढ़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया इस समय पूरी दुनिया देख रही है। रूस और चीन द्वारा ईरान के पक्ष समर्थन करने से युद्ध का स्वरूप और कितना बिगड़ेगा, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। इतना तो निश्चित है कि ताजा संघर्ष से पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी और भारत भी उससे प्रभावित होगा। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती ईरान सहित मध्य पूर्व देशों से अपने नागरिकों की सुरक्षित निकासी है। दूसरे, भारत ईरान में चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भी मदद कर रहा है और काफी निवेश भी किया हुआ है, तो वहां भी भारत के हित प्रभावित होंगे। महंगे कच्चे तेल की खरीदारी की बाध्यता भी देश को प्रभावित कर सकती है।

*– वेद प्रकाश, गुरुग्राम*

## आत्ममंथन का समय

अब उन लोगों की वतन वापसी की फिक्र स्वाभाविक है जो विभिन्न कारणों से खाड़ी देश गए थे। इनमें कई लोग रोजगार के सिलसिले में गए थे। इस दिशा में हमारा स्थानीय प्रशासन भी ऐसे लोगों के आंकड़े जुटाने लगा है। बहरहाल, कोई दो राय नहीं कि उनकी वापसी होगी। मगर रोजी-रोटी पर जो संकट खड़ा होगा, उसका क्या होगा। इधर जेबें खाली होंगी और उधर, महंगाई की मार होगी। युद्ध कहीं और हो रहा है, असर कहीं और दिख रहा है। इजराइल-अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान पर आक्रमण किया है, लेकिन प्रभावितों में कई देशों के लोग शामिल हैं। कुछ देशों की सरकारों में बैठे लोगों की मनमानी की गिरफ्त में दुनिया आ रही है। दो विश्व युद्ध की भयावहता देख चुके देशों ने कोई कारगर समाधान नहीं ढूंढ़ा। इस वैश्विक अराजकता का जिम्मेदार कौन है? देर-सवेर इसके जवाब तलाशने ही होंगे। दुनिया भर के नागरिकों के लिए यह आत्ममंथन का भी समय है।

*– मुकेश कुमार मनन, पटना*

## चेतना का प्रश्न

'अंधविश्वास की मार' (संपादकीय, 2 मार्च) पढ़ा। अंधविश्वास की जड़ें आज भी कितनी गहराई से जमी हैं, समय-समय पर इसके प्रमाण सामने आते रहते हैं। आज कई घटनाएं रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि जागरूकता और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद कहीं न कहीं हम अंधविश्वास से मुक्त नहीं हो पा रहे है। यह दुखद ही है कि कई बार अकाल, बीमारी या किसी की मौत या फिर पारिवारिक संकट की तर्कसंगत वजह खोजने के बजाय किसी असहाय महिला को दोषी ठहराना आसान समझ लिया जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव निजी तौर पर भी हमारे जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। अंधविश्वास को खत्म करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं, इसे उखाड़ फेंकने के लिए समाज को भी आगे आना होगा। अंधविश्वास की जड़ें विकास क्रम को अवरुद्ध करती प्रतीत होती हैं। जरूरत इस बात की है कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रचार-प्रसार किया जाए।

*– साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर*

## लापरवाही बदस्तूर

'जिम्मेदारी किसकी' (संपादकीय, 3 मार्च) पढ़ा। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण के दौरान एक बूथ स्तरीय अधिकारी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। यह दुखद है। सरकारी दायित्व का पालन करने के साथ-साथ हर कर्मचारी की सामाजिक तथा पारिवारिक जिम्मेदारियां भी होती हैं। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी के साथ-साथ अपने परिवार की भी जिम्मेदारी निभाता है। बेटी को पढ़ा-लिखा कर एक पिता उसका विवाह कर खुशी के साथ घर से विदा करता है। क्या यह बात बड़े अधिकारी नहीं महसूस करते होंगे? इसलिए इस मामले में उचित कार्रवाई की जानी चाहिए तथा संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब कर किया जाना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते उच्च स्तरीय जांच की की भी जरूरत है।

*– मीना धानिया, सिरसपुर, दिल्ली*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## खबर कोना



बंगलुरु के ज्ञान भारती हाल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत के काम में लगे मजदूर।

### शेयर बाजार : सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,700 के पार

मुंबई, 5 मार्च (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 899.71 अंक यानी 1.14 फीसद की बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। एनएसई निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसद चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ।

### मुनाफावसूली से सोना 7,600 रुपए लुढ़का, चांदी 27,700 रुपए टूटी

नई दिल्ली, 5 मार्च (ब्यूरो)।

हालिया तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में 7,600 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 27,700 रुपए प्रति किग्रा की गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 27,700 रुपए या 9.23 फीसद की भारी गिरावट के साथ 2,72,300 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई।

### रुपया 45 पैसे की बढ़त के साथ 91.60 प्रति डालर के स्तर पर

मुंबई, 5 मार्च (भाषा)।

अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया गुरुवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 45 पैसे की बढ़त के साथ 91.60 प्रति डालर के स्तर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और आरबीआइ के हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

### देश से ग्रीवा कैंसर को खत्म करने का प्रयास कर रही सरकार : नड्डा

नई दिल्ली, 5 मार्च (ब्यूरो)।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दावा किया कि सरकार देश से ग्रीवा कैंसर को खत्म करने का प्रयास कर रही है। गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय में आनलाइन माध्यम से कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए वह वैश्विक भागीदारी के सहयोगी हैं। देश में इसकी रोकथाम, स्क्रीनिंग, जल्दी पता लगाने और समय पर इलाज पर विशेष ध्यान देते हुए नीति तैयार की है। देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और देश भर की अलग-अलग स्वास्थ्य सुविधाओं में 30 से 65 साल की महिलाओं के लिए इस कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध है।

### पश्चिम एशिया संकट पर क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा

# लंबे युद्ध से व्यापार, एलएनजी पर निर्भर क्षेत्र हो सकते हैं प्रभावित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च।

क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाला युद्ध बासमती चावल, उर्वरक, हीरा पालिश, एयरलाइंस और यात्रा परिचालकों सहित उन कई भारतीय क्षेत्रों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है, जिनका इस क्षेत्र के साथ सीधा व्यापारिक संबंध है।

रेटिंग एजंसी ने कहा कि सिरेमिक और उर्वरक जैसे आयातित तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर निर्भर क्षेत्र निकट अवधि में उत्पादन व्यवधान का सामना कर सकते हैं। वहीं कच्चे तेल से जुड़े उद्योग – जिनमें तेल रिफाइनी, टायर, पेंट, विशेष रसायन, पैकेजिंग और सिंथेटिक कपड़े शामिल हैं – लागत के दबाव का सामना कर सकते हैं।

पश्चिम एशिया के देश वैश्विक कच्चे तेल के लगभग 30 फीसद और वैश्विक एलएनजी उत्पादन के 20 फीसद हिस्से के लिए जिम्मेदार हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से ले जाया जाता है। भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 85 प्रतिशत और अपनी एलएनजी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है।

भारत के कच्चे तेल का 40-50 फीसद और एलएनजी आयात का 50-60 फीसद इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। क्रिसिल के अनुसार, बढ़ते जोखिमों के कारण एक मार्च 2026 से अधिकांश जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरना बंद कर दिया है। एजंसी ने कहा, 'इस व्यापार मार्ग में किसी भी लंबे समय तक रहने वाले व्यवधान का वैश्विक कच्चे तेल और एलएनजी की उपलब्धता तथा उनकी कीमतों पर असर पड़ेगा।'



पश्चिम एशिया के देश वैश्विक कच्चे तेल के लगभग 30 फीसद और वैश्विक एलएनजी उत्पादन के 20 फीसद हिस्से के लिए जिम्मेदार हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा होर्मुज से होकर जाता है।
भारत के कच्चे तेल का 40-50 फीसद और एलएनजी आयात का 50-60 फीसद इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती

मुंबई, 5 मार्च (भाषा)।

**भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार ने कहा, लंबे समय में आर्थिक वृद्धि की गति प्रभावित नहीं होगी।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट अवधि की चुनौती है, लेकिन इससे लंबे समय में आर्थिक वृद्धि की गति प्रभावित नहीं होगी। कुमार ने कहा कि जीडीपी वृद्धि दर को उच्च पथ पर ले जाने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों को समन्वित तरीके से काम करने की जरूरत है।

मौजूदा हालात में तेल की कीमतों में वृद्धि, निर्यात में व्यवधान और धनप्रेषण पर प्रभाव को वृद्धि के मोर्चे पर तत्काल चुनौतियों के रूप में पहचाना गया है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि, क्षेत्र को होने वाले निर्यात में बाधा और धनप्रेषण में कमी के साथ ही भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा जैसी चुनौतियां सामने आई हैं।' उन्होंने उल्लेख किया कि निकट भविष्य में अमेरिका-इजराइल हमलों के साथ संघर्ष तेज होने और तेल की कीमतों में तेजी की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र में दुनिया के उच्च दांव को देखते हुए संकट जल्द ही हल हो जाएगा।

कुमार ने कहा कि तेल के स्रोतों में विविधता लाकर जोखिमों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए वेनेजुएला से तेल आपूर्ति का खुलना भी मददगार हो सकता है, क्योंकि यह विकल्पों में विविधता लाता है।' कुमार ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया संकट जल्दी समाप्त होता है और ईरान पर से प्रतिबंध हटा लिए जाते हैं, तो भारत को सस्ती तेल आपूर्ति से लाभ हो सकता है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद

# पूर्वी एशिया आ रहे दो रूसी तेल टैंकर भारत की ओर मोड़े गए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च।

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में भारी व्यवधान के चलते, ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि भारत रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा सकता है। जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रूसी तेल से लदे दो टैंकर, जो पहले पूर्वी एशिया को अपना गंतव्य बता रहे थे, गुरुवार को भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे। एक अन्य टैंकर, जो अभी भी सिंगापुर को अपना गंतव्य बता रहा है, भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ता हुआ प्रतीत हो रहा है। हाल के महीनों में, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के चलते भारत ने रूस से तेल आयात में काफी कमी की थी।

जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला है कि सिएरा लियोन के ध्वज के तहत चलने वाले तेल टैंकर मतारी और ओडुने गुरुवार सुबह क्रमशः गुजरात के वडीनार बंदरगाह और ओड़ीशा के पारादीप बंदरगाह पर पहुंचे। अनुमान है कि ये दोनों टैंकर मिलकर 14 लाख बैरल से अधिक रूसी कच्चे तेल का परिवहन कर रहे हैं। डेटा के अनुसार, सिएरा लियोन के ध्वज वाला एक अन्य टैंकर – इंद्री – स्पष्ट रूप से उत्तर की ओर भारत की ओर मुड़ गया है, हालांकि यह अभी भी सिंगापुर को अपना गंतव्य बता रहा है। अनुमान है कि इंद्री लगभग 0.7 मिलियन बैरल रूसी कच्चे तेल का परिवहन कर रही है। इंद्री और ओडुने ने रूस के प्रिमोर्स्क बंदरगाह से यात्रा शुरू की, जबकि मतारी ने उस्त-लुगा बंदरगाह से प्रस्थान किया।

*'भारत और चीन की अतिरिक्त मांग पूरी करने के लिए तैयार'*

**रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर मास्को भारत और चीन को तेल की अतिरिक्त मांग पूरी करने के लिए तैयार है। रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स के अनुसार, मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच रूस द्वारा भारत और चीन को तेल की आपूर्ति बढ़ाने की योजना के बारे में पूछे जाने पर नोवाक ने जवाब दिया, ''हमेशा तैयार।'' रिपोर्ट में नोवाक के हवाले से कहा गया है, ''हमारे तेल की मांग है। अगर वे खरीदेंगे, तो हम जरूर बेचेंगे।''**

## वायुसेना का सुखोई-30 एमकेआई विमान असम में लापता, तलाश अभियान जारी

नई दिल्ली, 5 मार्च (ब्यूरो)।

वायु सेना का एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान गुरुवार को असम के जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरने के कुछ समय बाद लापता हो गया। अधिकारियों ने कहा कि रूसी मूल के विमान के साथ संपर्क रात 7:42 बजे टूट गया था और इसके बाद विमान का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया।

वायुसेना ने सोशल मीडिया पर कहा, 'वायुसेना का सुखोई-30 एमकेआई निर्धारित समय से विलंबित है। विमान असम के जोरहाट से उड़ान भर चुका था और आखिरी बार रात 7:42 बजे उससे संपर्क हुआ था। विस्तृत विवरण पता लगाया जा रहा है। तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है।' सुखोई 30 एमकेआई दो सीट वाला लंबी दूरी का लड़ाकू विमान है, जिसे रूसी विमान निर्माता सुखोई ने विकसित किया था।

### अमेरिका की अदालत ने कहा

## ट्रंप शुल्क को रद्द करने पर कंपनियां वसूली की हकदार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च।

न्यूयार्क के एक संघीय न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार होंगी। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकार्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आइईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने साफ किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है। न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आइईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।



आस्था

अहमदाबाद के जेतलपुर स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर (जेतलपुर धाम) की 200वीं वर्षगांठ (द्विशताब्दी) के उपलक्ष्य में गुरुवार को आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

### आवा पानी झोकी आंदोलन का प्रभाव

# जल संग्रहण से चार मीटर तक बढ़ा जल स्तर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च।

**जल संकट की समस्या से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में जल संचय जन भागीदारी के तहत किए गए प्रयास।**
**इस शुरुआती योजना के तहत किसान स्वेच्छा से अपनी भूमि का केवल पांच फीसद भाग जल संग्रहण के लिए समर्पित करता है।**

जल संकट की समस्या से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में जल संचय जन भागीदारी के तहत किए गए शुरूआती प्रयास से पानी का स्तर तीन से चार मीटर तक बढ़ा है। इस शुरुआती योजना के तहत किसान स्वेच्छा से अपनी भूमि का केवल पांच फीसद भाग जल संग्रहण के लिए समर्पित करता है।

जिले में शुरू हुए आवा पानी झोकी आंदोलन के तहत किसानों ने पुनर्भरण तालाबों और सीढ़ीदार गड्ढों का निर्माण करवाया। ये संरचनाएं खेतों के भीतर ही वर्षा जल को एकत्रित करती हैं। इसकी मदद से वर्षा का जल संचय हुआ। मृदा अपरदन में काफी कमी आई है।

सूखे के दौरान फसलों में नमी का स्तर बेहतर हुआ और भूजल पुनर्भरण स्थिर और निरंतर हो गया है। इस अभियान को सफल बनाने में महिलाएं ह्यनीर नायिका बनकर उभरीं। युवा स्वयंसेवकों ने जल दूत की भूमिका निभाई। उनके सामूहिक श्रमदान से 440 से अधिक पारंपरिक तालाबों का पुनरुद्धार हुआ और वे प्राकृतिक जल पुनर्भरण के स्रोत बन गए।

इस आंदोलन से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री आवास योजना के 500 से अधिक लाभार्थियों ने भी अपने घरों के पास जल संरक्षण के गड्ढे बनवाए, जिससे जल संरक्षण एक सरकारी पहल से एक साझा सामुदायिक जिम्मेदारी में बदल गया। जल मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत 1260 से अधिक किसानों ने अपनी भूमि पर पांच फीसद जल पुनर्भरण प्रणाली को अपनाया।

संपूर्ण जिले में दो हजार से अधिक सोख गड्ढे बनाए गए। ग्रामीण आवास योजनाओं के लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपने घरों के पास सोख गड्ढे बनवाए, जिससे जल पुनर्भरण दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया। इस कोशिश के बाद कई गांवों में भूजल स्तर तीन से चार मीटर तक बढ़ गया है। 17 दूरस्थ जनजातीय बस्तियों में झरने फिर से भर गए हैं। मिट्टी में नमी बनाए रखने की क्षमता बेहतर होने के कारण कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है। आजीविका स्थिर होने के कारण मौसमी प्रवास में अनुमानित 25 फीसद की कमी आई है।

# उत्तराखंड का 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद 3,81,889 करोड़ रुपए

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 5 मार्च।

**2026-27 के लिए राज्य की जीएसडीपी 8.2 प्रतिशत रहने का है अनुमान**
**राज्य में वर्ष एमएसएमई की कुल संख्या बढ़कर हुई 79394**

उत्तराखंड के प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के बारे में बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 3,81,889 करोड़ रहा, जो वर्ष 2021-22 में 2.54 लाख करोड़ रुपए थी। 2021-22 के मुकाबले जीएसडीपी में डेढ़ गुना से ज्यादा का उछाल आया है।

पत्रकारों से बात करते हुए प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 194670 थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2,73,921 हो गई। प्रमुख सचिव ने बताया कि इस वर्ष यह सर्वेक्षण नेशनल कांउसिल आफ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च (एनसीएईआर) के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में ग्रोथ रेट 7.23 फीसद रहा है। मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स वर्ष 2021-22 में 9.7 फीसद था जो वर्ष 2024-25 में घटकर 6.92 फीसद पर आ गया है। लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट वर्ष 2021-22 में 60.1 फीसद था, वर्ष 2024-25 में 64.4 फीसद है तथा यह रोजगार के क्षेत्र में 4.3 फीसद की बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। उन्होंने बताया ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स वर्ष 2001 में 0.247, वर्ष 2017 में 0.684, वर्ष 2021-22 में 0.718 जो अब बढ़कर वर्ष 2024-25 में 0.722 हो गया है।

परियोजना की अद्यतन लागत वैश्विक मानकों के अनुरूप है | दावा | कंपनी ने कहा, जरूरत के साथ होता है लागत में संशोधन

# आम लोगों की पहुंच में होगा बुलेट ट्रेन में सफर का सपना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च



मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन का निर्माण कर रही राष्ट्रीय उच्च गति रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने किया दावा।
केरल कांग्रेस के आरोप का खंडन करते हुए कंपनी ने कहा कि परियोजना की लागत, वित्तपोषण और किराए से जुड़ी कई बातें महज अटकलें

मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन का निर्माण कर रही राष्ट्रीय उच्च गति रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने दावा किया है इसका किराया आम लोगों की पहुंच में होगा। केरल कांग्रेस के आरोप का खंडन करते हुए कंपनी ने कहा कि परियोजना की लागत, वित्तपोषण और किराए से जुड़ी कई बातें तथ्यों के बजाय अटकलों पर आधारित हैं। परियोजना की अद्यतन लागत वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

शुरुआती लागत का अनुमान लगभग एक दशक पहले प्रारंभिक चरण में तैयार किया गया था। बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में यह सामान्य प्रक्रिया है कि विस्तृत रचना, इंजीनियरिंग, भूमि अधिग्रहण और निर्माण अनुबंध तय होने के बाद लागत का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। भारत में राजमार्ग, मेट्रो रेल और हवाईअड्डों जैसे कई बड़े परियोजनाओं में भी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निविदा प्रक्रिया के बाद लागत में संशोधन किया गया है। इस परियोजना के लिए भारत और जापन के बीच वित्तपोषण समझौता व्यापक है।

इस परियोजना का बोझ भारतीय रेलवे पर नहीं डाला जा रहा है। इस परियोजना की मदद से समय की बचत, उत्पादकता में वृद्धि, विमानन और राजमार्गों पर दबाव में कमी, क्षेत्रीय आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

इसकी टिकट की कीमतें आम यात्रियों के लिए वहनीय रखी जाएंगी। यह देश का पहला उच्च गति रेल गलियारा है, जिसका उद्देश्य केवल एक मार्ग का निर्माण नहीं बल्कि देश में भविष्य के हाई स्पीड रेल नेटवर्क के लिए तकनीकी, इंजीनियरिंग और औद्योगिक आधार तैयार करना है।

## रेल सेवाओं के विस्तार से बढ़ा मिजोरम में माल ढुलाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 मार्च

मिजोरम में रेल सेवाओं के विस्तार के साथ सैरांग तक माल ढुलाई में विस्तार हुआ है। प्रदेश में पहली बार पंजाब से 25900 कुंतल चावल रेल मार्ग से पहुंचा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीन मार्च को पहली बार भारतीय खाद्य निगम की खाद्यान्न माल वाहक ट्रेन सैरंग रेलवे स्टेशन पहुंचा। ट्रेन में 42 वैगन थे जिसमें पंजाब से लगभग 25,900 कुंतल चावल था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल ही 13 सितंबर को 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन को हरी झंडी दिखाई थी। इस लाइन के शुरू होने के साथ ही इस यात्री ट्रेन के साथ मालवाहक ट्रेनों की संख्या में विस्तार हुआ है।

रेलवे अधिकारी ने कहा कि मिजोरम में नई खुली रेलवे लाइन ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है, पिछले छह महीनों में राज्य में आने वालों पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। राज्य में आई ''नार्थ ईस्ट डिस्कवरी'' सर्किट के तहत पहुंची ट्रेन में भारतीय के अलावा बड़ी संख्या में अमेरिका और नेपाल जैसे दूसरे देशों के 81 पर्यटक सवार थे।

इस लाइन के शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ी है। सैरांग-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस ने दोनों तरफ 150 फीसद से ज्यादा अधिभोग दर्ज किया गया।

संपादकीय जागरण

शुक्रवार, 6 मार्च, 2026: चैत्र कृष्ण - 3 वि. 2082

व्यक्ति के स्वभाव पर उसका भविष्य निर्भर करता है

# नीतीश के बिना बिहार

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ऐसे अनुमान लगाए जा रहे थे कि दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल शायद ही पूरा करें, लेकिन इसकी संभावना कम ही थी कि वह पांच माह के अंदर ही बिहार की कमान छोड़कर राज्यसभा जाने का फैसला ले लेंगे, लेकिन अंततः ऐसा ही होने जा रहा है। राज्यसभा के लिए उन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है और अब इसकी प्रतीक्षा हो रही है कि उनकी जगह मुख्यमंत्री पद कौन संभालेगा? फिलहाल यह प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या राज्य की कमान जनता दल-यू के किसी नेता के हाथ होगी या फिर भाजपा के पास? अधिक संभावना यही है कि मुख्यमंत्री पद भाजपा के पास आए और उप मुख्यमंत्री पद जनता दल-यू के हाथ, लेकिन इस बारे में अभी कुछ कहना कठिन है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार राजनीति में प्रवेश कर नई सरकार में कोई भूमिका निभाएंगे या नहीं? जो स्पष्ट है, वह यही कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार की लंबी पारी का अंत होने जा रहा है। यह एक तरह से एक युग का समापन है। नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने के पीछे यह तर्क दिया कि उनकी इच्छा संसद के उच्च सदन जाने की थी, लेकिन इसमें कोई बहुत दम नहीं दिखता, क्योंकि यह स्वाभाविक नहीं जान पड़ता कि कोई मुख्यमंत्री और अपने दल का सर्वेसर्वा राज्य की बागडोर छोड़कर राज्यसभा में सेवाएं देने का फैसला करे।

यह संभव है कि नीतीश कुमार ने स्वास्थ्यगत कारणों से मुख्यमंत्री पद छोड़ने का फैसला किया हो। यदि उनके मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने के वास्तव में यही मूल कारण है तो उनकी प्रशंसा करनी होगी, क्योंकि आज के युग में ऐसे नेता दुर्लभ हैं, जो कमजोर स्वास्थ्य के कारण इतने बड़े पद का त्याग करने का निर्णय लें। उनके राज्यसभा जाने की बात सामने आते ही विपक्षी दलों की ओर यह जो शोर मचाया जा रहा है कि आखिरकार भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के लिए बाध्य किया, वह अतिरंजित ही है, क्योंकि वे कोई सामान्य नेता नहीं। यह ठीक है कि विधानसभा में भाजपा सबसे बड़ा दल है, लेकिन संख्याबल के मामले में जद-यू की उससे चार सीटें ही कम हैं। यह भी ध्यान रहे कि जद-यू पिछली विधानसभा के मुकाबले कहीं अधिक बेहतर स्थिति में है। ऐसे में ऐसे किसी आकलन को सही नहीं कहा जा सकता कि भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किया। नीतीश कुमार राज्यसभा अवश्य जा रहे हैं, लेकिन बीते लगभग 20 वर्षों के अपने शासनकाल में वे जिस तरह बिहार को तमाम समस्याओं से उबारकर पटरी पर लाए, उसे देखते हुए उनके उत्तराधिकारी के सामने राज्य को तेजी से आगे ले जाने की चुनौती होगी।

# चिंता की बात

**महरौली-बदरपुर** रोड पर डीटीसी की एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई, लेकिन समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इलेक्ट्रिक बसों में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। पिछले लगभग एक वर्ष में ही ऐसी छह घटनाएं हो चुकी हैं। यह अत्यंत चिंताजनक है। इन घटनाओं को देखते हुए दिल्ली सरकार ने आइआइटी दिल्ली के विशेषज्ञों से संपर्क किया था। लगभग तीन माह पहले उनकी सिफारिशों को सेफ्टी एक्शन प्लान में शामिल करने का निर्णय लिया गया था।

ई-बसों में आग लगने की घटनाओं से इनके निर्माण में तकनीकी कमी की आशंका जताई जा रही है। बस आपूर्तिकर्ता कंपनी को सुरक्षा आडिट करा ऐसी कमियों को दूर करना चाहिए। साथ ही, बस चालकों को उचित प्रशिक्षण नहीं मिलने तथा रखरखाव में कमी से भी ऐसी घटनाएं होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्रत्येक चालक को उचित प्रशिक्षण देने के साथ ही बस डिपो में योग्य तकनीशियनों की तैनाती आवश्यक है। डिपो से बस निकलने से पहले अनिवार्य रूप से उसकी गहन जांच होनी चाहिए। इन घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि यह यात्रियों की सुरक्षा का मामला है। प्रतिदिन 25 लाख से अधिक यात्री डीटीसी की बसों से यात्रा करते हैं। उनकी सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

> प्रतिदिन 25 लाख यात्री डीटीसी की बसों से यात्रा करते हैं, उनकी सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता

### कह के रहेंगे

माधव जोशी




### जागरण जनमत

**कल का परिणाम**

क्या इंग्लैंड के विरुद्ध सेमीफाइनल में भारतीय टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है?




**आज का सवाल**

क्या इस आकलन में सच्चाई दिखती है कि नीतीश कुमार भाजपा के दबाव में राज्यसभा जा रहे हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# कूटनीतिक संतुलन साधने की चुनौती



डा. अभिषेक प्रताप सिंह

> पश्चिम एशिया के साथ गहरे जुड़ाव को देखते हुए भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता व्यापार, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा आपूर्ति है

पश्चिम एशिया के अस्थिर-अशांत परिदृश्य में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष ने भारत को एक जटिल और नाजुक कूटनीतिक स्थिति में डाल दिया है। ईरान पर अमेरिका-इजरायली हमले ने, जिसे 'आपरेशन रोरिंग लायन' नाम दिया गया है, के बाद ईरान ने भी जार्डन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य देशों पर मिसाइल हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की है। इसने ऊर्जा आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा और व्यापक क्षेत्रीय अस्थिरता को लेकर भारत सहित प्रमुख शक्तियों के बीच वैश्विक चिंताओं को बढ़ा दिया है। आज यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध के कगार पर है, जिससे और अधिक चुनौतियां तथा चिंताएं पैदा हो रही हैं। जहां भारत-ईरान संबंध पारंपरिक रूप से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपर्कों द्वारा परिभाषित होते हैं, वहीं पिछले एक दशक में भारत ने इजरायल के साथ भी एक मजबूत और व्यापक रक्षा साझेदारी बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इजरायल यात्रा में दोनों देशों ने अपने संबंधों को "शांति, नवाचार और समृद्धि के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक बढ़ाया है।

पश्चिम एशिया के साथ गहरे जुड़ाव को देखते हुए भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता व्यापार, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा आपूर्ति है। भारत को न केवल संतुलन बनाने, बल्कि क्षेत्र में अपने बड़े हितों को सुरक्षित करने पर भी ध्यान देना होगा। यह संकट हमारी "ऊर्जा सुरक्षा" के लिए चिंताएं पैदा करता है। यह क्षेत्र हमारे तेल आयात का लगभग 55 प्रतिशत आपूर्ति करता है, जिसमें इराक और सऊदी अरब जैसे देश शीर्ष आपूर्तिकर्ता हैं। मध्य एशिया से आने वाले कच्चे तेल की आपूर्ति को इसकी क्षेत्रीय निकटता और रिफाइनरी अनुकूलता के लिए महत्व दिया जाता है। इसके अलावा भारत कच्चे तेल का लगभग दो-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आधा हिस्सा होर्मुज की खाड़ी के माध्यम से आयात करता है, जो एक प्रमुख शिपिंग मार्ग है और जिसे ईरान ने बंद कर दिया है। यह हमारे तेल आयात का महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। पश्चिम एशिया से तेल की शिपिंग के लाजिस्टिक फायदे भी हैं। हालांकि भारत वैकल्पिक ईंधन स्रोतों की खोज कर रहा है, विशेष रूप से पश्चिम अफ्रीका में, लेकिन पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ता संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री व्यापार मार्गों के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा करता है। 2025 में इसी तरह के तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को सौ डालर प्रति बैरल से ऊपर धकेल दिया था, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया था और घरेलू मुद्रास्फीति की दर भी प्रभावित हुई थी। तेल की कीमतों में वृद्धि हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को प्रभावित करेगी और घरेलू बाजार पर दबाव डालेगी।



होर्मुज समुद्री जल मार्ग के बंद होने के कारण फंसे तेल के जहाज ● रायटर्स

भारत के ईरान एवं इजरायल, दोनों से व्यापारिक संबंध हैं। 2025 में ईरान के साथ व्यापार करीब 2.42 अरब अमेरिकी डालर रहा, जिसमें भारत ने 1.24 अरब डालर के सामान का निर्यात किया। यूरोप और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में भारत अपने निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा बाब अल-मंदब जल मार्ग के जरिये करता है। हाल में इजरायल के साथ भारत के रक्षा संबंधों में एक मौलिक बदलाव आया है, जो केवल परंपरागत लाजिस्टिक रक्षा आपूर्ति से आगे बढ़कर भारत में संयुक्त सैन्य संसाधनों के साझा विकास और उत्पादन तक पहुंच गया है। इजरायल भारत के लिए उन्नत हथियारों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है, जिसमें ड्रोन और मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। ऐसे में ईरान और इजरायल के बीच कूटनीतिक संतुलन साधते हुए अपने हितों को बचाना भारत की पहली प्राथमिकता होगी। पश्चिम एशिया में लंबे समय तक चलने वाला संकट वहां हमारी कनेक्टिविटी परियोजनाओं को भी प्रभावित करेगा। एक बड़ी चिंता भारत के 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' (आइएनएसटीसी) के बाधित होने की हो सकती है, जिसका उद्देश्य ईरान के माध्यम से यूरोपीय व्यापार को बढ़ावा देना है। आइएनएसटीसी का पूरा होना ईरानी रेल और सड़क नेटवर्क पर निर्भर करता है। युद्ध के चलते इन बुनियादी ढांचों को सैन्य रसद के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त ईरान का चाबहार बंदरगाह भी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक निवेश है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है। यह न केवल पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह, जिसे चीन द्वारा बनाया जा रहा है, का एक रणनीतिक विकल्प है, बल्कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा की आवश्यकता पूरी करने और मध्य एशिया में दुर्लभ खनिजों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। चाबहार बंदरगाह आइएनएसटीसी का प्रवेश बिंदु है। इजरायल-ईरान संघर्ष का बढ़ना इस परियोजना को प्रभावित कर सकता है।

एक और महत्वपूर्ण परियोजना जो इस संघर्ष से प्रभावित हो सकती है, वह है भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आइएमईसी)। क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए दिल्ली की यह एक और महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक्ट वेस्ट पालिसी' का उद्देश्य स्वेज नहर के माध्यम से स्थापित परंपरागत व्यापार मार्गों से हटकर भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच एक नए आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है और आइएमईसी इस उद्देश्य के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कड़ी है। ईरान संकट ने इन सभी कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों के अलावा इस संकट का एक मानवीय पक्ष भी है, जो भारत के राष्ट्रीय हित का एक बड़ा पहलू है। पश्चिम एशियाई क्षेत्र में लगभग 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। यह समुदाय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए हर साल लगभग सौ अरब डालर का योगदान देता है। यह वित्तीय प्रवाह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो व्यापार असंतुलन और वैश्विक मुद्रा में उतार-चढ़ाव के खिलाफ एक बफर (सुरक्षा) प्रदान करता है। इस पूरे विवाद में भारत की नीति बहुपक्षीय सहयोग की नीति के अनुसार है। सभी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ अपने अच्छे संबंधों का लाभ उठाकर दिल्ली एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में भी कार्य कर सकती है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

# भारतीय शिक्षा का वैश्वीकरण आवश्यक



बद्री नारायण

> ज्ञान की गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करना ही विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला होगी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल में कहा कि भारतीय उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण देश की प्रगति और सर्वांगीण विकास के लिए एक आवश्यक तत्व है। उनके अनुसार दुनिया भर में भारतीय शिक्षा और शोध की समृद्ध नवोन्मेषी परंपरा तथा इसके गतिशील वर्तमान का अकादमिक वृत्तांत प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। यह लक्ष्य तभी संभव होगा, जब शिक्षा और शोध के क्षेत्र में हमारी वैश्विक आवाजाही तथा ज्ञान का आदान-प्रदान बढ़ेगा। वे निरंतर इस पर भी बल देते रहे हैं कि उच्च शिक्षा के इस वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विज्ञान और समाज विज्ञान को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करना होगा। जब तक विज्ञान और समाज विज्ञान परस्पर समन्वय के साथ कार्य नहीं करेंगे, तब तक भारतीय शोध का नवोन्मेष अधूरा रहेगा। तकनीकी और सामाजिक विषयों के एकीकृत प्रयास भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

जहां तक समाज विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण का प्रश्न है, इस संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमर्श की तत्काल आवश्यकता है। पहली महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की रुचि केवल भारत के आइटी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वे भारतीय समाज विज्ञान में भी गहरी रुचि ले रहे हैं। उनके लिए भारत सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश और सबसे बड़ा विकासशील बाजार भी है। ऐसे में भारत के वर्तमान इतिहास, सामाजिक संरचना और उभरती आर्थिकी को समझना उनके लिए एक बड़ी बौद्धिक चुनौती और अवसर है। दूसरा बिंदु यह है कि भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के आगमन का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इन संस्थानों में लिबरल स्टडीज, समाज विज्ञान और कौशल विकास के लिए पर्याप्त स्थान होगा। यह भारतीय छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप सामाजिक विषयों के अध्ययन का अवसर प्रदान करेगा। तीसरा और सबसे अहम पहलू यह है कि वर्तमान में दुनिया के विभिन्न देशों के बीच केवल आर्थिक विकास की ही प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक शोधों के साथ-साथ बाजार, राजनीतिक आर्थिकी और समाज वैज्ञानिक विमर्शों के बीच एक वैचारिक टकराहट भी चल रही है।






शोध एवं विकास पर जोर देना आवश्यक ● फाइल

प्रत्येक विकसित और विकासशील राष्ट्र चाहता है कि उसकी सफलता और विशिष्टता का नैरेटिव उसके आर्थिक प्रभाव के विस्तार को मजबूती दे। जो वैश्विक कारपोरेट घराने पूरी दुनिया में अपने व्यापार का विस्तार कर रहे हैं, उन्हें भी अपनी रणनीतियों के लिए न केवल वैज्ञानिक, बल्कि समाज वैज्ञानिक वृत्तांत चाहिए। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा बढ़ रहा है, जिसे अब सुदृढ़ अकादमिक और समाज वैज्ञानिक शोधपरक वृत्तांतों के समर्थन की आवश्यकता है, पर विडंबना यह है कि वर्तमान में अधिकांश समाज वैज्ञानिक शोधों में हम अपने समाज, विकास और आर्थिकी के सकारात्मक तत्वों को खोजने के बजाय नकारात्मक विमर्शों में ही उलझे हुए हैं। प्रतिष्ठित समाज वैज्ञानिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों को अब इस दिशा में सार्थक एवं सकारात्मक पहल करने की महती आवश्यकता है। इसी दिशा में टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज एक महत्वपूर्ण अकादमिक पहल 'टीस-ग्लोबल' के नाम से शुरू करने जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत दुनिया भर के उन विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा, जो भारत पर शोध कर रहे हैं। साथ ही देश के दिग्गज समाज विज्ञानियों और विकास विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाकर उन्हें भारतीय समाज एवं विकास के नकारात्मक चित्रण के बजाय सकारात्मक पक्षों पर शोध, समझ और विमर्श के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में देश के वैज्ञानिक एवं समाज वैज्ञानिक शोध संस्थानों का एक संयुक्त फोरम विकसित करना भी अनिवार्य है।

भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों का खुलना एक सुखद स्थिति है, जो हमारे छात्रों को शिक्षा के विविध विकल्प प्रदान कर रही है, पर हमें इसके साथ ही दुनिया के अन्य हिस्सों-विशेषकर अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में अपने शिक्षा संस्थान खोलने की प्रक्रिया को भी तीव्र करना होगा। हमें अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे देशों में विशिष्ट विषयों पर केंद्रित भारतीय संस्थान भी स्थापित करने होंगे। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि एक विमर्श भी है। इस अर्थ में भारतीय ज्ञान के वैश्वीकरण से भारतीय विमर्श का भी वैश्वीकरण सुनिश्चित हो पाएगा। ज्ञान एक प्रकार की शक्ति है और इसे अर्जित करने के लिए हमें उत्कृष्ट श्रेणी की भारतीय अकादमिक संस्कृति विकसित करनी होगी, ताकि हमारा युवा वर्ग, जो भारत की सबसे बड़ी सामर्थ्य है, वह केवल एक सांख्यिकीय आंकड़ा बनकर न रह जाए, वरन ज्ञान, मेधा और दक्षता से युक्त हो जाए। इसके लिए हमें अपने शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्टता को केंद्र में रखना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत विराट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय शिक्षा और शोध जगत को सर्वोच्च राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। हमें शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में ऐसे उत्कृष्ट शोधार्थी और शिक्षक तैयार करने होंगे, जो वैश्विक छात्र समुदाय और विद्वानों को अपनी ओर आकर्षित कर सकें। ज्ञान की गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित करना ही विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला होगी।

(लेखक टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज, मुंबई के कुलपति हैं)

response@jagran.com

### ऊर्जा

## संयम

संयम का अर्थ है अपनी उत्तेजनाओं पर नियंत्रण रखना और विवेक से कार्य करना। छोटी-छोटी बातों पर संयम खो देने से अक्सर बड़ी और अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। संयम का अभाव न केवल परिवारों को बिखेर देता है, बल्कि कई बार जघन्य आपराधिक घटनाओं का कारण भी बन जाता है। सगे भाइयों के बीच भी किसी बात को लेकर यदि आवेश में आकर संयम टूट जाए तो वे एक-दूसरे की जान लेने तक पर उतारू हो जाते हैं।

संयम एक ऐसा उदात्त भाव है, जिस पर चलकर न केवल जीवन सुखद रहता है, बल्कि अनेक अप्रिय घटनाओं को भी टाला जा सकता है। जब व्यक्ति संयम की लक्ष्मण रेखा लांघ देता है तो रिश्तों में मर्यादा और छोटे-बड़े का लिहाज समाप्त हो जाता है। एक-दूसरे को अपमानित करना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना-इन सबके मूल में संयम से विमुख होना ही है। संयम खो जाने पर जीवन की छोटी-छोटी समस्याएं भी इतनी विकराल प्रतीत होने लगती हैं कि मनुष्य उन्हीं में उलझकर रह जाता है। संसार में ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान संभव न हो। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम विचलित हुए बिना संयमपूर्वक उस समस्या पर चिंतन और मनन करें।

संयमपूर्ण जीवन की दिशा में पहला कदम यह है कि जब भी मन में उत्तेजना का भाव उत्पन्न हो तो व्यक्ति को एकांत में बैठकर शांत चित्त से विचार करना चाहिए। जीवन में सुख और दुख, दोनों का आगमन निरंतर होता रहता है। सुख के समय जिन आत्मीय जनों के साथ हमारे मधुर संबंध थे, उत्तेजना के क्षणों में उनसे परामर्श लेना चाहिए कि इस मानसिक अशांति को कैसे दूर किया जाए। किसी भी समस्या के समाधान में थोड़ा समय लग सकता है, धैर्य रखना अनिवार्य है। संयम बनाए रखने के लिए महापुरुषों के जीवन चरित्र का अध्ययन एक अमोघ अस्त्र है।

सलिल पांडेय

### पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

## कट्टरता से मुक्ति जरूरी

राजीव सचान ने अपने आलेख 'कट्टरता से लड़ना इतना कठिन क्यों' में उन लोगों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है, जो कट्टरपंथ के विरुद्ध आवाज उठाते हैं और हिंसा का शिकार होते हैं। हालिया संदर्भ एक्स-मुस्लिम यूट्यूबर सलीम वास्तिक का है, जिन पर कट्टरपंथियों ने प्राणघातक हमला किया। कट्टरपंथी वास्तव में मानवता के शत्रु हैं। धर्मांधता और स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानने की श्रेष्ठताबोध वाली मानसिकता के कारण वे अपने धर्म से अलग हो चुके लोगों या अन्य आलोचकों के तार्किक प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाते। चूंकि उनके पास अपने विचारों को सही ठहराने के लिए ठोस तर्क उपलब्ध नहीं होते, इसलिए वे अंततः हिंसा का सहारा लेते हैं। ज्ञान, तर्क, अध्यात्म और विवेक की कसौटी पर खरा उतरने वाला धर्म ही वास्तव में 'धारण करने योग्य कर्म' है। धर्म में आलोचना को सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए। धार्मिक रूढ़ियों और कुप्रथाओं का बहिष्कार तथा समय-समय पर परिमार्जन अत्यंत आवश्यक है, यह कट्टरता नहीं, बल्कि वह लचीलापन है जो धर्म को परिष्कृत रूप में जीवित रखता है। ऐसा धर्म निरर्थक है जो केवल निंदा या आलोचना किए जाने पर हिंसा पर उतारू हो जाए। धर्मगुरुओं और मौलवियों का यह नैतिक दायित्व है कि वे कट्टरता को हतोत्साहित करें, न कि उसे संरक्षण दें। एक धार्मिक व्यक्ति और एक कट्टरपंथी में यही मूलभूत अंतर है कि धार्मिक व्यक्ति अपने विश्वास की आलोचना से विचलित हुए बिना तर्कसंगत और मर्यादित संवाद करता है, जबकि कट्टरपंथी केवल हिंसा का मार्ग चुनता है। कट्टरता एक ऐसी सामाजिक कुरीति और अभिशाप है, जिससे मुक्ति पाना संपूर्ण विश्व के लिए आवश्यक है।

मोहित सोनी, कुक्षी, मध्य प्रदेश

## बयानवीर संजय राउत

कितना हास्यास्पद है कि शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत कहते हैं कि इजरायल, अमेरिका के बाद भारत के प्रधानमंत्री मोदी ईरान पर अटैक के दोषी है। ये ऐसी, ऊटपटांग बात हो गई, जैसे संजय ने तीर चलाया ट्रंप पर, घायल हुआ इजरायल, मारा गया ईरान। राजनीति में किसी भी नेता द्वारा की गई बयानबाजी परिपक्व और सार्थक होनी चाहिए। संजय राउत समेत अन्य यूबीटी के नेताओं को विधानसभा और निकाय चुनावों में पार्टी को मिली करारी हार पर आत्ममंथन करना चाहिए और विदेश नीति केंद्र सरकार पर छोड़ देनी चाहिए। पालघर में सरेआम साधुओं की हत्याओं की विवेचना भी करनी चाहिए। वहीं, कांग्रेसको भी बेवजह मोदी पर खोखला राजनीतिक दबाव बनाकर अयातुल्ला अली खामेनेई खामेनेई की हत्या पर विरोध दर्ज करवाने की मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति से बाज आना चाहिए। निस्संदेह खामेनेई शिया समुदाय के धार्मिक गुरु थे। लेकिन वे ईरान के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं थे। लेकिन यह भी सत्य है कि ईरान का सारा कामकाज और अन्य नीतियां उन्हीं के हाथों में निहित थी। खामेनेई ने हमेशा भारत का विरोध कर पाकिस्तान के साथ खड़े दिखाई दिए। संजय राउत को इस मामल में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

दीपक गौतम, सोनीपत

## बिहार की राजनीति

बिहार की राजनीति में लंबे समय से एक प्रमुख और निर्णायक भूमिका निभाने वाले नीतीश कुमार ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की घोषणा की, तो स्वाभाविक रूप से राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई। मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक से अधिक समय तक बिहार की राजनीति को दिशा देने वाले नेता का यह निर्णय कई लोगों के लिए चौंकाने वाला जरूर हो सकता है, किंतु इसे किसी दबाव, साजिश या मजबूरी से जोड़ना वास्तविकता से कोसों दूर प्रतीत होता है। स्वयं नीतीश ने कहा कि संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी यह इच्छा रही है कि वे बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के भी दोनों सदनों के सदस्य बनें। इसी इच्छा की पूर्ति के क्रम में उन्होंने इस बार राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा व्यक्त की है। जब कोई अनुभवी व परिपक्व नेता स्वयं अपनी इच्छा सार्वजनिक रूप से व्यक्त करता है, तो उस पर संदेह करना या उसके निर्णय को किसी राजनीतिक दबाव का परिणाम बताना न केवल अनुचित है बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी विरुद्ध है। राज्यसभा के लिए नामांकन के समय उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उनके अनुभव व योगदान को महत्व दिया जा रहा है। नीतीश का यह निर्णय किसी प्रकार से असामान्य या अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता।

कांतिलाल मांडोत नई दिल्ली

### पोस्ट

कुछ लोग ईरानी युद्धपोत को अमेरिका द्वारा निशाना बनाए जाने पर भारत को कोस रहे हैं। भारत को उस युद्धपोत की जिम्मेदारी क्यों उठानी चाहिए, जो हथियारों से लैस था, जो समुद्र के उस हिस्से में था जो हमारे कानूनी नियंत्रण से बाहर है, जो एक सप्ताह पहले हमारे बंदरगाह से रवाना हुआ था और जिसने हमें कभी कोई आपातकालीन संदेश भी नहीं भेजा।

आनंद रंगनाथन@ARanganathan72



ईरान-अमेरिका एवं इजरायल युद्ध में हमारा चुप रहना ही बेहतर है। भले आज हम आर्थिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मविश्वासी हैं, लेकिन हमारी ऊंची-ऊंची बातें और उपदेशात्मक रवैये के कारण हमारे पास खोने के लिए भी कहीं अधिक है। हमारे हित इसी में सबसे बेहतर सुरक्षित रहते हैं कि हम किसी भी संघर्ष में उलझने से बचें-जहां तक संभव हो।

सुशांत सरीन@sushantsareen

नीतीश कुमार के बिहार का मुख्यमंत्री पद छोड़ने का कई मायने में स्वागत किया जाना चाहिए। बिहार जड़ता की स्थिति से बाहर निकलेगा और एक नया चेहरा मुख्यमंत्री बनेगा।

कुमार अंशुमान@anshumanscribe

### जनपथ

खेला हुआ बिहार में आई नई बहार,
राज्यसभा में जा रहे नितीश पहली बार।
नितीश पहली बार छोड़ सीएम की कुर्सी,
करने लगा विपक्ष इसी पर मातमपुर्सी!
है अबूझ संसार सियासत वाला मेला,
जाने किसके साथ कहां कब होवे खेला!!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा -201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 230




**17,500** से अधिक अमेरिकी नागरिक 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से सुरक्षित अमेरिका लौट चुके हैं

**10,000** किलो संवर्धित यूरेनियम तेहरान के पास कई ठिकानों पर मौजूद है, जिसमें 460 किलो 60% शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम शामिल है



# फंसे लोगों को चार्टर विमानों के लिए देनी पड़ रही मोटी रकम



- दुबई-अबू धाबी और दोहा के हवाई अड्डे बंद होने से फंसे हुए हैं हजारों यात्री
- मस्कट और रियाद पहुंचकर पकड़ रहे उड़ान, चार्टर विमानों की मांग अचानक बढ़ी

**दुबई, एपी :** युद्ध के कारण खाड़ी क्षेत्र में हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया है। दुबई, अबू धाबी और कतर के दोहा जैसे प्रमुख हवाई अड्डों के बंद होने से हजारों यात्री फंस गए हैं। कई लोग क्षेत्र से बाहर निकलने के लिए निजी चार्टर विमानों का सहारा ले रहे हैं और इसके लिए भारी रकम चुका रहे हैं।

**यूरोप जाने के लिए लाखों डालर तक खर्च:** चार्टर उड़ानों की मांग अचानक बढ़ गई है। हालात ऐसे हैं कि कुछ यात्री यूरोप पहुंचने के लिए दो लाख यूरो यानी करीब दो लाख 32 हजार डालर तक चुका रहे हैं। दुबई, अबू धाबी और दोहा के कई हवाई अड्डे बंद कर दिए गए, जिससे यात्री फंस गए। अब कई यात्री सड़क मार्ग से सुरक्षित हवाई अड्डों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। दुबई से ओमान के मस्कट तक करीब चार घंटे और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक दस घंटे से ज्यादा का सफर तय कर लोग वहां से उड़ान पकड़ रहे हैं।

**1.5 से दो लाख यूरो तक पहुंचा किराया:** निजी जेट सेवा कंपनी विमाना प्राइवेट जेट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमीरह नरन के मुताबिक खाड़ी क्षेत्र से यूरोप जाने वाली चार्टर उड़ानों की कीमत 1.5 लाख यूरो से दो लाख यूरो (लगभग एक लाख 73 हजार से दो लाख 32 हजार डालर) के बीच है।

सुरक्षित हवाई अड्डों तक पहुंचने के लिए कुछ यात्री निजी सुरक्षा कंपनियों की मदद ले रहे हैं। ये कंपनियां कारों और कोच बसों से लोगों को ओमान या सऊदी अरब की सीमा तक पहुंचा रही हैं। वहीं दुबई स्थित एयर चार्टर सर्विस के मध्य पूर्व मुख्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एली हन्ना के अनुसार अभी क्षेत्र से निकलने वाली ज्यादातर उड़ानें ओमान से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कई चार्टर विमान बंद पड़े हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, इसलिए उपलब्ध विमानों की संख्या कम है और कीमतें बढ़ गई हैं।

## नागरिकों को निकालने के लिए चार्टर उड़ानें शुरू

**वाशिंगटन, आइएएनएस :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए चार्टर उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया है। निकासी अभियान संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सऊदी अरब और इजरायल में मौजूद अमेरिकी नागरिकों के लिए शुरू किया गया है। विभाग के अनुसार 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से 17,500 से अधिक अमेरिकी नागरिक सुरक्षित अमेरिका लौट चुके हैं। इस बीच कई अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों को दुबई से निकालने के लिए अभियान शुरू किया है। फ्रांस ने ओमान व मिस्र के रास्ते अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए उड़ानें भेजी हैं, जबकि ब्रिटेन, आयरलैंड व मेक्सिको भी अपने नागरिकों की वापसी की व्यवस्था कर रहे हैं।

# भारत की 58 उड़ानें शुरू, पश्चिम एशिया का एयरस्पेस बंद

**मुंबई आइएएनएस :** भारतीय एयरलाइनों ने पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय यात्रियों को वापस लाने के लिए बुधवार को 58 उड़ानों का संचालन करने की पहल की है, जबकि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया का अधिकांश क्षेत्रीय एयरस्पेस बंद या प्रतिबंधित है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, ''भारतीय एयरलाइनों ने 4 मार्च को 58 उड़ानें भेजीं, जिसमें 30 उड़ानें इंडिगो ने और 23 एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस की हैं। एअर इंडिया ने जेद्दा से दिल्ली और मुंबई के लिए अपनी नियमित उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई है। एअर इंडिया जेद्दा से मुंबई के लिए दो उड़ानें और दिल्ली के लिए एक उड़ान संचालित करेगी। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने दुबई और फुजैराह सहित खाड़ी शहरों से कई विशेष उड़ानें संचालित करने की तैयारी की है। उड़ानें नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोच्चि, अहमदाबाद और तिरुअनंतपुरम जैसे हवाई अड्डों पर उतर रही हैं। हालांकि, यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वे दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे या अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर न जाएं जब तक कि उन्हें उनकी एयरलाइन द्वारा सीधे संपर्क नहीं किया गया हो। दुबई का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है। एमिरेट्स और इंडिगो ने कुछ उड़ानें संचालित की हैं।



रांची हवाई अड्डे पर गुरुवार को प्रसन्न मुद्रा में दुबई से वापस लौटे यात्री ● एएनआइ

## भारत-अमेरिका की हवाई टिकटें सौ प्रतिशत महंगी

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** पश्चिम एशिया संकट के चलते अमेरिका व भारत के बीच कई प्रमुख मार्गों पर हवाई किराए में तेजी से वृद्धि हुई है। यह बाधा पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में संघर्ष की बढ़ती स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई गलियारों में से एक है। गूगल फ्लाइट्स के डाटा के अनुसार, शिकागो व न्यूयार्क जैसे शहरों को मुंबई और नई दिल्ली से जोड़ने वाले मार्गों पर किराए में तेज वृद्धि देखी गई है। न्यूयार्क सिटी के जेएफके हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए स्पाट हवाई किराया वर्तमान में 1.34 लाख से 2.25 लाख रुपये के बीच है। सामान्य परिस्थितियों में टिकट 45 हजार से एक लाख तक होता है। संबंधित» जागरण सिटी

# पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पेन पर अमेरिका व यूरोप में तनातनी

## व्हाइट हाउस का दावा, अमेरिकी सेना से सहयोग को स्पेन तैयार

- स्पेन के विदेश मंत्री बोले, संघर्ष को लेकर नहीं बदला फैसला
- ईयू ने कहा, हम पूरी तरह सदस्य देशों के हितों के साथ

**वाशिंगटन, एएनआइ:** ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल के सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और मोर्चा भी खोल दिया है। अमेरिकी बलों को अपना एयर बेस इस्तेमाल करने की छूट न देने पर उन्होंने स्पेन को धमकाया तो तमाम यूरोपीय देशों ने इस देश का समर्थन करके ट्रंप को चौंका दिया। इससे अमेरिका और यूरोप के बीच तनाव गहराता दिख रहा है।

बीते मंगलवार राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पेन द्वारा अपने सैन्य अड्डे का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए न करने देने की काफी आलोचना की थी। उन्होंने स्पेन से सभी व्यापार समझौते खत्म करने का एलान भी कर दिया था। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने दावा किया कि स्पेन अमेरिका के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हो गया है। हालांकि, स्पेन ने अमेरिका के इस दावे को खारिज कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने कहा कि स्पेन अमेरिकी सेना के साथ सहयोग के लिए तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि सेना स्पेन के अपने समकक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर रही है। ईरान से सभी यूरोपीय देशों को भी खतरा है, उम्मीद है कि हमारे सभी यूरोपीय सहयोगी भी निश्चित रूप से सहयोग करेंगे।



कैरोलीन लेविट ● फाइल फोटो



जो मैन्युअल अल्बारेस ● इंटरनेट मीडिया

हालांकि, स्पेन के विदेश मंत्री जो मैन्युअल अल्बारेस ने स्थानीय रेडियो को दिए साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर हमारा फैसला बदला नहीं है। बता दें कि स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज केवल अपने देश ही नहीं, बल्कि समूचे यूरोप में ट्रंप के सबसे प्रबल आलोचक के तौर पर उभरे हैं। उन्होंने एक टीवी संबोधन में कहा कि युद्ध में शामिल होने से साफ इन्कार करते हुए कहा कि हम किसी ऐसी चीज में भागीदार नहीं बनेंगे जो दुनिया के लिए हानिकारक हो। न ही हम अपने मूल्यों और हितों के विपरीत कोई काम करेंगे, सिर्फ इसलिए कि किसी से प्रतिशोध से बचा जा सके। उन्होंने अमेरिका-इजरायल पर पश्चिम एशिया में लाखों लोगों के जीवन के साथ 'रशियन रौलेट' का खेल खेलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने ईरान पर हमले को बेमतलब और खतरनाक सैन्य हस्तक्षेप करार दिया।

इस पूरे मामले पर यूरोपीय संघ ने स्पेन के साथ एकजुटता दिखाई है। यूरोपीय परिषद के प्रमुख एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि इस मुद्दे पर वह अपने सदस्यों के साथ खड़ा है। एक्स पर एक पोस्ट में कोस्टा ने लिखा कि मैंने राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से बात की और ईयू की एकजुटता के बारे में उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने लिखा कि ईयू हमेशा ये सुनिश्चित करेगा कि उसके सदस्य देश पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों और विश्व भर में नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

# ईरान के सर्वोच्च नेता के तौर पर मोजतबा स्वीकार्य नहीं : ट्रंप



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ● इंटरनेट मीडिया

- ट्रंप ने कहा, चयन प्रक्रिया में उनको भी किया जाए शामिल
- हकीमइलाही बोले, ईरान ने अभी नए सर्वोच्च नेता को नहीं चुना है

**दुबई, एपी:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में मोजतबा खामेनेई स्वीकार्य नहीं हैं। नए नेता के चयन में उनको भी शामिल किया जाना चाहिए। इस पद की दौड़ में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा को आगे बताया जा रहा है। इधर, भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अयातुल्ल डा. अब्दुल मजीद हकीमइलाही ने बताया कि ईरान ने अभी तक अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के उत्तराधिकारी को चुना नहीं है। गत शनिवार को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी।

हकीमइलाही ने गुरुवार को यह भी बताया कि नए नेता के चुनाव की प्रक्रिया अभी भी जारी है। प्रेट्र के साथ एक इंटरव्यू में जब उनसे उन खबरों के बारे में पूछा गया, जिनमें दावा किया गया है कि खामेनेई के बेटे मोजतबा को उनका उत्तराधिकारी चुन लिया गया है तो हकीमइलाही ने कहा, 'यह खबर सच नहीं है, क्योंकि अभी तक उसने (परिषद) ने किसी को भी चुना या नामांकित नहीं किया है और प्रक्रिया अभी जारी है।' उन्होंने कहा, 'इस पद के लिए कई उम्मीदवार हैं और मोजतबा खामेनेई उनमें से एक हैं। इसका कारण यह नहीं है कि वह खामेनेई के बेटे हैं। उनकी योग्यता के आधार पर उन्हें चुनने पर विचार किया जा सकता है।' उन्होंने सर्वोच्च नेता की चयन प्रक्रिया के बारे में बताया कि ईरान में चुनाव के दौरान 88 सदस्यीय विशेषज्ञ परिषद का चुनाव मतदान द्वारा किया जाता है।

रायटर के अनुसार, दो ईरानी सूत्रों ने बताया कि दिवंगत सर्वोच्च नेता खामेनेई के पुत्र मोजतबा जिंदा हैं और वह अपने पिता के उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

**कौन हैं मोजतबा खामेनेई:** 56 वर्षीय मोजतबा खामेनेई के देश के शीर्ष बल रिवोल्यूशरी गार्ड के साथ गहरे संबंध हैं और उन्होंने धार्मिक प्रतिष्ठान में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी है। वह एक प्रभावशाली मौलवी बताए जाते हैं। उन्होंने उन सुधारों का विरोध किया है, जिसमें पश्चिम के साथ संवाद स्थापित करने की वकालत की जाती है।

# ईरान ने स्पष्ट किया- केवल अमेरिका, इजरायल और यूरोप के लिए होर्मुज बंद

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में तेज होते युद्ध के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट (जलडमरूमध्य) को बंद कर दिया है। इस पर ईरान के शीर्ष बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने गुरुवार को स्थिति स्पष्ट की और बताया कि होर्मुज को विशेष रूप से केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और इनके पश्चिमी सहयोगियों के लिए बंद किया गया है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब क्षेत्र में युद्ध भड़कने के बाद दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में शामिल होर्मुज से जहाजों की आवाजाही लगभग बंद है। वैश्विक दैनिक तेल खपत का लगभग 20% हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि होर्मुज फारस की खाड़ी में बंदरगाहों के लिए एकमात्र समुद्री रास्ता है।

ईरान के सरकारी प्रसारक आइआरआइबी के माध्यम से यह घोषणा की गई। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानून व संबंधित प्रस्तावों के अनुसार स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध के दौरान होर्मुज स्ट्रेट के जरिये आवागमन को नियंत्रित करने का अधिकार रखता है। इससे पहले मंगलवार को ईरान ने यह संकेत दिया था कि चीन का झंडा लगे जहाजों को अनुमति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजरायल की तरफ से शनिवार को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया गया है। आइएएनएस के अनुसार, व्हाइट हाउस ने कहा कि जरूरत पड़ी तो अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल टैंकरों के लिए नेवल एस्कार्ट की तैनाती कर सकता है।




होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बंदर अब्बास बंदरगाह के पास एक जहाज में हुए धमाके के बाद उठते धुएं के गुबार का सैटेलाइट चित्र ● एएफपी/फाइल

## जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर अमेरिका से बात कर रहा भारत

**नई दिल्ली, रायटर:** पश्चिम एशिया में तेल शिपिंग से जुड़े जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारत, अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा संकट के कारण संभावित आपूर्ति बाधाओं से बचने का प्रयास किया जा रहा है। तेल मंत्रालय प्रमुख उत्पादकों व व्यापारियों के साथ तेल, एलपीजी व एलएनजी की सुरक्षित आवाजाही को लेकर चर्चा कर रहा है।

## ईरान ने अमेरिकी तेल टैंकर को बनाया निशाना

**दुबई, रायटर:** ईरान के रिवोल्यूशन गार्ड ने गुरुवार को खाड़ी के उत्तरी हिस्से में एक अमेरिकी तेल टैंकर को निशाना बनाने का दावा किया। उसने कहा कि टैंकर में आग लग गई। हालांकि इस खबर की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद अब तक कई तेल टैंकर निशाना बन चुके हैं।

## रूस ने कहा- ईरान ने हमसे कोई सैन्य सहायता नहीं मांगी

**मास्को, रायटर :** रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका व इजरायल के हमलों का सामना कर रहे ईरान ने रूस से कोई सैन्य सहायता यानी हथियारों की आपूर्ति नहीं मांगी है। रूस ने ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों की निंदा की है और तत्काल युद्ध विराम की मांग की है। पिछले वर्ष ईरान ने रूस के साथ 20 वर्षीय रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव से जब यह पूछा गया कि क्या रूस बयानबाजी से आगे बढ़कर अपने सहयोगी को सैन्य सहायता की पेशकश कर सकता है तो उन्होंने जवाब दिया कि ईरानी पक्ष से कोई अनुरोध नहीं आया है।

# तेहरान में धमाके, सरकारी टीवी चैनल हैक

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार को कई इलाकों में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजरायली लड़ाकू विमानों ने उत्तरी तेहरान और कई सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले किए। इजरायल वायुसेना ने कहा कि उसने गुरुवार को ईरान के 20 से अधिक सैन्य ठिकानों पर भारी बमबारी की है। रिपोर्टों के मुताबिक यहां ईरान की उन्नत 'गदर' क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़े ठिकानों पर भी हमले किए गए। वहीं, लेबनान में इजरायली हमलों में अब तक 100 लोग मारे गए हैं। ईरान पर हुए हमलों में पिछले छह दिनों में लगभग 1,230 लोग मारे जा चुके हैं। यूएई के जायेद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर धमाके सुने गए। तेहरान के उत्तर पश्चिम में हुए हमले में 17 पर्यटकों की मौत हुई है। बताया गया कि ईरान के सरकारी टेलीविजन को भी हैक कर लिया गया, जहां कुछ समय के लिए ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित बेटे रेजा पहलवी का संबोधन प्रसारित होने लगा।



ईरान के कुर्दिस्तान प्रांत के सनंदाज में हवाई हमले के बाद लगी आग ● रायटर

एएनआइ के अनुसार, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आइआरजीसी) ने बताया कि इजरायल और पश्चिम एशिया के अन्य लक्ष्यों के खिलाफ 'आपरेशन ट्रू प्रामिस-4' के तहत हमलों की 19वीं लहर शुरू की गई है। इस दौरान मिसाइलों और ड्रोन से कई हमले किए गए। आइआरजीसी ने दावा किया कि अमेरिका और इजरायल के सात उन्नत राडार सिस्टम नष्ट कर दिए गए। बहरीन की तेल रिफायनरी पर भी ईरान ने मिसाइल हमला किया।

**यूरोप ने सैन्य मदद भेजी:** न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, लेबनान में हिजबुल्ला के खतरे को देखते हुए ब्रिटेन के पीएम कीएर स्टार्मर ने चार लड़ाकू विमानों को कतर और ड्रोन रोधी क्षमताओं से लैस सैन्य हेलीकाप्टर साइप्रस स्थित ब्रिटिश सैन्य बेस पर भेजे हैं। यूरोपीय नेताओं ने कहा, वे अपने नागरिकों की सुरक्षा व समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए सैन्य मदद भेज रहे हैं, न कि ईरान पर बम बरसाने के लिए।

## पेट्रोल और डीजल की राशनिंग की योजना नहीं

**नई दिल्ली, एएनआइ :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत में पेट्रोल और डीजल की राशनिंग की कोई योजना नहीं है, क्योंकि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकारी अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पश्चिम एशिया संघर्ष बढ़ने से उत्पन्न ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अप्रत्याशित परिस्थितियों (फोर्स मेज्योर) की घोषणा करेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय कतर एनर्जी द्वारा फोर्स मेज्योर की घोषणा करने के बाद लिया गया। फोर्स मेज्योर ऐसे समय लागू किया जाता है, जब कोई पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाता है।

# 'ईरान के पास 11 परमाणु बम बनाने का यूरेनियम'

**ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्ताव पेश करने से परहेज किया, परमाणु हथियार हासिल करने को वे समय को खींच रहे थे**

**वाशिंगटन, आइएएनएस :** व्हाइट हाउस ने दावा किया है कि तेहरान के पास ''11 बमों के बराबर परमाणु सामग्री'' के लिए पर्याप्त उच्च संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। साथ ही कहा कि हालिया वार्ताओं के निष्कर्षों ने ट्रंप के ईरानी परमाणु ठिकानों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के निर्णय को प्रभावित किया।

ईरान के साथ हालिया वार्ताओं से परिचित एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा, तेहरान के पास वर्तमान में कई ठिकानों पर लगभग 10,000 किलो संवर्धित यूरेनियम है, जिसमें 460 किलो 60% शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम शामिल है। इसे उन्होंने हथियार-ग्रेड के बेहद करीब बताया। वहीं, दो अधिकारियों ने दावा किया कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख घटकों को संरक्षित करते हुए कूटनीति में देरी कर रहा था। अधिकारी ने कहा, ''यह बिल्कुल स्पष्ट था कि वे परमाणु हथियार हासिल करने के लिए जितना हो सके उतना समय को खींचने की कोशिश कर रहे थे।''

वहीं, एएनआइ के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संघ के महानिदेशक ने ट्रंप प्रशासन द्वारा व्यक्त किए गए उन विचारों का खंडन किया कि ईरान परमाणु हथियार बनाने का इरादा रखता है, लेकिन स्पष्ट किया कि ईरान के पास परमाणु-ग्रेड यूरेनियम का भंडार चिंता का विषय है।

## ईरान के हर हमले को नहीं रोक सकता अमेरिका : पीट हेगसेथ

**वाशिंगटन, एपी :** अमेरिका ने स्वीकार किया है कि ईरान की ओर से किए जाने वाले हर मिसाइल या ड्रोन हमले को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा इंतजाम लगातार मजबूत किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हर हमले को रोकने की गारंटी नहीं दी जा सकती। बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने एक बार फिर इजरायल के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इजरायल से कहा है कि वह अपने सैन्य अभियान को अंत तक जारी रखे, अमेरिका उसके साथ खड़ा है।

# भारत को मजबूत हाथ की जरूरत मगर हमारे पास समझौता करने वाले पीएम : राहुल गांधी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** कांग्रेस ने हिंद महासागर में श्रीलंका की समुद्री सीमा के निकट ईरानी जहाज को डुबाने की अमेरिकी कार्रवाई को सरकार की रणनीतिक लापरवाही बताते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के दरवाजे तक पहुंच गया है, लेकिन उन्होंने इस पर कुछ नहीं कहा। देश को एक मजबूत हाथ की जरूरत है, लेकिन हमारे पास आज एक समझौता करने वाले प्रधानमंत्री है जिन्होंने हमारी रणनीतिक स्वतंत्रता को सरेंडर कर दिया है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भारत का मेहमान ईरानी जहाज बिना हथियार लौट रहा था जिस पर हिंद महासागर क्षेत्र में टारपीडो से हमला हुआ लेकिन पीएम चिंता या दुख जताने की बजाय चुप हैं।

राहुल ने एक्स पोस्ट में कहा- 'दुनिया एक उतार-चढ़ाव वाले दौर में आ गई है। आगे तूफानी समुद्र आने वाला है। हमारा 40 प्रतिशत से ज्यादा तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। एलपीजी-एलएनजी के लिए हालत और भी खराब है। यह लड़ाई हमारे आसपास तक पहुंच गई है। एक ईरानी जंगी जहाज हिंद महासागर में डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा है। ऐसे समय में हमें एक मजबूत हाथ की जरूरत है।''



राहुल गांधी ● फाइल फोटो

खरगे ने कहा कि भारत के रणनीतिक व राष्ट्रीय हितों को बिना सोचे-समझे कैसे छोड़ दिया गया है, यह सब देख सकते हैं। जब अपने आसपास हो रही घटनाओं पर पीएम कुछ बोल नहीं सकते तो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने पर लेक्चर क्यों दे रहे हैं।

## कांग्रेस चाहती है कि भारत आंख मूंदकर ईरान का समर्थन करे : भाजपा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चाहती है कि भारत आंख मूंदकर ईरान का समर्थन करे, जबकि चीन भी तेहरान से दूरी बना रहा है। देश की विदेश नीति राष्ट्रीय हित व नागरिकों की सुरक्षा से निर्देशित होनी चाहिए, न कि विपक्षी दल की पुरानी विचारधारा के दबाव से। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-चीन ने वर्षों तक ईरान को कूटनीतिक संरक्षण दिया, उसके परोक्ष आतंकवादी समूहों को समर्थन दिया और उससे भारी मात्रा में तेल खरीदा...लेकिन अब वह भी तेहरान से दूरी बना रहा है। फिर भी कांग्रेस चाहती है कि भारत आंख मूंदकर ईरान का साथ दे, जबकि ईरान खाड़ी क्षेत्र में लगातार लापरवाह कार्रवाई कर रहा है।

## खामेनेई की मौत के विरोध में कश्मीर में कई जगह निकले जुलूस

**राज्य ब्यूरो, जागरण, श्रीनगर:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिकी हमले में मौत के खिलाफ गुरुवार को लगातार पांचवें दिन भी कश्मीर में तनाव बना रहा। हालांकि शिया बहुल क्षेत्रों में सभी दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे, लेकिन श्रीनगर के कुछ हिस्सों में दुकानें खुलीं और सड़कों पर सार्वजनिक वाहन भी नजर आए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त रहा। अफवाह रोकने के लिए विभिन्न इलाकों में प्रीपेड मोबाइल फोन सेवा और इंटरनेट भी प्रभावित रहा। शिक्षण संस्थान भी बंद हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सभी प्रमुख इस्लामिक धर्मगुरुओं और सिविल सोसाइटी के सदस्यों के साथ एक बैठक में वादी में सद्भाव और शांति का वातावरण बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने सभी से हालात को सामान्य बनाए रखने में सहयोग का आग्रह किया है।

# इस तरह अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत डेना को बनाया निशाना

अमेरिकी नौसेना की घातक पनडुब्बी ने मंगलवार को हिंद महासागर में एक ही टारपीडो मार्क-48 का इस्तेमाल करके एक ईरानी युद्धपोत आइआरआइएस डेना को डुबो दिया। आइए जानते हैं अमेरिका ने इस हमले को कैसे अंजाम दिया।

### मिसाइलों व टारपीडो से लैस था डेना

जिस जहाज को निशाना बनाया गया वह आइआरआइएस डेना था, जिसे अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने ईरान का सबसे महत्वपूर्ण जहाज बताया है। यह ईरान के सबसे नए युद्धपोतों में से एक था, जो गहरे पानी में गश्त करता था व भारी तोपों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज-रोधी मिसाइलों और टारपीडो से लैस था। इस पर एक हेलीकाप्टर भी था।

### क्या केवल पनडुब्बियां ही टारपीडो का उपयोग करती हैं

टारपीडो एक स्व-चालित जलमग्न हथियार है जिसे पानी की सतह के ऊपर या नीचे से दागा जा सकता है। इसमें एक विस्फोटक सामग्री होती है जो लक्ष्य से टकराने पर या उसके निकट पहुंचने पर विस्फोट करने के लिए डिजाइन की गई है। हालांकि टारपीडो को आमतौर पर पनडुब्बियों से जोड़ा जाता है, लेकिन इन्हें सतही युद्धपोतों से भी दागा जा सकता है या विमानों द्वारा गिराया जा सकता है। विमान और छोटे सतही पोत आमतौर पर हल्के टारपीडो का उपयोग करते हैं, जबकि बड़े युद्धपोत और पनडुब्बियां भारी टारपीडो का उपयोग करते हैं। मार्क 48 जिसका उपयोग आइआरआइएस डेना को डुबाने के लिए किया गया था, को या तो तार और रेडियो मार्गदर्शन के माध्यम से मैन्युअल रूप से या ध्वनिक होमिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से अपने लक्ष्य तक पहुंचाया जाता है।



### मार्क-48 टारपीडो की खासियत

आधुनिक संस्करणों जैसे एमके-48 एडीसीएपी बेहतर मार्गदर्शन प्रणाली, इलेक्ट्रानिक्स और प्रणोदन की सुविधा से लैस होते हैं

- **वजन :** लगभग 1,700 किलोग्राम
- **गति :** लगभग 100 किमी प्रति घंटा
- एक्टिव और पैसिव सोनार का उपयोग करके लक्ष्यों का पता लगाता है

### इस तरह सीधे जहाज की नींव को बनाता है निशाना

**पहला चरण**

- जहाज के नीचे जाता है टारपीडो
- 227 किलोग्राम टीएनटी की ऊर्जा से जहाज के नीचे विस्फोट करता है



**दूसरा चरण**



विस्फोट से गैस के विशाल बुलबुले जहाज की नींव को तोड़ने की क्षमता रखते हैं

**तीसरा चरण**



जहाज दो या दो से अधिक टुकड़ों में बिखर जाता है

जागरण रिसर्च

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# भारत और युद्ध

ईरानी युद्धपोत को जिस तरह से अमेरिकी पनडुब्बी ने निशाना बनाया है, उससे भारत व दक्षिण एशिया में चिंता की लहर स्वाभाविक है। श्रीलंका के गाले तट से 50 समुद्री मील दूर खुले समुद्र में अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत डेना को डुबो दिया, इसमें सवार कुछ नौसैनिकों को श्रीलंका की सेना ने बचाया है, जबकि 150 से ज्यादा सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। हमारे लिए चिंता की बात यह है कि यह ईरानी युद्धपोत भारत में आयोजित एक प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए विशाखापत्तनम आया था। प्रदर्शनी या युद्धाभ्यास का समापन 25 फरवरी को हुआ और उसके बाद यह युद्धपोत भारतीय क्षेत्र से बाहर निकल गया। इसके बाद 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध छिड़ा है। ईरान इस युद्धपोत को भारत का मेहमान पोत बता रहा है, पर वास्तव में यह कूटनीतिक चतुराई है। भारतीय समुद्री सीमा में अगर घुसकर अमेरिका किसी को निशाना बनाता, तो मामला बहुत गंभीर हो जाता। दूसरी बात, इस युद्धपोत ने भारतीय सीमा को छोड़ने के बाद मदद की गुहार नहीं लगाई।

फिर भी इस पूरे प्रकरण में भारत का नाम आना अच्छी बात नहीं है। यह एक सराहनीय बात है कि भारत ऐसे किसी भी देश के युद्धपोत को अपनी सीमा में नहीं रहने देता है, पर श्रीलंका ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। मिसाल के लिए, अब सभी की निगाहें ईरानी सैन्य टैंकर बुशेर पर टिकी हैं, जो कोलंबो बंदरगाह से 10 समुद्री मील दूर लंगर डाले हुए है। आज अमेरिका को भारत किस हक से रोक सकता है और अमेरिका भला भारत की बात क्यों सुनेगा? हालांकि, भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। एक पूर्व अमेरिकी जनरल ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया में सैन्य अड्डे तबाह हो चुके हैं और अमेरिका अब भारतीय अड्डों का इस्तेमाल कर रहा है। सावधान, अमेरिका में ऐसे तत्व हैं, जो भारत को युद्ध में घसीटना चाहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उचित ही ऐसे किसी सहयोग से इनकार किया है। युद्ध को लेकर फैल रही तमाम भ्रांतियों के प्रति भारत को सचेत रहना होगा। फिलहाल, ईरान हो या अमेरिका, दोनों से हमारे संबंध उतने अच्छे नहीं हैं कि हम उनकी नीतियों को प्रभावित करने लगें। हालांकि, आज दोनों देश चाहेंगे कि भारत उसके साथ दिखे, पर भारत को अपना हित देखना है। उसकी स्थिति अन्य देशों की तरह नहीं है। भारत सरकार जो फैसला लेगी, उससे उसके 140 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। युद्ध नहीं, बुद्ध हमारी नीति रही है और हमें किसी भी युद्ध में शामिल होकर अपनी परंपरागत छवि के विपरीत नहीं जाना चाहिए।

**अमेरिका और ईरान, दोनों चाहेंगे कि भारत उसके साथ दिखे, पर भारत को स्वहित देखना है। सरकार जो फैसला लेगी, उससे 140 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।**

ईरान और अमेरिका के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ा हुआ है। गौर कीजिए, ईरान के बहुत करीबी सहयोगी चीन और रूस रहे हैं, पर इन देशों ने खुद को सिर्फ बयानों तक समेट रखा है। जो लोग भारत पर सवाल उठा रहे हैं कि भारत ईरानी युद्धपोत की मदद कर सकता था, उन्हें चीन से भी यही सवाल पूछना चाहिए। गाले के ज्यादा करीब हम्बनटोटा है, जहां चीन बंदरगाह विकसित कर रहा है। इसके अलावा चीन ने अदन की खाड़ी के तट पर अपना नौसैनिक बल तैनात कर रखा है। ईरानी युद्धपोत के पक्ष में चीन भी उतर सकता था? चीन यह बात जानता है कि किसी भी युद्ध में उतरने के बड़े नुकसान हैं। आज भारत को अपना हित देखने का पूरा हक है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनई की मौत पर भारत में भी लोग गमगीन हैं और सरकार ने भी दुख का इजहार किया है। आज हर घटना पर तत्काल बयान से बचने में ही देशहित है और युद्ध से भारत जितना दूर रहे, उतना अच्छा है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 06 मार्च, 1951

## जागीरदारों के अधिकार

राजस्थान की रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया एक से अधिक मंजिल में पूरी हुई है। पहला संयुक्त राजस्थान जो अस्तित्व में आया, उसमें जयपुर, जोधपुर और बीकानेर की बड़ी रियासतों का समावेश नहीं हुआ था। धौलपुर, करौली, अलवर और भरतपुर रियासतों को मिलाकर मत्स्य राज्य संघम संगठित किया गया था। प्रथम संयुक्त राजस्थान में शामिल होने वाली सबसे बड़ी रियासत उदयपुर थी और इसलिए उसकी राजधानी उदयपुर में ही रखी गयी और उसका शासन चलाने के लिए श्री माणिक्यलाल वर्मा के नेतृत्व में एक लोकप्रिय मंत्रिमंडल का निर्माण किया गया। प्रथम संयुक्त राजस्थान के इस लोकप्रिय मंत्रिमंडल ने अपने कार्यकाल में एक ऐसा काम किया था, जिसकी उस समय राज्य के भीतर और बाहर काफी प्रशंसा की गयी थी। उसने सन् 1948 में जागीरदारों के अधिकार रद्द करने के लिए एक आर्डिनेंस जारी करवाया और तत्कालीन राजस्थान में सर्वत्र इस कानून के मातहत जागीरदारों के अधिकार राजस्थान सरकार ने अपने हाथों में ले लिये। राजस्थान सरकार ने इस प्रकार जागीरदारों के अधिकार अपने हाथ में लेकर जागीरी जनता के सदियों से चले आ रहे उत्पीड़न और शोषण को समाप्त कर दिया था और इसलिए स्वभावतः उसने प्रसन्नता का अनुभव किया और संतोष की सांस ली। जागीरदारों के अत्याचारों से मुक्त होने के लिए जागीरों की जनता एक लम्बे समय से संघर्ष करती आ रही थी।

लोक-प्रतिनिधियों के हाथों में सत्ता आते ही उसका यह संघर्ष सफल हुआ और जागीरदारों के हाथों में जो शोषण और उत्पीड़न की सत्ता थी, वह छीन सी गयी। जनता की दृष्टि से तत्कालीन राजस्थान सरकार का यह प्रगतिशील कदम था, जिसने उसकी लोकप्रियता को बढ़ा दिया था। बाद में बड़े राजस्थान का निर्माण हुआ। जयपुर, जोधपुर और बीकानेर की रियासतों को उसमें शामिल कर दिया गया। बड़े राजस्थान की इस नयी व्यवस्था में भी प्रथम संयुक्त राजस्थान की सीमाओं में अब तक जागीरदारी अधिकार रद्द करने संबंधी सन् 1948 के आर्डिनेंस पर अमल होता रहा और उसमें किसी किस्म की दिक्कत पेश नहीं आयी। किन्तु अब राजस्थान सरकार ने जागीरदारों के छिने हुए अधिकांश अधिकार जागीरदारों को वापस सौंप दिये हैं।

# अब नीतीश बिना बिहार की राजनीति

**भारतीय जनता पार्टी के लिए यह चुनौती और अवसर, दोनों है। अगर वह यहां की जातिगत राजनीति को संभाल और साध सकी, तो उसके लिए आगे रास्ते आसान हो जाएंगे।**



यहां स्कैन करें

आरती आर जेरथ | वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर अटकलें बीते कुछ समय से लगातार लग रही थीं, लेकिन वह राज्यसभा सदस्य बनकर यूं दिल्ली पहुंचेंगे, इसका अंदेशा शायद ही था। बीते 48 घंटों में बिहार का सियासी समीकरण तेजी से बदला है, जो काफी हद तक 'महाराष्ट्र मॉडल' की पुनरावृत्ति है। हालांकि, महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव के बाद उप-मुख्यमंत्री पद से संतोष कर लिया, जबकि बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद के लिए अड़े हुए थे।

बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम बहुत आश्चर्यजनक नहीं लगता। भाजपा बहुत दिनों से इस अभियान में जुटी थी। हालांकि, बिहार की जातिगत राजनीति काफी जटिल है और सुशील मोदी के देहांत के बाद भाजपा के पास पिछड़े वर्ग का ऐसा कोई प्रभावी नेता नहीं था, जो पार्टी का नेतृत्व कर सके, इसलिए वह नीतीश कुमार पर ही सहमत रही है। साल 2025 के विधानसभा चुनाव में भी उसने नीतीश कुमार को किनारे करने की कोशिश की थी और उनको मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने में हिचकती रही। हालांकि, जब उसे लगा कि नीतीश कुमार के प्रति लोगों में सहानुभूति है और बीमार होने के बावजूद जनाधार उनके पक्ष में कायम है, बल्कि खराब सेहत के कारण मतदाता उनके प्रति अधिक आकर्षित हैं, तो भारतीय जनता पार्टी ने पीछे हटना ही उचित समझा था।

अब करीब-करीब तय है कि अगला मुख्यमंत्री उसी का होगा। हालांकि, पार्टी यहीं तक शायद ही रुकेगी। जद (यू) के वोट-बैंक और विधायकों को अपनी पार्टी में लाने की कोशिश वह कर सकती है। बेशक, उसके पास फिलहाल ऐसा चेहरा नहीं दिख रहा, जो पिछड़े वर्ग के राजनीतिक समीकरण पर खरा उतर सके, लेकिन जो भी राज्य का मुखिया बनेगा, उस पर अब यह महती जिम्मेदारी होगी कि वह नीतीश कुमार की आभा से बिहार के मतदाताओं को आगे ले जाए।

भाजपा के लिए यह चुनौती और अवसर, दोनों है।



बिहार कर्पूरी ठाकुर का राज्य है, जहां पिछड़े वर्ग की राजनीति जोरों से चलती है। अगर यहां की इस जातिगत राजनीति को भाजपा संभाल सकी, तो उसके लिए रास्ते आसान हो जाएंगे और अगर, इसमें वह विफल रही, तो महागठबंधन के लिए उम्मीदों के दरवाजे खुल सकते हैं, क्योंकि भाजपा की विफलता राजद को मौका दे सकती है। तेजस्वी यादव इसके लिए जरूर प्रयास करेंगे। मुमकिन है, आने वाले दिनों में हम 'भाजपा बनाम राजद' की सियासी जंग देखें।

यहां मैं जान-बूझकर कांग्रेस का नाम नहीं ले रही, क्योंकि राज्य में नेतृत्व का उसका संकट उसे लगातार अप्रासंगिक बना रहा है। साल 2025 के विधानसभा चुनावों को ही याद कीजिए। वोटर अधिकार यात्रा की सफलता से लगा था कि कांग्रेस चुनाव को लेकर गंभीर होगी, मगर उसकी लापरवाही का आलम यह रहा कि राहुल गांधी ऐन वक्त पर राज्य से गायब रहे। यहां तक कि गठबंधन को लेकर भी उलझन अंत-अंत तक दिखी और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद के लिए अपने नाम का एलान खुद करना पड़ा। चुनाव में दोनों पार्टियां जरूर साथ-साथ लड़ रही थीं, मगर उन्होंने साझा रैली तक नहीं की। वहीं, सामने भाजपा जैसी पार्टी थी, जो चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा देती है। कांग्रेस चाहे, तो यहां भाजपा से गठबंधन-धर्म सीख सकती है, क्योंकि जब भाजपा को लगा कि नीतीश कुमार के प्रति लोगों में आकर्षण कायम है, तो उसने तुरंत उनको गठबंधन नेता के रूप में आगे कर दिया।

कांग्रेस इस सबक से तमिलनाडु चुनाव में भी लाभ उठा सकती है, जहां वह पिछले दिनों नए 'मोर्चे' की वकालत कर रही थी, लेकिन जब द्रमुक ने आंखें तरेरी, तब जाकर वह गठबंधन को तैयार हुई। उसने आखिरी समय में अपने पत्ते खोले, जबकि इस राज्य में भी उसका जनाधार बहुत कमजोर है और गठबंधन के बिना उसका चुनाव जीतना करीब-करीब नामुमकिन है। बिहार अपवाद नहीं है। यहां भी कांग्रेस उम्मीदवार अपने दम पर चुनावी जीत हासिल करते हैं, पार्टी से उनको नाम-मात्र की मदद मिलती है। पटना विश्वविद्यालय चुनाव में ही अभी-अभी उसकी छात्र इकाई एनएसयूआई को जो जीत मिली है, उसके निहितार्थ यही हैं।

रही बात जद (यू) की, तो अब उसके अस्तित्व पर संकट बढ़ सकता है। इसी कारण कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी है। पार्टी में अंदरूनी टकराव विधानसभा चुनाव के समय भी दिखा था। जद (यू) के कुछ बड़े नेताओं पर ये आरोप रहे हैं कि वे भाजपा के इशारों पर काम करते हैं। चुनाव के समय सीट साझेदारी को लेकर जो तनाव था, उसकी वजह नीतीश कुमार तक इन नेताओं द्वारा सही सूचना न पहुंचाना ही था। चूंकि, अब उम्र व सेहत, दोनों ही मोर्चे पर नीतीश कुमार संघर्ष कर रहे हैं और उनके बेटे निशांत कुमार के पास पर्याप्त अनुभव नहीं है, इसलिए माना जा रहा है कि जद (यू) के लिए आने वाले दिन चुनौती भरे होंगे।

इन सब सियासी ड्रामे में बिहार के मतदाता खुद को छला हुआ मान रहे होंगे। 2025 के विधानसभा चुनाव में चेहरा नीतीश कुमार ही थे। दरअसल, नीतीश कुमार की सियासत दो तबकों पर टिकी रही है- अति-पिछड़ा वर्ग और महिलाएं। उन्होंने मंडल की राजनीति से अति-पिछड़े वर्गों को तोड़ा और फिर उनके लिए कई तरह की योजनाएं शुरू कीं। इसी तरह, उन्होंने महिलाओं के हित में भी कई काम किए। इनका फायदा उन्हें मिला और वह पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री पद पर निर्विवाद काबिज रहे। मतदाताओं की उलझन अब यह होगी कि वे भरोसा करें, तो किस पर? फिलहाल, राष्ट्रीय जनता दल घरेलू कलह से जूझ रहा है और कांग्रेस नेतृत्वहीनता की शिकार है, इसलिए मतदाताओं की मंशा अभी स्पष्ट तौर पर नहीं कही जा सकती।

हालांकि, एक तबका इस पूरे घटनाक्रम को उत्तर प्रदेश से भी जोड़ रहा है और बताने की कोशिश कर रहा है कि यहां की कुर्मी जाति, जो अन्य पिछड़े वर्ग में यादव के बाद सबसे अधिक प्रभाव रखती है, आगामी विधानसभा चुनाव (2027) में भाजपा से छिटक सकती है। हालांकि, मैं ऐसा नहीं मानती। बिहार और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग चुनावी गणित काम करते हैं। इसे यूं समझिए कि बिहार में जहां भारतीय जनता पार्टी की ध्रुवीकरण की राजनीति सफल नहीं हो पाती, वहीं उत्तर प्रदेश में उसे इससे सफलता मिलती है, खास तौर से राज्य के पश्चिमी हिस्से में। इसलिए, बिहार के इस नए राजनीतिक घटनाक्रम को उत्तर प्रदेश से जोड़ना फिलहाल सही नहीं होगा।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# डिजिटल हाईवे से निखर जाएगी पहाड़ों की छटा



यहां स्कैन करें

गिरीश गुरुरानी | वरिष्ठ पत्रकार

क्या हम खूबसूरत पहाड़ों को आईटी कंपनियों का कर्मक्षेत्र बना सकते हैं? थोड़ा चुनौतीपूर्ण है, पर असंभव नहीं। पर्वतीय राज्यों को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से सीखना पड़ेगा। 'मास टूरिज्म की जगह क्लास टूरिज्म' और 'नॉलेज इकोनॉमी' पर ध्यान केंद्रित करने से रोजगार के नए रास्ते बनेंगे।

आईटी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल 'वर्क फ्रॉम हिमालय' योजना बनाने की जरूरत है। इससे पहाड़ों पर घर किराये पर देने, होम स्टे, खान-पान, परिवहन आदि के कारोबार और रोजगार के साधन बढ़ेंगे। युवा अपने गांव के पास ट्रेनिंग ले सकेंगे और पलायन की समस्या एक सीमा तक कम होगी। हर नए काम के आगे चुनौती खड़ी होती है, लेकिन सरकार इस पर पूरा फोकस कर दे, तो पर्वतीय राज्यों के लिए यह योजना गेम चेंजर साबित होगी। पहाड़ी इलाकों में अधिक लागत के कारण बड़े कारखाने न तो व्यावहारिक हैं और न ही पर्यावरण के अनुकूल। इसीलिए पर्वतीय राज्यों का औद्योगीकरण नहीं हो पाया। पढ़ाई के बाद युवाओं के लिए सरकारी नौकरी को रोजगार का अकेला महत्वपूर्ण साधन कहा जाता है। पर्यटन कारोबार चंद इलाकों तक सीमित है। इसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण तथा वंचित गांवों तक पहुंचाकर आम लोगों की आमदनी और प्रदेश की आर्थिकी को बढ़ाया जा सकता है। इसलिए आईटी कंपनियों को रिमोट वर्क प्लेस के लिए आमंत्रित करके नए और स्थिर पर्यटन के रास्ते खोले जा सकते हैं।

**आईटी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल 'वर्क फ्रॉम हिमालय' योजना बनाने की आवश्यकता है।**

पहाड़ों पर काम करने के लिए सबसे बड़ी बाधा कनेक्टिविटी की है। सरकार को सबसे पहले डिजिटल हाईवे के रूप में हाई-स्पीड इंटरनेट कॉरिडोर विकसित करने होंगे। महत्वपूर्ण और बुनियादी काम है, भारतनेट के तहत प्रत्येक सुदूर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाना और प्रमुख पर्यटन स्थलों को हॉटस्पॉट बनाना। योजना के अंतर्गत पुराने सरकारी भवनों, बंद पड़े स्कूलों, पंचायत घरों या किराये के मकानों को आधुनिक को-वर्किंग हब में बदलकर वहां समुचित फर्नीचर, पावर बैकअप और हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा मिले। होमस्टे योजना को वर्क-फ्रेंडली बनाने के अलावा कार्यस्थल की सुविधा देने वाले होम स्टे को विशेष सब्सिडी का प्रावधान हो।

आईटी कंपनियों और फ्रीलांसरों को वर्क फ्रॉम हिमालय योजना के प्रति आकर्षित करने के लिए सरकारी नीतियों में लचीलापन जरूरी है। अपने कर्मचारियों को पर्वतीय इलाकों में भेजने वाली कंपनियों को इंसेंटिव देने की व्यवस्था हो। को-वर्किंग स्पेस और आईटी हब को रियायती दरों पर बिजली दी जाए। हर 'वर्क हब' के आसपास टेली मेडिसन की सुविधा विकसित करनी पड़ेगी। आईटी कंपनियों को समझाना होगा कि महानगरों के ट्रैफिक और प्रदूषण के मुकाबले हिमालयी क्षेत्र शांत व सुरक्षित हैं। यहां उनके कर्मचारियों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। शोध बताते हैं, शांत वातावरण में 20 फीसदी तक कार्य-क्षमता बढ़ जाती है। फिर यहां दफ्तर किराये पर लेना महानगरों की तुलना में 50 फीसदी से ज्यादा सस्ता है।

कल्पना कीजिए, कोई उत्तराखंड के जोशीमठ, मुनस्यारी, जम्मू के पत्नीटाप, हिमाचल के सांगला में वर्क स्पेस सजाकर काम कर रहा हो और हर 10-15 मिनट बाद सामने हिमालय के सौंदर्य को निहार रहा हो। सप्ताह में दो शाम स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिल जाएं। सुबह के नाश्ते में शुद्ध घी लगी रोटी के साथ सेब, माल्टा या बुरांश का जूस परोसा जा रहा हो। साफ हवा, स्वच्छ पानी और कहां मिलेगा? हां, यहां के पर्यावरण का ख्याल रखने के लिए 'जीरो वेस्ट' पॉलिसी इसका जरूरी हिस्सा हो। हिमालय और उसकी खूबसूरती बचेगी, तभी पर्यटन व आतिथ्य का कारोबार बचेगा।

योजना का उद्देश्य केवल बाहरी पेशेवरों को लाना ही नहीं, स्थानीय युवाओं को तैयार करना भी होना चाहिए। स्थानीय युवाओं को कम्युनिटी मैनेजर व आईटी सपोर्ट स्टाफ के रूप में प्रशिक्षित करना होगा। आईटी प्रशिक्षण केंद्रों के जरिये स्थानीय युवाओं को कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग व डाटा एंट्री का प्रशिक्षण देकर बाहरी कंपनियों के साथ काम करने के काबिल बनाना पड़ेगा। सरकार इस योजना पर सामर्थ्य लगाकर काम करे, तो पहाड़ों की नैसर्गिक छटा पर खुशहाली की नई चमक दिखाई पड़ेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# कल भिक्षा ले जाना

याद आती है मुझे एक छोटी सी घटना। युधिष्ठिर अज्ञातवास में छिपे हुए हैं, वेशभूषा बदल रखी है, किसी को पता नहीं कि वह कौन हैं? युधिष्ठिर कुटी के सामने बैठे हैं। भीम एक कोने में बैठे कुछ सोच रहे हैं। एक भिखारी आता है और युधिष्ठिर से भीख मांगता है। युधिष्ठिर ने उससे कहा, तुम कल आ जाना। भीम उछलकर खड़े हो गए और भीतर कुटी की तरफ दौड़े। युधिष्ठिर ने पूछा, तुझे क्या हो रहा है?

भीम ने कहा कि मैं सबको बताने जा रहा हूं कि मेरे भ्राताश्री ने समय पर विजय पा ली। आपने भिक्षुक से कहा कि कल आ जाना। इससे एक बात पक्की है कि आप सुनिश्चित हैं कि कल आएगा। इसलिए मैं जरा गांव भर में खबर कर आऊं कि मेरे भैया ने समय पर विजय पा ली है। युधिष्ठिर भागते हुए उस भिखारी के पास पहुंचे, उसे रोका और कहा, तू आज ही ले जा, क्योंकि कल का सच कहां भरोसा?

कल के लिए क्या उपाय है कि हम कुछ तय कर सकें? जो टालता है, वह अपने को धोखा देता है। जो कल पर छोड़ता है, वह किसी और से नहीं, अपने से ही बेईमानी कर रहा है। इसलिए अगर कल आपके हाथ में हो, तो स्थगित करना और कल अगर हाथ में न हो, तो स्थगित मत करना। अगर स्थगित ही करना हो, तो कल के लिए बुराई को स्थगित करना, क्योंकि कल कभी नहीं आता। क्रोध आए, तो कहना कि कल करेंगे। चोरी करनी हो, तो कहना कि कल करेंगे। फिर तुमसे पाप हो ही नहीं सकेंगे, क्योंकि कल कभी नहीं आता। जो कुछ भी ठीक करना हो, शुभ करना हो, वह अभी कर लेना। अगर उसे कल पर टाला, तो यह भी नहीं हो सकेगा।

जिस आदमी ने कल में अपने स्वर्ग को देखा है, उसका आज नर्क होगा, इतना पक्का है, क्योंकि कल तो आएगा नहीं। जब भी कल आएगा, आज होकर आएगा। अगर तुमने यह गलत आदत सीख ली कि तुम कल में ही नजर लगाए रहते हो, तो तुम आज को सदा गंवाते जाओगे। जब भी आएगा आज आएगा; जो भी आएगा, आज की तरह आएगा। तुम्हारी आंखें अगर कल पर लगी रहेंगी, तो तुम जो मिला था, उसे कभी न भोग पाओगे; जो तुम्हारे हाथ में रखा है, उसे देख ही नहीं पाओगे; जो नृत्य-गीत चल ही रहा था, उसमें सम्मिलित ही न हो पाओगे।

**जिस आदमी ने कल में अपने स्वर्ग को देखा है, यह पक्का है कि उसका आज नर्क होगा, क्योंकि कल तो आएगा ही नहीं। जब भी कल आएगा, वह आज बनकर आएगा।**

अस्तित्व वर्तमान है- उतरो, छलांग लो। तैयारी तो सदा से पूरी है, सिर्फ तुम्हारी प्रतीक्षा है। तुम नाचो! तुम यह मत कहो कि कल नाचेंगे। तुम यह मत कहो कि आंगन ही टेढ़ा है, नाचें कैसे? जिसे नाचना आता है, वह टेढ़े आंगन में भी नाच लेता है। जिसे नाचना नहीं आता, आंगन कितना ही सीधा, चौकोर हो जाए, तब भी नाच न पाएगा।

ओशो

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना | न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट



**जजों को अगर यह पता भी हो कि उनके नापसंदीदा फैसलों से पदोन्नति व सेवा विस्तार की राह में मुश्किलें आ सकती हैं या वे सत्ता में बैठे लोगों को खटक सकते हैं, तब भी ये बातें उनके फैसले की राह में नहीं आनी चाहिए।**

# ऐसे लोग निर्दोषों की मौत पर मौन क्यों

अमेरिका व इजरायल की साझा कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद भारत सहित कई देशों में उनके समर्थकों द्वारा मातम मनाया जा रहा है और अमेरिका व इजरायल की आलोचना की जा रही है। युद्ध हो या आतंकवाद, उसके घाव सदैव गहरे और त्रासद होते हैं। उनकी टीस लंबे समय तक लोगों को व्यथित करती रहती है, पर क्या इसका यह मतलब होना चाहिए कि गलत को गलत न कहा जाए? ईरान के सुप्रीम लीडर के तौर पर लगभग 36 वर्षों तक सत्ता में रहे खामेनेई के शासनकाल में कितने निर्दोषों का दमन हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। क्या मातम मनाने वालों को यह स्मरण है? जब किसी देश के नागरिक स्वयं अपने सर्वोच्च नेता की मृत्यु पर सड़कों पर उतरकर जश्न मनाते दिखाई दें, तो यह शासन व जनता के बीच की खाई का संकेत देता है। ऐसे में, भारत में शोक प्रकट करने वाले लोग आखिर किस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं?

खामेनेई पर यह आरोप रहा कि उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए। हिजाब को अनिवार्य करना और इस्लामी कायदों की कठोर व्याख्या के जरिये सामाजिक जीवन को नियंत्रित करना उनकी नीति रही। जब ईरान की महिलाओं और युवाओं ने स्वतंत्रता व समान अधिकार की मांग उठाई, तब विरोध-प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला गया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन कार्रवाइयों की आलोचना की। यह भी विचारणीय है कि जब भारत में आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिक मारे गए, तब क्या इन शोक प्रकट करने वालों ने उतनी ही तीव्रता से संवेदना व्यक्त की? यदि हम सचमुच मानवीय मूल्यों के पक्षधर हैं, तो हमारी संवेदनाएं चयनात्मक नहीं होनी चाहिए। हिंसा चाहे कहीं भी हो, ईरान में या भारत में, उसकी समान निंदा होनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होते। कभी ईरान व इजरायल के संबंध सामान्य थे, किंतु वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं ने उनको कट्टर-विरोधी बना दिया। मध्य-पूर्व के कई देश, जैसे सऊदी अरब, बहरीन और कुवैत भी इस तनावपूर्ण माहौल से प्रभावित रहे हैं। निस्संदेह, किसी भी युद्ध की विभीषिका अत्यंत भयावह होती है। हुक्मरानों के अहंकार की कीमत अंततः आम नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और सैनिकों को ही चुकानी पड़ती है। अतः किसी भी शासक की मृत्यु पर भावनात्मक प्रतिक्रिया देने से पूर्व उसके शासनकाल का समग्र और निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है। यदि हम वास्तव में मानवता के पक्षधर हैं, तो हमें हर निर्दोष की पीड़ा पर समान रूप से संवेदनशील होना चाहिए।

अरविंद रावल, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### खामेनेई



# खामेनेई में खामी देखने वाले सच नहीं जानते

शहादत जिनकी जिंदगी में सांसों की तरह पैबस्त हो, उनकी मौत बीज बनकर आती है। जो न झुका, न डरा और न पीछे हटा। जमाना याद रखेगा उसे हमेशा...यजीद के खिलाफ लड़ाई में अपने उसूल के लिए शहीद हो जाना ही तो कर्बला का सबक था और हजरत खामेनेई उस कर्बला के सबक पर खरे उतरे। कितने कम लोग होते हैं, जो मौत से आंख मिलाते हैं। रास्ता तो डील करने का इनके पास भी था। झुक जाने का था। ट्रंप के हाथ को अपने सिर पर रख लेने का विकल्प इनके पास भी था, मगर वह लड़े। अरब, जो पैरों पर लोटते रहे अमेरिका के, वहीं खामेनेई उससे बराबर से लड़े और शहीद हो गए। अरब के हुक्मरानों के नाम कोई नहीं बता पाएगा, मगर शहीद खामेनेई को आज सारी दुनिया जानती है। बच्चा-बच्चा जानता है। यह होती है हिम्मत...!

अमेरिका ने राष्ट्र प्रमुखों को मारने का जो चलन शुरू किया है, उन्हें कैद करने की जो शुरुआत की है, वह उसे बहुत बदतर अंजाम तक पहुंचाएगी। अराजकता से कभी शांति नहीं आएगी और अमेरिका के सदर अराजकता के प्रमुख हैं। शहीद हजरत खामेनेई हमेशा जिंदा रहेंगे...शहीद मरते नहीं हैं। जिनको सिर्फ खामेनेई की सत्ता में खामी दिखती है, वे वाकई मासूम हैं, क्योंकि वे छोटी-छोटी बच्चियों को वहशियों के नोचने के लिए छोड़ देने वालों पर चुप हैं। 'एप्सटीन' यह नाम तो आप सब जानते ही होंगे? अगर नहीं जानते, तो हमें मत सिखाएं कि खामेनेई क्या हैं? यदि ट्रंप और खामेनेई के बीच किसी एक को चुनना होगा, तो हम खामेनेई को ही चुनेंगे। नेतन्याहू और खामेनेई के बीच कोई चुनना होगा, तो हम खामेनेई चुनेंगे। हां, खामेनेई को हम कब नही चुनेंगे? जब गांधी और खामेनेई में से किसी एक को चुनना हो। तब हम गांधी को चुनेंगे। जब नेहरू और खामेनेई में चुनना हो, तब हम बेशक नेहरू को चुनेंगे।

हमारा खामेनेई साहब की हुकूमत से कुछ ऐतराज था और है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि ट्रंप और नेतन्याहू की गुलामी स्वीकार कर लें? खामेनेई चाहते, तो डील कर लेते और जिंदा रहते, मगर इतिहास सबको यह मौका देता है। बुजदिल बनो या फिर वीर, तो उन्होंने वीरता चुनी और उस वीरता की इज्जत है। वैसे भी मौत से किसे डर लगता है, सिवाय बुजदिलों के... खामेनेई हीरो थे और उन्होंने अपने अवाम से जो वादा किया, निभाया। पीछे नहीं हटे, छिपे नहीं और वह कर दिखाया, जो सदियों में कोई नहीं कर सका। इस सदी की सबसे बड़ी शहादत। खामेनेई की शहादत ने उनका दर्जा बहुत बुलंद कर दिया है। शहीद खामेनेई आने वाली नस्लों के सबक बनेंगे।

हफीज किदवई, टिप्पणीकार

# मधुमेह से पहले ही संभल जाएं

**भारत में करीब 13 .6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज या मधुमेह-पूर्व की स्थिति के शिकंजे में हैं। यह मधुमेह के पहले का चरण है। अगर इस चरण में हम नहीं संभले, तो मधुमेह का शिकार हो जाएंगे। अगर संभल गए, तो पूरी बाजी पलटी जा सकती है। कैसे खुद को डायबिटीज के घेरे में जाने से रोकें, बता रही हैं पूजा प्रसाद**



भारत में लगभग 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की चपेट में हैं। प्री-डायबिटिक्स यानी ऐसे लोग, जिन्हें अभी डायबिटीज नहीं है, लेकिन वे इसकी चपेट में आने से कुछ ही कदम दूर हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि ज्यादातर लोगों को यह नहीं पता कि वह प्री-डायबिटीज के शिकार हैं।

## प्री-डायबिटीज को समझें

डायबिटीज शरीर की वह अवस्था है, जहां खून में शुगर (ग्लूकोज) का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। हमारे शरीर में भोजन से मिलने वाली ऊर्जा यानी ग्लूकोज को कोशिकाओं तक पहुंचाने का काम इंसुलिन हार्मोन करता है, लेकिन जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता या उसका सही इस्तेमाल नहीं कर पाता, तो यह शुगर कोशिकाओं में जाने के बजाय खून में ही जमा होने लगती है।

वहीं प्री-डायबिटीज वह अवस्था है, जब व्यक्ति के खून में शुगर सामान्य से अधिक तो है, पर अभी डायबिटीज की रेंज में नहीं है। डॉक्टर इसे शरीर द्वारा दी गई चेतावनी कहते हैं, जिस पर ध्यान न देना तेजी से टाइप- टू डायबिटीज का शिकार बना सकता है।

## चुपचाप बढ़ते रहते लक्षण

प्री-डायबिटीज के लक्षण अक्सर देर तक सामने नहीं आते। इसी कारण ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं होता कि वे समस्या की गिरफ्त में आ चुके हैं। जब तक स्पष्ट लक्षण दिखने शुरू होते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अध्ययन कहते हैं कि प्री-डायबिटीज की रेंज में आने के बाद इस बात की आशंका बढ़ जाती है कि आप आने वाले पांच सालों में टाइप-2 डायबिटीज के शिकार हो जाएं। इतना ही नहीं, प्री-डायबिटीज स्टेज भले ही डायबिटीज की रेंज से बाहर है, लेकिन बीपी, मोटापा, फैटी लिवर, नसों में समस्या, आंख के रेटिना से जुड़ी समस्याएं इसी स्टेज पर हो सकती हैं। हार्ट अटैक होने या धमनियों में ब्लॉकेज जैसी समस्या की शुरुआत प्री-डायबिटीज के चरण में हो सकती है। दूसरी तरफ फैटी लिवर और मोटापा होना डायबिटीज के खतरे को बढ़ा देता है।

## कैसे बढ़ जाता खतरा

- पुरुषों की कमर का घेरा 90 सेंटीमीटर और महिलाओं का 80 सेंटीमीटर से अधिक होने पर।
- माता-पिता या परिवार में किसी एक को या दोनों को डायबिटीज की समस्या होना।
- महिलाओं में पीसीओडी या पीसीओएस की समस्या भी इसके खतरे को बढ़ाती है। ऐसी स्थिति में महिलाओं की ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट बन जाते हैं। इससे शरीर इंसुलिन बनाता तो है, लेकिन उसे सही ढंग से इस्तेमाल नहीं कर पाता।
- **हाइपरटेंशन:** लगातार रक्तचाप बढ़े रहना भविष्य में डायबिटीज का खतरा बढ़ाता है।
- **निष्क्रिय जीवनशैली:** बहुत कम शारीरिक परिश्रम करना, ज्यादातर समय बैठकर या आराम करते हुए बिताना, लंबे समय तक बैठकर कंप्यूटर या मोबाइल इस्तेमाल करना प्री-डायबिटीज का खतरा बढ़ाता है।
- गर्भावस्था में हुई डायबिटीज भले ही डिलिवरी के बाद ठीक हो जाए, पर ऐसे मरीजों में जीवनशैली पर ध्यान न देना, भविष्य में समस्या दोबारा होने का खतरा बढ़ाता है।
- 11 से 18 साल के मोटापे के शिकार बच्चों में प्री-डायबिटीज का खतरा अधिक होता है। खासकर, जिनके परिवार में डायबिटीज का इतिहास है।
- महिलाओं में पेरीमेनोपॉज से लेकर मेनोपॉज की अवस्था में शरीर में कई बदलाव आते हैं। ऐसी स्थिति में भी प्री-डायबिटीज होने की आशंका बढ़ जाती है। यही वजह है कि इस समय शुगर की नियमित जांच जरूरी हो जाती है।

## वजन कम करने वाली दवाएं लें या नहीं?

इन दिनों डायबिटीज और मोटापे के इलाज में नए तरह के इंजेक्शन बाजार में मौजूद हैं। कुछ को खासतौर पर टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए बनाया गया है। चूंकि, इससे वजन भी कम होता है, इसलिए यह मोटापे के इलाज के लिए भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हालांकि, इनका इस्तेमाल केवल डॉक्टरी सलाह और निगरानी पर ही किया जाना चाहिए।

अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 30 से ऊपर है और उन्हें कोलेस्ट्रॉल व अन्य गंभीर समस्याएं होने का खतरा है, तो डॉक्टर इन दवाओं और इंजेक्शन की सलाह दे सकते हैं। इनसे वजन कम होता है और धीरे-धीरे शुगर का स्तर सामान्य होने लगता है।

## डायबिटीज के कई प्रकार

**टाइप-1:** इसमें शरीर का इम्यून सिस्टम ही इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं को खत्म कर देता है। यह अक्सर बचपन में शुरू होती है। ज्यादातर आनुवंशिक होती है।

**टाइप-2 :** खराब जीवनशैली से होने वाली डायबिटीज। इसमें शरीर इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाता या पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता। भारत में इसके मामले सबसे अधिक होते हैं।

**टाइप-1.5** इसे 'मिक्स्ड डायबिटीज' समझें। शुरुआत में यह टाइप-2 जैसी दिखती है, पर धीरे-धीरे मरीज पूरी तरह इंसुलिन पर निर्भर हो जाता है। यह वयस्कों में होती है।

**जेस्टेशनल (गर्भावस्था में):** यह केवल प्रेग्नेंसी के दौरान होती है। हालांकि, डिलीवरी के बाद यह ठीक हो जाती है। भविष्य में टाइप-2 का खतरा बढ़ सकता है।

**नियोनेटल :** बेहद दुर्लभ। जन्म के पहले 6 महीनों में दिखने वाली यह समस्या 4 लाख में से किसी एक बच्चे को होती है।

**टाइप-3सी:** जब पैनक्रियाज में पुरानी सूजन या बीमारी हो, तब इंसुलिन और पाचन एंजाइम्स दोनों की कमी हो जाती है।

**टाइप-3 :** यह दिमाग में इंसुलिन की गड़बड़ी से जुड़ी है, जो आगे चलकर 'अल्जाइमर' का कारण बन सकती है।

**टाइप-5 :** यह उन लोगों को होती है, जो बहुत दुबले-पतले हैं। पोषण की कमी के कारण उनके शरीर में इंसुलिन बनना कम हो जाता है।

**मोनोजेनिक:** सबसे दुर्लभ प्रकार, जो किसी एक जीन में खराबी (म्यूटेशन) के कारण होता है।

### प्री-डायबिटीज की रेंज

खाली पेट यानी फास्टिंग ब्लड शुगर का 70 से 99 एमजी/डीएल की रेंज में होना यानी डायबिटीज नहीं है।

फास्टिंग ब्लड शुगर 100–125 एमजी/ डीएल की रेंज में होना, प्री-डायबिटीज की स्थिति बताता है।

तीन माह का औसत शुगर, एचबीए1सी 5.7% से 6.4% की रेंज में होना प्री-डायबिटीज। उससे अधिक डायबिटीज।




### ऐसे करें प्री-डायबिटीज से वापसी

1- सबसे प्रभावी तरीका है, वजन कम करना। मोटे लोग अगर वजन 5 से 7 फीसदी भी कम करते हैं, तो वे तीन महीने के भीतर शुगर के स्तर पर बड़ा असर डाल सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, वजन कम करने से डायबिटीज के खतरे को 58 % तक कम किया जा सकता है।

2- कम से कम 30 मिनट रोज व्यायाम करें। पैदल चलना, एरोबिक्स, दौड़ना, साइक्लिंग, स्विमिंग.. जो भी आप कर पाएं। लगातार बैठे न रहें।

3- आलू, सफेद चावल, मैदा, नूडल, पास्ता जैसे कार्बोहाइड्रेट कम खाएं। अपनी थाली का आधा हिस्सा सलाद, फल व सब्जियों का रखें। एक चौथाई हिस्सा प्रोटीन युक्त चीजों जैसे मटर, टोफू, दाल, दूध से बने पदार्थ जैसे पनीर आदि का रखें। बाकी चौथाई हिस्से में साबुत अनाज के मिश्रण से बनी रोटी, ब्राउन चावल शामिल करें। साबुत अनाज में गेहूं और चावल की तुलना में कार्ब्स कम और प्रोटीन अधिक होता है। रागी और बाजरा दोनों एक साथ खाने से बचें, ये पेट पर भारी पड़ते हैं। मल्टीग्रेन आटा खाएं।

4 6 से 7 घंटे की शांत नींद शरीर की इंसुलिन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाती है।

5- नियमित योग, प्राणायाम और गहरे श्वास का अभ्यास करें। साथ ही आराम आने के बाद भी संयमित जीवनशैली का पालन करते रहें।

## इस भ्रम में न रहें

- जिनके शरीर में इंसुलिन का स्तर बहुत बढ़ जाता है, उनके गर्दन या बगल की त्वचा काली पड़ जाएगी। ध्यान रखें, ऐसा होना जरूरी नहीं है।
- यह बॉर्डरलाइन स्टेज है और अपने आप कुछ समय में ठीक हो जाती है। ऐसा सोचना खतरनाक हो सकता है।

(**हमारे विशेषज्ञ : डॉ. संजय गुप्ता,** सीनियर डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसिन, यथार्थ हॉस्पिटल)

# दिमाग को चाहिए अच्छी खुराक

**मानसिक स्पष्टता के लिए केवल इच्छाशक्ति का होना काफी नहीं है। लंबी उम्र तक दिमाग स्वस्थ रहे, इसके लिए सही पोषक तत्वों की पूर्ति भी जरूरी है। दिमाग की बेहतरी के लिए कौन-सी चीजें खाएं, कौन-सी नहीं, आइए जानें...**



हम तन की सेहत पर जितना ध्यान देते हैं, उतना दिमाग पर नहीं। खासकर, दिमाग ढंग से काम कर सके, इसके लिए क्या खाएं, क्या नहीं, इसकी जानकारी हमें कम ही होती है। कॉर्नेल यूनिर्सिटी से प्रशिक्षित व लॉन्जेविटी एक्सपर्ट डॉ. वास के अनुसार, हमारा खानपान दिमाग के अनुकूल है या नहीं, इसे हम कुछ लक्षणों से समझ सकते हैं, जैसे-

- भोजन के बाद ब्रेन फॉग यानी मानसिक स्तर पर भारीपन और थकावट महसूस करना, जिसे दूर करने के लिए चाय व कॉफी पर निर्भरता।
- बार-बार चीजें भूलना, काम के लिए उठना और क्या करना चाहते हैं, यह भूल जाना।
- दोपहर में अचानक मानसिक ऊर्जा में कमी आना। भूख लगने पर चिड़चिड़ापन या घबराहट बढ़ना।

## दिमाग पर खुराक का असर

पोषक तत्वों से भरपूर आहार दिमाग की न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी लचीलापन बनाए रखता है। इससे मस्तिष्क तक रक्त संचार बेहतर होता है, सूजन में कमी आती है, संज्ञानात्मक क्षमता बेहतर होती है व डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स का संतुलन बना रहता है। वहीं, सही खुराक न खाने पर ग्लूकोज के स्तर को बनाए रखने में दिक्कत होती है और ऊर्जा कम हो जाती है।

- **क्या खाएं**

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** ये सब्जियां फोलेट, मैग्निशियम और दिमाग शांत करने वाले पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। इससे दिमाग की सूजन कम करने और याददाश्त बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है।

**अंडे :** क्लोरिन से भरपूर अंडे फोकस बढ़ाते हैं और दिमाग की कोशिकाएं स्वस्थ रखते हैं।

**एवोकैडो:** इसमें सेहतमंद वसा होते हैं, जो कोशिकाओं को स्वस्थ रखते हैं।

**साल्मन:** ओमेगा-3 से भरपूर मछली न्यूरॉन की मरम्मत व याददाश्त के लिए बढ़िया है।

**जैतून का तेल :** यह एंटीऑक्सीडेंट्स का पावर हाउस है, जो दिमाग की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करता है।

- **क्या नहीं खाएं**

डॉ. वास के अनुसार, कुछ चीजें दिमागी सेहत को सक्रिय रूप से नुकसान पहुंचाती हैं, जैसे-

**रिफाइंड शुगर :** इसके अधिक सेवन से इंसुलिन की प्रक्रिया पर बुरा असर पड़ता है। संज्ञानात्मक ऊर्जा कम हो जाती है।

**अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजें :** ये चीजें ब्लड शुगर को अस्थिर करती हैं और न्यूरोट्रांसमीटर के काम में बाधा डालती हैं।

**शराब :** इसकी कम मात्रा भी नींद और याददाश्त की क्षमता पर बुरा असर डालती है।

## दिनभर की योजना ऐसे बनाएं

डॉ. वास के अनुसार, दिनभर के खानपान की योजना आप इस तरह बना सकते हैं-

**नाश्ता :** अंडे, एवोकैडो और बेरीज खाएं।

**दोपहर में :** मछली, चिकन, हरी पत्तेदार सब्जियां व जैतून के तेल से बनी चीजें लें।

**स्नैक्स :** अखरोट, डार्क चॉकलेट, आमेगा-3 युक्त चीजें खाएं।

**रात में:** भुनी हुई सब्जियां, मछली या मीट खाएं।

### सवाल-जवाब

# महिलाएं और उनकी पांच बड़ी समस्याएं



**डॉ. पारुल सिंघल**
वरिष्ठ कंसल्टेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी, एस्थेटिक गाइनेकोलॉजिस्ट

**सवाल : स्त्रियों की सेहत से जुड़ी प्रमुख समस्याएं बताएं, जिनकी अनदेखी भारी पड़ती है?**

**जवाब:** महिलाओं का शरीर और प्रजनन तंत्र बेहद जटिल है। जानकारी की कमी और सामाजिक झिझक के कारण अक्सर महिलाएं चुपचाप जूझती रहती हैं और समस्या गंभीर हो जाती है। महिलाओं की ज्यादातर समस्याएं जैसे माहवारी में ऐंठन, कमजोरी, ब्रेस्ट पेन, अंदरुनी हिस्सों में खुजली से लेकर हार्मोनल असंतुलन, समय रहते उपचार से पूरी तरह ठीक की जा सकती हैं। ये हैं महिलाओं की कुछ आम समस्याएं:

## 1. पीरियड्स में अनियमितता और तेज दर्द

पीरियड्स से जुड़ी समस्याएं आम हैं, पर इनकी अनदेखी करना सही नहीं।

**डिस्मेनोरिया :** माहवारी में हल्का दर्द सामान्य है, पर कुछ महिलाओं को पेट के निचले हिस्से या पीठ में गंभीर दर्द होता है। अगर ऐसा है, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें। गर्भाशय के अधिक सिकुड़ने के कारण ऐसा हो सकता है।

**मेनोरैजिया :** इसमें बहुत अधिक रक्तस्राव होता है, जिससे एनीमिया और थकान हो सकती है।

**अनियमित पीरियड्स :** यह हार्मोनल गड़बड़ी या पीसीओएस जैसी स्थिति का संकेत हो सकता है।

## 2. योनि संक्रमण और असामान्य स्राव

योनि स्राव के रंग, गंध या मात्रा में बदलाव किसी संक्रमण का संकेत हो सकता है। बैक्टीरियल या फंगल संक्रमण के कारण खुजली, जलन और असहजता हो सकती है। बार-बार संक्रमण हो रहा है, तो डॉक्टर से जरूर मिलें।



## 3. ओवेरियन सिस्ट और पीसीओएस

**ओवेरियन सिस्ट :** ये अंडाशय पर या उसके आसपास तरल पदार्थ से भरी थैलियां होती हैं। ज्यादातर ये सिस्ट बिना लक्षण के प्राकृतिक रूप से ठीक हो जाते हैं, लेकिन बड़े सिस्ट के लिए दवा या सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है।

**पीसीओएस और पीसीओडी :** हार्मोनल गड़बड़ी के कारण अंडाशय में कई छोटे फॉलिकल्स बन जाते हैं। इसके चलते अनियमित पीरियड्स, मुहांसे, वजन बढ़ना, चेहरे पर अधिक बाल, मूड स्विंग और बांझपन की समस्या हो सकती है। इन समस्याओं का उपचार जीवनशैली में सुधार और दवाओं से किया जाता है।

## 4. एंडोमेट्रियोसिस और फाइब्रॉएड्स

**एंडोमेट्रियोसिस :** इसमें गर्भाशय की परत जैसा ऊतक गर्भाशय के बाहर बढ़ने लगता है, जिससे तेज पेल्विक दर्द और प्रजनन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उपचार के तौर पर हार्मोनल थेरेपी व दर्द प्रबंधन के अलावा और गंभीर मामलों में सर्जरी की जाती है।

**फाइब्रॉएड्स :** ये गर्भाशय में होने वाली गैर-कैंसरयुक्त गांठें हैं। इनके कारण पीरियड में ज्यादा ब्लीडिंग, पेल्विक दर्द और बार-बार पेशाब आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लक्षणों के आधार पर इनका इलाज दवाओं या सर्जरी से किया जाता है।

## 5. यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन

यूटीआई महिलाओं में आम समस्या है। पेशाब के दौरान जलन, दर्द व बार-बार पेशाब आना इसके लक्षण हैं। गर्भावस्था और मधुमेह के दौरान इसका खतरा बढ़ जाता है। समय पर एंटीबायोटिक उपचार जरूरी है। प्रसव के बाद या मेनोपॉज के दौरान कई महिलाएं पेशाब पर कंट्रोल नहीं रख पातीं। यह समस्या व्यायाम, दवा व सर्जरी से पूरी तरह ठीक की जा सकती है।

किसी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। नियमित जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना, महिलाओं को कई समस्याओं से बचा सकता है।

### भेजें अपने सवाल

सेहत से जुड़े सवाल **tanmanhindustan@gmail.com** पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं–

**तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301**

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में भी संतुलित रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृष :** वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता भी बनाए रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में भी वृद्धि होगी।

**कर्क :** मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में बदलाव हो सकता है।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता भी रहेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बना रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मकर :** मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मीन :** मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाने का योग है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

06 मार्च शुक्रवार, **शक संवत्** : 15 फाल्गुन (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग** : 23 फाल्गुन मास प्रविष्टे 2082, **इस्लाम** : 16 रमजान, 1447, **विक्रमी संवत्** : चैत्र कृष्ण तृतीया तिथि सायं 05 .54 बजे तक पश्चात चतुर्थी तिथि, हस्त नक्षत्र प्रात: 09 .30 बजे तक पश्चात चित्रा नक्षत्र, चंद्रमा कन्या राशि में रात्रि 10 .19 बजे तक उपरांत तुला राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य दक्षिण गोल। शिशिर ऋतु। प्रात: 10 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भद्रा सायं 05 .54 बजे तक। श्रीगणेश चतुर्थी व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**कृपया बताएं कि वास्तु के अनुसार किस दिन क्या-क्या कार्य करने से नुकसान होता है?**
**केवल कुमार, कानपुर**

- शनिवार के दिन खाना बनाने का कोई भी बर्तन खरीदना बीमारी को लाता है।
- मंगलवार को छत ढलवाना या छत संबंधी कार्य करने से लंबे समय तक परेशानी रहती है। रविवार को घर या व्यापारिक प्रतिष्ठान पर किवाड़ लगाना ठीक नहीं होता।
- सोमवार को खरीदा गया कोई भी हथियार अपने ही लिए नुकसानदायक होता है। बुधवार को चारपाई बनवाना या बेड लाना कष्टदायी होता है।
- शुक्रवार को झाड़ू खरीदना आर्थिक परेशानी लेकर आता है।

### वर्ग पहेली : 8259



**बाएं से दाएं**
1. पानी के वाहक; मेघ (4)
4. रुदन; रोना-धोना (3)
7. हाथ की बीच वाली अंगुली (3)
8. छूट देना; छोड़ देना; बख्श देना; मुक्त करना; माफी देना (2,3)
9. तड़क-भड़क; प्रतिष्ठा; ठाट-बाट; ऐश्वर्य (2)
10. खून; रुधिर; लहू; लाल रंग (2)
11. गलती; चूक; भ्रम; अपराध; भूलने का भाव (2)
13. अटल संकल्प; दृढ प्रतिज्ञा; जिद; दुराग्रह (2)
16. जहां कबाड़ रखा जाए; रद्दी सामान का स्थान (5)
17. जो सांप पकड़ कर उनका तमाशा दिखाता है; सांप पालने वाला (3)
18. अबोध; अनाड़ी; नासमझ; मूरख (3)
19. ऐरावत; नागेंद्र; शेषनाग; सर्पराज; सर्पेंद्र (4)

**ऊपर से नीचे**
2. जिसमें लचक हो; झुकने वाला (5)
3. अपने नाम वाला; जिनका नाम एक हो (4)
4. वायुयान; हवाई जहाज (3)
5. ऊंचे पद से नीचे वाले पद पर बैठाना; नीचा दिखाना (5,3)
6. मर्यादा का उल्लंघन करना; सीमा लांघना; हद से बाहर हो जाना (2,1,3,2)
12. लकड़ियां काट कर बेचने वाला (5)
14. चकित हो जाना; भ्रमित होना; घूमना (4)
15. बैठने की विधि; स्थिति; बैठने की वस्तु; बैठक (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8258

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ना | ■ | 2 लो | ■ | 3 क | 4 म | सु | 5 न | ना |
| 6 क | ह | क | हा | ■ | स | ■ | स | ■ |
| घि | ■ | ना | ■ | 7 बा | ल | वि | वा | ह |
| 8 स | म | य | बी | त | ना | ■ | र | ■ |
| ना | ■ | क | ■ | क | ■ | 9 वि | ■ | 10 च |
| ■ | 11 ज | ■ | 12 ट | र | ट | रा | ह | ट |
| 13 ता | ल | ठों | क | ना | ■ | ज | ■ | क |
| ■ | वा | ■ | रा | ■ | 14 स | मा | चा | र |
| 15 ब | ना | ब | ना | या | ■ | न | ■ | ना |

### सुडोकू : 8241

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | 9 | | 1 | 4 |
| | | | 8 | 2 | | | | |
| 3 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | | 5 | | | 9 | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | 3 | | | 6 | | | |
| 1 | | | | | | 7 | | 9 |
| | | | | 1 | 7 | | | |
| 5 | 8 | | 4 | | | 1 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8240

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |

युद्धों में हमेशा आम लोगों को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है और नेताओं को बिल्कुल भी नहीं। - टेरेंस जॉर्ज क्रेडॉक

## युद्ध की आंच

अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबाए जाने से, जिसमें 80 से ज्यादा नाविक मारे गए, जहां इस संघर्ष की आंच भारतीय उपमहाद्वीप तक पहुंच गई है, वहीं उसके बाद ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल से हमले किए, तो पलटवार करते हुए इस्राइल ने लेबनान स्थित ईरान समर्थित हिजबुल्ला को निशाना बनाया, जिससे इस युद्ध के लंबे खिंचने की आशंका गहरा गई है। इसकी पुष्टि इस बात से भी होती है कि युद्ध रोकने के उद्देश्य से अमेरिकी सीनेट में लाया गया प्रस्ताव गिर गया, जो युद्ध को लेकर ट्रंप के प्रति समर्थन को दर्शाता है। इसके अलावा, नाटो प्रमुख ने भी ट्रंप के प्रति समर्थन जताया है। ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना, जो भारत के मिलाप-2026 युद्धाभ्यास का हिस्सा था, को डुबाए जाने की घटना भारत के लिए 'सतर्क तटस्थता' से 'सक्रिय क्षेत्रीय सुरक्षा' के लिए प्रेरित करने वाली है। हालांकि छह दिनों के भीषण संघर्ष के बाद भी यह साफ नहीं है कि यह युद्ध किस तरफ जा रहा है, पर यह तय है कि युद्ध में हथियारों का भंडार और उनकी आपूर्ति अहम भूमिका निभाते हैं। इस युद्ध की शुरुआत से ही दोनों पक्षों की तरफ से तेज हमले हो रहे हैं, लेकिन इस तीव्रता के साथ संघर्ष को लंबे समय तक जारी रखना मुश्किल होगा। अमेरिका और इस्राइल ने ईरान में हमले इतने तेज कर दिए हैं कि वहां खामनेई के लिए होने वाले शोक समारोह को भी स्थगित करना पड़ा। इस बीच संतोष की बात है कि खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों को लाने के लिए सरकार ने आपातकालीन अभियान शुरू कर दिया है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित लाया भी गया है। लेकिन कतर से ऊर्जा आपूर्ति निलंबित होने और युद्ध को लंबा खिंचते देखकर स्वाभाविक ही भारत की चिंताएं बढ़ी हैं, लेकिन एक बार फिर रूस ने मदद का हाथ बढ़ाया है, जो भारत के लिए जीवनरेखा साबित हो सकता है। शिप-ट्रैकिंग डाटा से पता चलता है कि पूर्वी एशिया की ओर जा रहे रूसी कच्चे तेल के कुछ शिपमेंट को अब भारत की ओर मोड़ा गया है। हो सकता है कि भारत रूस एवं अन्य वैश्विक शक्तियों के साथ मिलकर एक सुरक्षित



समुद्री गलियारा बनाने की पहल करे और कूटनीतिक रूप से युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने का प्रयास करे। जहां तक अमेरिकी नाराजगी की बात है, तो भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने रणनीतिक हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। अब समय आ गया है कि भारत सावधानीपूर्वक कूटनीतिक पहल की दिशा में कदम उठाए, ताकि न तो उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़े और न ही राजकोषीय संतुलन गड़बड़ाए।

# इस कहानी का खलनायक कौन

**जो ट्रंप को अमेरिकी विदेश नीति को लोकतांत्रिक मूल्यों से अलग करने का दोषी ठहराते हैं, अब वही लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए युद्ध में जाने का आरोप उन पर लगा रहे हैं। अब यह फैसला दुनिया करे कि इस कहानी में कौन नायक है और कौन खलनायक।**

ईरानी शासन को गिराने के लिए युद्ध में इस्राइल का साथ देने के फैसले के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की जगह-जगह आलोचना हो रही है, जिसके नतीजे में शनिवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की हत्या हो गई। इसके कई कारण हैं।

एलिजाबेथ वॉरेन कहती हैं कि यह 'अमेरिकी लोगों के साथ धोखा है', और चेतावनी देती हैं कि इससे 'एक और पीढ़ी हमेशा के लिए युद्ध में फंस सकती है।' मार्जोरी टेलर ग्रीन कहती हैं कि यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के सिद्धांतों के साथ धोखा है। उन्होंने 'अमेरिका को सबसे अंत में रखने' के लिए ट्रंप की बुराई की। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन के अनुसार, यह गैर-कानूनी है, क्योंकि यह संसद की मंजूरी के बिना हो रहा है। लेखक एंड्रयू सुलिवन के अनुसार, यह गैर-जरूरी है, जो सोचते हैं कि ईरान कोई बड़ा खतरा नहीं है और यह युद्ध इस्राइल के लिए लड़ा जा रहा है। इसी तरह की प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। लेकिन जिस देश में अमेरिका और इस्राइल का व्यापक समर्थन हो रहा है, वह वही देश है, जिस पर बमबारी हो रही है। हालांकि यह भी सच है कि बहुत सारे आम लोग मारे गए, और खामनेई के लिए जनता में शोक मनाया गया। लेकिन उन दुख जताने वालों को सरकार की बंदूकों के डर से बाहर नहीं निकलना पड़ा।



**ब्रेट स्टीफेंस**
*द न्यूयॉर्क टाइम्स*

एक समय था, जब ऐसे पलों से अमेरिकियों का दिल द्रवित हो जाता था– जब आजाद देश, वर्षों तक जालिमों के उकसावे और हमलों को झेलने के बाद, इंसाफ करने और उम्मीद जगाने के लिए एक साथ आते थे। अब हम एक अलग देश हैं, कम भोले लेकिन काफी ज्यादा निराशावादी और सनकी, और इसलिए यह पूछने की ज्यादा संभावना है : इसमें हमारे लिए क्या है?

मैं इस सवाल का जवाब देता हूं। सबसे पहले, तो यह कहना गलत है कि ट्रंप ने अमेरिका को युद्ध में उलझाया। उन्होंने जो किया, वह उस युद्ध का जवाब था, जो ईरान 1979 से अमेरिका के खिलाफ लड़ रहा है। इसने 1979 में हमारे दूतावास पर कब्जा करके, 1983 में बेरूत में हमारे सैकड़ों सैनिकों की हत्या (प्रॉक्सी के जरिये) करके और आईईडी की आपूर्ति करके युद्ध छेड़ा, जिससे इराक युद्ध के दौरान हमारे 1,000 से ज्यादा सैनिक मारे



गए या घायल हो गए। इसने युद्ध तब छेड़ा, जब जॉन बोल्टन, माइक पोम्पिओ और, पोलिटिको की 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खुद ट्रंप समेत अमेरिका के पुराने वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या करने की कोशिश की। ईरान ने ऐसा बर्ताव इसलिए किया कि उसे लगा, कोई बड़ी कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी।

दूसरी बात, पिछले जून में तेहरान के पास अपना रास्ता बदलने का मौका था, जब इस्राइल ने उस पर 12 दिन तक और अमेरिका ने रात भर हमला किया। लेकिन उसने अपनी परमाणु क्षमताओं को फिर से बनाना शुरू कर दिया, साथ ही तेजी से मिसाइल फोर्स को फिर से बनाया, जो अब तेल अवीव, दुबई, मनामा और रियाद में आम लोगों को डरा रही है, और अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को निशाना बना रही है। क्या अमेरिका, अरब दुनिया या इस्राइल ज्यादा सुरक्षित होते, अगर हमने ईरान के कई हजार और मिसाइल बनाने का एक या दो साल इंतजार किया होता? या तब, जब रूस ने ईरान को हजारों उन्नत एयर डिफेंस मिसाइलें दी होतीं, जैसा कि फाइनेंशियल टाइम्स में पिछले हफ्ते खबर छपी थी कि वह ऐसा करने के लिए राजी हो गया है?

तीसरी बात, ईरान भू-राजनीतिक शून्य में नहीं है: मॉस्को और बीजिंग के साथ यह तानाशाही की धुरी का एक मुख्य सदस्य है, जो बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक दुनिया के लिए खतरा है। वही लिबरल, जो पुतिन का जोरदार विरोध न करने के लिए ट्रंप पर आरोप लगाते हैं, उन्हें यह सोचना चाहिए कि तेहरान ने ही रूस को ड्रोन और ड्रोन टेक्नोलॉजी दी है, जिससे यूक्रेन का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है। और वही कंजर्वेटिव, जो ईरान में युद्ध के लिए प्रशांत से सैन्य संशाधनों को हटाने का ट्रंप पर आरोप लगाते हैं, उन्हें ध्यान देना चाहिए कि ईरान, वादे के मुताबिक 25 साल की, 400 अरब डॉलर की रणनीतिक भागीदारी के तहत चीन को चुपके से अपना ज्यादातर तेल आपूर्ति करता है। अगर तेहरान इस धुरी से बाहर हो जाता है, तो हमारे बाकी दुश्मन और कमजोर हो जाएंगे।

चौथी बात, इस शासन के खत्म हुए बिना पश्चिम एशिया में शांति की कल्पना करना नामुमकिन है। बात सिर्फ इतनी नहीं है कि ईरान तथाकथित विरोध की धुरी का मुख्य समर्थक रहा है, जिसमें हर वह आतंकवादी समूह शामिल है, जो इस्राइल को नक्शे से मिटाना चाहता था। बात यह भी है कि कोई भी इस्राइली सरकार कभी ऐसे फलस्तीनी देश के लिए राजी नहीं होगी, जो ईरान के कब्जे में आ सकता है। अगर तेहरान का शासन गिर जाता है और सऊदी अरब इस्राइल के साथ शांति का प्रस्ताव देता है, तो नेतन्याहू की सरकार को फलस्तीनी देश के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करने में बहुत मुश्किल होगी।

पांचवीं बात, भले ही अमेरिका और इस्राइल ईरान को सरकार बदलने पर मजबूर न कर पाएं, वे रणनीतिक रूप से जरूरी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। अमेरिका तब ज्यादा मजबूत होता है, जब अमेरिका-विरोधी तानाशाहों के पास हमारे गुस्से से डरने की पक्की वजहें होती हैं: इससे रोकथाम की ताकत वापस आती है और ऐसा करने से कूटनीति ज्यादा असरदार बनती है। जब ईरान कमजोर होता है, तो इस्राइल और अरब दुनिया ज्यादा सुरक्षित होती हैं: ध्यान दें कि, अब तक, लेबनान में हिजबुल्ला इस्राइल के खिलाफ जंग में शामिल नहीं हुआ है।

अगर ईरान की सरकार नहीं भी गिरती है, तो भी अपने बर्ताव को बदलने के लिए उस पर अंदर ही अंदर भारी दबाव होगा, ठीक वैसे ही जैसे वेनेजुएला में डेल्सी रोड्रिगेज के समय हुआ है, जो उसके (उम्मीद है) अंतरिम राष्ट्रपति हैं। हो सकता है कि यह सबसे अच्छा परिणाम न हो, पर यह पहले की तुलना में काफी बेहतर है। आखिरकार अमेरिका और इस्राइल ने सही काम करने के लिए काफी सैन्य और राजनीतिक जोखिम उठाए हैं और यह कोई छोटी बात नहीं है।

उन्होंने दुनिया को एक तानाशाह से छुटकारा दिलाया है। यह अजीब है कि वही लोग जो ट्रंप को अमेरिका की विदेश नीति को उसके लोकतांत्रिक मूल्यों से अलग करने के लिए दोषी ठहराते हैं, अब लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए युद्ध में जाने के लिए उन्हें दोषी ठहराते हैं। फिर भी, दुनिया भर में लाखों आम लोग यह देखेंगे कि अपनी कई कमियों के बावजूद, अमेरिका अब भी आजादी के पक्ष में खड़ा है। निश्चित रूप से ट्रंप व नेतन्याहू ने आजाद दुनिया पर एक साहसी और ऐतिहासिक एहसान किया।

©The New York Times 2026

कूटनीति

# त्रूदो की चोटें कार्नी का मरहम

**भारत और कनाडा, दोनों देश आर्थिक साझेदारी में विविधता लाना चाहते हैं। लेकिन त्रूदो ने रिश्तों को जो चोट पहुंचाई, उसे ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा।**

हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत आए थे, ताकि रिश्तों को मजबूत किया जा सके और हमारे कई तरह के रिश्तों को नया किया जा सके। इन रिश्तों को उनसे पहले के प्रधानमंत्री, त्रूदो ने बहुत नुकसान पहुंचाया था, जो अपने खालिस्तानी साथी एच.एस. निज्जर की हत्या से बहुत दुखी थे। त्रूदो ने उस आदमी को नायक बनाने की कोशिश की, जो एक सिख आतंकवादी, प्लंबर, ड्रग तस्कर और मनी लॉन्ड्रर था। उन्होंने सिर्फ खालिस्तानियों को ही नहीं, बल्कि हर तरह के आतंकवादियों को खुली छूट दी। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 20 लाख लोग हैं, जो सबसे बड़े भारतीय डायस्पोरा में से एक हैं और कनाडा की राजनीति, व्यवसाय और संस्कृति में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। सिख वहां की आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं।

कनाडा के मौजूदा प्रधानमंत्री कार्नी एक बड़े व्यवसाय प्रतिनिधिमंडल के साथ, बहुत आकर्षक भारतीय बाजार में संभावनाएं तलाशने आए थे, और उन्होंने मुंबई एवं नई दिल्ली का दौरा किया। भारत आने से पहले, वह जनवरी 2026 में चीन भी गए थे। उनका यह दौरा न केवल दोनों देशों के रिश्तों को फिर से ठीक करने के लिहाज से अहम था, बल्कि कनाडा की विदेश नीति में बड़े बदलाव का संकेत भी था। फरवरी, 2026 में दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में, कार्नी ने कनाडा की ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाने, भागीदारी में विविधता लाने और ज्यादा व्यावहारिक, हितों पर आधारित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने की इच्छा जाहिर की। कनाडा बदलती हुई विश्व व्यवस्था को समझ रहा है, जो नियमों व आकलन से कम और लाभ व पसंद से ज्यादा तय होता है।



**दीपक वोहरा**

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच इस कूटनीतिक बातचीत का मकसद समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप देना है, जिस पर 2010 से बातचीत चल रही है, और यह दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए जरूरी है। दोनों देश आर्थिक साझेदारी में विविधता लाना चाहते हैं। यह 10 महीनों में कार्नी की अपने भारतीय समकक्ष के साथ तीसरी बैठक थी। अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने के लिए एक समझौता खालिस्तानी कट्टरपंथ को बनाए रखने वाले बुनियादी ढांचे को कमजोर करेगा। राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद, कनाडाई संस्थागत निवेशक ('मेपल 8' पेंशन फंड, ब्रुकफील्ड और फेयरफैक्स जैसी फर्में) भारत में अपने मुनाफे से खुश हैं। भारतीय हवाई अड्डे, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी बुनियादी ढांचे में उनका निवेश 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया है। वे भारत में अच्छा पैसा कमाते हैं। कार्नी के दौरे के बाद एक संयुक्त बयान में, दोनों प्रधानमंत्रियों ने तकनीकी, मानव संसाधन, ऊर्जा (यूरेनियम आपूर्ति), रक्षा, निवेश, शैक्षणिक सहयोग, स्वास्थ्य सेवा, आतंकवाद और वैश्विक कट्टरपंथ के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की पहचान की। लेकिन त्रूदो के कार्यकाल में हुए नुकसान को ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा। भारत ऐसे मामलों में सावधानी से काम करता है।

मैंने कनाडाई प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्यों से बात की। वे भारत की तरक्की देखकर हैरान थे। भारत ने अपनी बात पर अमल किया है, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो या डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी संरचना या वैक्सीन। भारत उन देशों के साथ खड़ा रहा है, जो अपनी चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारी भागीदारी चाहते हैं। दुनिया ने भारत की काबिलियत देखी है। भारत दुनिया से जुड़ने के लिए और दुनिया भी भारत से जुड़ने के लिए तैयार है।




# यह खोज का समय है

**जो लोग वृद्धावस्था से डरते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह खोज का समय है। यह जानने का समय है कि हम वास्तव में कौन हैं। यदि कोई पूछे कि इस उम्र में क्या खोजा जा सकता है, तो उत्तर है कि खुद को अपने ही अनुभवों से जानना।**

याद रखें, वृद्धावस्था में किसी और की खातिर खुद को बदलने की जरूरत नहीं, बल्कि आप जो हैं, वही सच्चाई का एक अंश है। आप उन लंबे वर्षों से गुजरे हैं, जब अकेलापन एक दर्द था, पर अब आप उस कठोर तपस्या के अच्छे पक्ष, यानी सुकून में आ गए हैं। अकेले आप दिन भर अपनी राह खुद चुनते हैं, और बहुत सहज हो जाते हैं। शायद यह सहजता उन गहराइयों और ऊंचाइयों तक जाती है, जो हम जानते भी नहीं। चूंकि, हम इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते, इसलिए हमें इसे उस जीवन के रूप में संजोना चाहिए, जो हमारे दिनों को समृद्ध करता है। शायद यही अकेले रहने का अभ्यास हमें वृद्धावस्था के लिए तैयार करता है।



**फ्लोरिडा स्कॉट-मैक्सवेल**

वृद्धावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण समय है। यह संतुलन का समय है, जैसे कोई रस्सी पर चल रहा हो। हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होता है, साहस बनाए रखना होता है, प्रसन्न और उत्सुक बने रहना होता है, और सबसे बढ़कर अपने प्रति ईमानदार रहना होता है। यही संतुलन हमें अंत तक सचेत और संवेदनशील मनुष्य बनाए रखता है।

जब वृद्धावस्था में कोई नई बीमारी या कमजोरी आती है, तो ऐसा लगता है, मानो मृत्यु पास आ गई हो। तब मन में प्रश्न उठता है, क्या यही अंत है, पर अक्सर वह मृत्यु नहीं, बल्कि शरीर की एक नई सीमा होती है, जो हमें जीवन की नश्वरता का स्मरण कराती है।

मुड़-मुड़ के देखो

वृद्धावस्था खोज का समय है। यह जानने का कि हम वास्तव में कौन हैं। यदि कोई पूछे कि इस उम्र में क्या खोजा जा सकता है, तो उत्तर है कि खुद को अपने ही अनुभवों से जानना। यही खोज जीवन को अर्थ देती है।

जीवन के अंत में भी मनुष्य पूरी तरह अकेला नहीं होता। हम उन लोगों से जुड़े रहते हैं, जिन्हें हम प्रेम करते हैं या जो हमसे प्रेम करते हैं। वृद्धावस्था आत्मबोध, संतुलन, और आंतरिक शांति का समय है। यह जीवन का एक गंभीर, परंतु अत्यंत सुंदर चरण है, जिसे समझकर और स्वीकार करके ही हम उसकी सच्ची गरिमा को पहचान सकते हैं।



**दूसरी पारी**

**मैं 70 वर्ष का हूं और अपनी पत्नी के साथ कहीं घूमने-फिरने जाना चाहता हूं। परिवार के लोग मना करते हैं, लेकिन घूमने की बड़ी इच्छा है, क्या करूं।**

# यात्राएं आपका दिल खोलती हैं

**बुजुर्ग दंपती को मनोवैज्ञानिक सलाहकार नीलकंठ ने यात्रा प्लान करने संबंधी कुछ अहम सुझाव दिए-**

आपकी इच्छा स्वाभाविक है। नए लोग, नए विचार, नया माहौल-सब मिलकर आपको उम्र से ऊपर उठा देते हैं। पारंपरिक रूप से तीर्थयात्राएं बुजुर्गों का प्रिय गंतव्य स्थल होती थीं, लेकिन अब समय बदल गया है। आवागमन के साधनों ने दूरियां पाट दी हैं। एक समूह की तरह बुजुर्ग भी आनंद के अनुभवों में उतरना चाहते हैं। जिन्हें एक फिल्म 'ऊंचाई' की याद हो, वे जान सकते हैं कि कैसे बुजुर्ग मित्रों की एक यात्रा भावनाओं के ज्वार और रिश्तों के छिपे हुए रहस्य उजागर करती है। लेकिन यदि व्यावहारिक समझ का इस्तेमाल न हो, तो यात्रा मुसीबत में बदल जाती है।

अभी ताजा किस्सा मुंबई का है। वहां के रोटरी क्लब के 60 वरिष्ठ सदस्यों ने असम-मेघालय टूर प्लान किया। एक ट्रेवल प्लानर राहुल को उन्होंने कुल 33 लाख रुपये एडवांस में दे दिए। एक दिन प्लानर ने फोन किया कि बारिश की वजह से टूर रद्द करना पड़ा है, लिहाजा वह पैसे लौटा देगा। उसने चेक दिए। चेक बाउंस हो गए और ट्रेवल प्लानर लापता। बुजुर्गों को तब एहसास हुआ कि वे ठगे गए हैं। यह तो तब है, जब एक प्रतिष्ठित क्लब के सदस्य सामूहिक रूप से छुट्टियां प्लान करने बैठे थे। इसलिए कुछ जरूरी बातों को यदि याद रखें, तो छुट्टी का आनंद वास्तव में ऊर्जा लेकर आएगा। हर प्रस्ताव और विचार को खूब परखें। ट्रेवल प्लान यदि परिचित समूह में हो तो बेहतर। एक जैसे स्वभाव के लोग हों, तो आनंद बढ़ जाता है। टूर गाइडेड ही हों, ताकि गंतव्य पर पहुंच कर अनावश्यक दौड़-भाग न हो। प्रतिष्ठित टूर कंपनी का ही प्लान लें और उसकी जांच करें। वरिष्ठों के कुछ विशेष लाभ हों, तो उनका समावेश करवाएं। व्हीलचेयर से लेकर



स्वास्थ्य के हिसाब से खाने तक की बात इन सावधानियों में शामिल रखें। यात्रा का वक्त ऐसा चुनें, जो स्वास्थ्य के अनुकूल हो। लगातार टैक्सी में बैठना, जेट लेग या धूप व तपिश बर्दाश्त करने की क्षमता सबकी अलग-अलग होती है। अकेले बुजुर्ग दंपती यदि यात्रा का प्लान बनाते हैं और घर पर कोई नहीं रहने वाला है, तो सुरक्षा के लिहाज से गोपनीयता बरतें। असामाजिक तत्व खाली मकानों पर घात लगाकर रख सकते हैं। पड़ोसी और विश्वस्त मित्रों को जरूर विश्वास में लें और अपनी योजना इस प्रकार साझा करें कि वे आपके लिए जरूरत पड़ने पर मददगार साबित हों। डॉक्टर की सलाह से ही दुर्गम स्थलों की यात्रा की योजना बनाएं। बेहतर हो प्रकृति का आनंद, स्थानीय संस्कृति का अनुभव और कम थकान देने वाले गंतव्य चुनें। आवश्यक दवाइयां, डॉक्टर की पर्ची, कपड़ों समेत हल्का सामान, तबीयत के मुताबिक थोड़ी खाने की चीजें ही लगेज में हों। खुद को सामान ढोने वाला नहीं, प्रफुल्लित यात्री बनाएं। ट्रेवल बीमा जरूर करवाएं। कई बार लगता है कि यह फालतू खर्च है, लेकिन यह किसी अनहोनी के प्रति सुरक्षा प्रबंध है। सामान खोने, फ्लाइट रद्द होने या मेडिकल इमरजेंसी में यह उपयोगी होता है। इमरजेंसी नंबर सहयात्रियों के साथ साझा करें। क्रेडिट-डेबिट कार्ड, आधार, पासपोर्ट जैसी चीजें अनिवार्य हैं। परिवार के लोगों या करीबी मित्रों के साथ यात्रा के विवरण साझा करते रहें और संपर्क अपडेट करते रहें। यात्रा उत्साह से शुरू करें और आत्मविश्वास से भर कर लौटें। शुभ यात्रा!

*जिंदगी की **दूसरी पारी** बहुत महत्वपूर्ण होती है। हर शुक्रवार इस पर आपको नया पढ़ने को मिलेगा। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं edit@amarujala.com पर भेज सकते हैं, विशेषज्ञों की मदद से हम कोशिश करेंगे कि संवाद का पुल बन सके।*

## काम से प्यार है, उम्र बस एक संख्या है!

88 वर्षीय वयोवृद्ध एड बम्बास अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक है, जिन्होंने जीवन भर मेहनत की। पत्नी की बीमारी और मृत्यु के बाद मेडिकल बिलों और कर्ज के बोझ तले दब गए। 88 साल की उम्र में भी वे मिशिगन के ब्राइटन में मीजर सुपरमार्केट में कैशियर के रूप में काम करते रहे। उनकी यह लगन और मेहनत देखकर ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर सैम वीडेनहोफर ने उनकी वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की, जो वायरल हो गई। लाखों लोगों ने उनकी मेहनत से प्रेरित होकर दान दिया। मात्र कुछ दिनों में 1.7 मिलियन डॉलर (लगभग 14 करोड़ रुपये से अधिक) जुट गए!



88 साल की उम्र में भी काम करने का जुनून, कभी हार न मानने वाली भावना और मेहनत से जीने का संदेश एड बम्बास हमें देते हैं। सच्ची मेहनत और दृढ़ता कभी व्यर्थ नहीं जाती। दुनिया भर के लोग उनकी मदद करके इन्सानियत की मिसाल बने। एड कहते हैं कि काम करना प्यार है, उम्र बस एक संख्या है!



वरिष्ठ नागरिकों के
## काम की संस्थाएं

- *ममता वेलफेयर सोसाइटी बुजुर्गों को भोजन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराकर उनके जीवन को थोड़ा आसान बनाने का प्रयास करती है। इसके साथ ही संस्था समय-समय पर आंखों की जांच के लिए आई चेकअप कैंप का आयोजन करती है, जहां बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों की मुफ्त जांच की जाती है और उन्हें आवश्यक इलाज की सुविधा भी दिलाई जाती है। संस्था महिलाओं के सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसके अलावा यह संस्था जरूरतमंद और गरीब बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग प्रदान करती है। अधिक जानकारी के लिए 097185 79728 पर संपर्क कर सकते हैं।*
- *देवेन झा फाउंडेशन -यह बुजुर्गों सहित कमजोर समुदायों को सहयोग देकर 'समृद्ध भारत' के निर्माण की दिशा में कार्य करता है। यह बेसहारा बुजुर्गों को भोजन और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी तत्पर रहता है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट https://devenjhafoundation.org.in/ पर या 8750505355 पर संपर्क कर सकते हैं।*

# एजुकेशन & कॅरिअर

परिस्थितियां चाहे जैसी हों, हौसला हमेशा बड़ा रखिए।

## Job Alert

अमर उजाला Job Alert
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली

नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर रोजगार के अवसर



2551 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मार्च, 2026
योग्यताएं : बीएससी नर्सिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : aiimsexams.ac.in

### एनपीसीआईएल में रिक्तियां ■ 245 पद

ट्रेड अप्रेंटिस के लिए योग्य अभ्यर्थी करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि
18 मार्च, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 24 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
npcilcareers.co.in

### ईएसआईसी, फरीदाबाद में भर्ती ■ 62 पद

प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
11 मार्च, 2026
पात्रताएं
एमडी, एमएस व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ■ 911 पद

जूनियर इंजीनियर, लीगल असिस्टेंट व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 25 मार्च, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष
यहां आवेदन करें : dsssb.delhi.gov.in

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना ■ 38 पद

असिस्टेंट रजिस्ट्रार, सुपरिंटेंडेंट आदि पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि
24 मार्च, 2026
पात्रताएं
ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
mis.nitp.ac.in/Rec2026

### एसईसीआई में निकली भर्ती ■ 19 पद

महाप्रबंधक, वरिष्ठ अभियंता व अन्य पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
23 मार्च, 2026
योग्यताएं
बीकॉम, एमकॉम व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
seci.co.in

### यहां भी रोजगार के अवसर ...

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली : प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट व अन्य पदों पर रिक्तियां।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 17 मार्च, 2026
  - aiims.edu
- श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा : कंटेंट मैनेजर, सीनियर एग्जीक्यूटिव व अन्य पद रिक्त।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 23 मार्च, 2026
  - svsu.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# जब निर्णय लेना भी चुनौती बन जाए

*मुश्किल समय में जब हर कोई अपना-अपना सुझाव दे रहा हो, तब लीडर को सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए संतुलित निर्णय लेना चाहिए*



सुनीता साह
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

कुशल लीडर किसी भी बात को बिना सोचे-समझे स्वीकार नहीं करते, चाहे वह उनके वरिष्ठ की राय हो या किसी नियम में लिखा हो। वे पहले यह परखते हैं कि लिया गया निर्णय सही सिद्धांतों और मूल्यों के अनुरूप है या नहीं। यदि उन्हें लगता है कि कोई फैसला ठीक नहीं है या उससे बेहतर विकल्प हो सकता है, तो वे शांत और तर्कपूर्ण तरीके से अपनी बात सामने रखते हैं। इसका मतलब जिद करना या किसी बात को अनदेखा करना नहीं है। इसका अर्थ है कि यदि कोई निर्देश सही न लगे, तो उसे तुरंत मान लेने के बजाय उस पर सोच-विचार करके उचित समय पर सम्मानपूर्वक अपनी राय व्यक्त की जाए। यही समझदारी का संकेत होता है।

Harvard Business Review

■ **ईमानदार प्रतिक्रिया दें**

कभी-कभी ऐसी परिस्थितियां आती हैं जब आपको सही और गलत के बीच निर्णय लेना पड़ता है। ऐसे समय में अपने मूल्यों के साथ दृढ़ता से खड़े रहने का साहस जरूरी होता है। इसके लिए पहले से यह सोचने की आदत डालें कि किन हालात में आपके सिद्धांतों की परीक्षा हो सकती है। फिर मन ही मन कल्पना करें कि उस स्थिति में आप ईमानदारी और समझदारी से कैसे प्रतिक्रिया देंगे। इस तरह का नियमित मानसिक अभ्यास आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है और जरूरत पड़ने पर आपको बिना झिझक सही निर्णय लेने के लिए तैयार करता है।

■ **दबाव के बीच सोच को सही दिशा दें**

जब आप किसी दबाव या कठिन परिस्थिति का सामना करते हैं, तो सही निर्णय लेना मुश्किल हो सकता है। ऐसे समय में कुछ तय मॉडल आपकी सोच को स्पष्ट करने में मदद करते हैं। 'विरोध के पांच चरण' बताते हैं कि दबाव में आपके मन में डर, संकोच, दुविधा या साहस जैसी भावनाएं कैसे आती हैं, जिससे आप खुद को बेहतर समझ पाते हैं। वहीं 'विरोध कम्पास' एक ऐसा मार्गदर्शक तरीका है, जो यह तय करने में मदद करता है कि किसी स्थिति में विरोध करना सही है या नहीं और उसे कैसे किया जाए। इन उपकरणों से आप संतुलित और सोच-समझकर फैसला ले पाते हैं।

■ **मूल्यों के आधार पर निर्णय लें**

जब आप किसी बात का विरोध करते हैं, तो आपका उद्देश्य केवल बहस करना नहीं होना चाहिए। असली बात यह है कि आप अपने सिद्धांतों और मूल्यों के आधार पर निर्णय लें। यह भावनाओं में आकर किया गया कदम नहीं, बल्कि सोच-समझकर लिया गया एक सैद्धांतिक रुख होता है। इसका मतलब है कि ध्यान सही और नैतिक बात पर टिके रहने पर होना चाहिए।



■ **छोटे कदम मायने रखते हैं**

प्रभावी विरोध हमेशा जोरदार या सार्वजनिक होना जरूरी नहीं है। कई बार शांत और सम्मानजनक बातचीत या सोच-समझकर लिखा गया पत्र भी सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति गलत या अनैतिक निर्देशों को बिना सवाल किए मान लेता है, तो लंबे समय में उसके परिणाम अधिक नुकसानदेह हो सकते हैं। इसलिए सही समय पर, सही तरीके से अपनी बात रखना ही समझदारी और जिम्मेदारी होती है।

## आवेदन आमंत्रित

### ग्रीन क्लाइमेट फंड इंटर्नशिप-2026

ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ)-2026 के लिए इंटर्नशिप हेतु आवेदन आमंत्रित कर रहा है। यह पूरी तरह से वित्तपोषित अवसर उन उम्मीदवारों के लिए है, जो जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देना चाहते हैं। इंटर्नशिप की अवधि छह महीने है। आवेदन करने के लिए आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो मास्टर/पीएचडी कार्यक्रम में नामांकित हों या हाल ही में किसी ऐसे कार्यक्रम से स्नातक हुए हों। अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्टता अनिवार्य है। उम्मीदवार को मानक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम (एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, आउटलुक और एक्सेस) के प्रयोग में दक्ष होना चाहिए। चयनित इंटर्न को एक व्यापक वित्तीय पैकेज प्राप्त होगा, जिसमें 1,600 अमेरिकी डॉलर का मासिक वजीफा, पूर्ण स्वास्थ्य बीमा और कोरिया के बाहर से आने वाले उम्मीदवारों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई किराया शामिल है। योग्य आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/32s5u62w पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



## फेलोशिप बुलेटिन

### मिलेनियम फेलोशिप प्रोग्राम-2026

यूनाइटेड नेशंस एकेडमिक इम्पैक्ट और एमसीएन की ओर से मिलेनियम फेलोशिप प्रोग्राम की पेशकश की जा रही है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन स्नातक छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जो सामाजिक प्रभाव और सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस फेलोशिप के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने नेतृत्व कौशल को निखारने, प्रभावशाली परियोजनाएं विकसित करने और परिवर्तन लाने वाले वैश्विक समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलेगा। आवेदन के लिए आवश्यक है कि आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष हो तथा कार्यक्रम की अवधि (अगस्त-नवंबर 2026) के दौरान वह स्नातक स्तर पर नामांकित छात्र हो। साथ ही, आवेदक को सामाजिक प्रभाव से जुड़े कार्यों में रुचि होना भी अनिवार्य है। आवेदक आधिकारिक लिंक millenniumfellows.org/apply पर जाकर 31 मार्च, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## एग्जाम अलर्ट — आगामी परीक्षाएं

### रेलवे आरआरबी टेक्नीशियन परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :**
  09 व 10 मार्च, 2026
- इस परीक्षा में जनरल अवेयरनेस, जनरल इंटेलिजेंस और रीजनिंग, जनरल साइंस और इंजीनियरिंग व मैथमेटिक्स आदि से 100 अंकों के 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यर्थी को 90 मिनट का समय दिया जाएगा।
- **यहां से परीक्षा केंद्र का विवरण देखें**
  tinyurl.com/3fbzavv6

### आरआरबी पैरामेडिकल स्टाफ परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :**
  11, 12 व 13 मार्च, 2026
- इस परीक्षा में प्रोफेशनल एबिलिटी, जनरल अवेयरनेस, जनरल अरिथमेटिक, जनरल इंटेलिजेंस एवं रीजनिंग तथा जनरल साइंस से कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई नकारात्मक अंकन किया जाएगा।
- **यहां से परीक्षा केंद्र का विवरण देखें**
  tinyurl.com/ytfmkn6w

## खुद को परखें

1. टोमाहॉक क्रूज मिसाइल का विकास किस देश ने किया है?
   (a) ईरान (b) इस्राइल
   (c) अमेरिका (d) यूक्रेन
2. देब्रिगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, जहां हाल ही में भारतीय बाइसन महोत्सव का आयोजन हुआ था, किस प्रदेश में स्थित है?
   (a) महाराष्ट्र (b) कर्नाटक
   (c) मध्य प्रदेश (d) ओडिशा
3. तमिलनाडु का पहला डार्क स्काई पार्क किस स्थान पर स्थापित किया गया है?
   (a) कुन्नूर
   (b) कोल्ली हिल्स
   (c) कोडाइकनाल
   (d) येरकौड

उत्तर : 1.c, 2.d, 3.b

## सामान्य ज्ञान

### ऑपरेशन संकल्प



■ **क्या है**
यह भारतीय नौसेना की पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय जहाजों की सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना है।

■ **चर्चा में क्यों**
पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऑपरेशन संकल्प के तहत तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को संभावित मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशनों के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

■ **शुरुआत**
ओमान की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते हमलों और सुरक्षा चिंताओं के बाद 19 जून, 2019 को यह अभियान शुरू किया गया।

■ **आपात स्थिति में त्वरित सहायता**
ऑपरेशन संकल्प के तहत भारतीय नौसेना अदन की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में युद्धपोतों की लगातार तैनाती रखती है। साथ ही, समुद्री मार्गों की 24 घंटे निगरानी करती है और व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा देती है।

## कच्ची धूप — Fun & Learn

### बाल कविता



हरिवंशराय बच्चन

### चिड़िया का घर

चिड़िया, ओ चिड़िया,
कहां है तेरा घर?
उड़-उड़ आती है
जहां से फर-फर!
चिड़िया, ओ चिड़िया,
कहां है तेरा घर?
उड़-उड़ जाती है-
जहां को फर-फर!
वन में खड़ा है जो
बड़ा-सा तरुवर,
उसी पर बना है
खर-पातों वाला घर!
उड़-उड़ आती हूं
वहीं से फर-फर!
उड़-उड़ जाती हूं
वहीं को फर-फर!

साभार : कविता कोश

### किसकी परछाईं कहां?




उत्तर : 1.C, 2.B, 3.D, 4.F, 5.E, 6.A

नोट : 'कच्ची धूप' को लेकर अगर कोई सुझाव हो तो मेल करें :
kidz@del.amarujala.com

# सीप 'टाइम कैप्सूल' की तरह होते हैं

**बच्चो, तुमने समुद्र के किनारे अलग-अलग आकार के सीप कवच देखे होंगे। तुमने कभी यह सोचा है कि सामान्य से दिखने वाले ये सीप कवच आते कहां से हैं?**

जब कभी तुम समुद्र तट पर जाते हो, तो वहां टहलते समय तुम्हें अक्सर रंग-बिरंगे और अलग-अलग आकार के सीप (शेल) दिखाई देते हैं। ये इतने अधिक होते हैं कि कभी-कभी हम इन्हें सामान्य चीज समझकर अनदेखा कर देते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, कैलिफोर्निया की खाड़ी के समुद्र तट के केवल एक छोटे से हिस्से में ही लगभग 2 ट्रिलियन सीप मौजूद थे। यदि दुनिया का हर व्यक्ति वहां जाकर सीप कवच इकट्ठा करे तो प्रत्येक व्यक्ति के हिस्से में लगभग 1,000 सीप आ सकते हैं। तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर उठ रहा होगा कि समुद्र के किनारे दिखने वाले ये अनगिनत सीप कवच आखिर आते कहां से हैं और ये हमें क्या कहानी सुनाते हैं?



■ **कंकाल हैं ये**

असल में सीप कवच समुद्री जीवों के 'कंकाल' होते हैं। जब जीव मर जाते हैं, तब उनके बाहरी कंकाल समुद्र में रह जाते हैं और बाद में लहरों के साथ किनारे तक पहुंच जाते हैं। मनुष्यों और अधिकांश जानवरों के कंकाल शरीर के अंदर होते हैं, लेकिन कुछ समुद्री जीवों के कंकाल शरीर के बाहर होते हैं। इन्हें 'एक्सोस्केलेटन' कहा जाता है। घोंघे, क्लैम, ऑयस्टर और मसल जैसे जीव, जिन्हें 'मोलस्क' कहा जाता है, अपने नरम शरीर की रक्षा के लिए खुद ही सीप कवच बनाते हैं। ये कवच उन्हें शिकारी जीवों से बचाते हैं, समुद्र की तलहटी में स्थिर रहने में मदद करते हैं और कभी-कभी तेजी से हिलने-डुलने में भी सहायक होते हैं। जिस तरह हमारे शरीर में हड्डियां मांसपेशियों को सहारा देती हैं, उसी तरह इन जीवों की मांसपेशियां भी उनके सीप कवच से जुड़ी होती हैं। कुछ जीव, जैसे स्कैलप, अपने सीप के दो हिस्सों को तेजी से खोल-बंद करके पानी में तैर भी सकते हैं। वहीं कुछ जीव अपने सीप कवच की मदद से जल्दी से रेत में छिप जाते हैं।

■ **कैसे बनते हैं**

कवच बनाने की प्रक्रिया को 'बायोमिनरलाइजेशन' कहा जाता है। अधिकांश समुद्री जीव अपने सीप कवच 'कैल्शियम कार्बोनेट' नामक खनिज से बनाते हैं, जो चूना पत्थर में भी पाया जाता है। कुछ सूक्ष्म जीव और स्पंज 'सिलिका' का उपयोग करते हैं, जबकि कुछ जीव कैल्शियम फॉस्फेट से सीप कवच बनाते हैं, जो तुम्हारी हड्डियों में भी पाया जाता है। दुनिया में आज लगभग 50,000 से अधिक मोलस्क प्रजातियां मौजूद हैं और हर प्रजाति का सीप अलग-अलग आकार और बनावट का होता है। यही कारण है कि समुद्र तट पर हमें सीपों की इतनी विविधता दिखाई देती है।

■ **समय की कहानी बताते हैं**

सीप कवच बहुत लंबे समय तक सुरक्षित रह सकते हैं। कई बार समुद्र की लहरें इन्हें किनारे तक ले आती हैं, जबकि कुछ सीप मरने के बाद समुद्र की तलहटी में दब जाते हैं। समय और दबाव के साथ वे चूना पत्थर जैसी चट्टान बन जाते हैं। वैज्ञानिक 'कार्बन डेटिंग' तकनीक से यह पता लगाते हैं कि कोई सीप कवच कितना पुराना है। इस प्रक्रिया से पता चला है कि समुद्र तटों पर मिलने वाले कई सीप कवच सैकड़ों या हजारों साल पुराने हो सकते हैं।

■ **सीख देते हैं**

सीप कवच केवल सुंदर ही नहीं होते, बल्कि वे वैज्ञानिकों के लिए जानकारी का खजाना भी हैं। उनके रासायनिक तत्वों को देखकर वैज्ञानिक पुराने मौसम, समुद्री वातावरण और उन जीवों के जीवन के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी सीप कवच में गोल छेद हो तो इसका मतलब है कि उसे किसी शिकारी जीव ने मारा था। यदि उस पर मरम्मत जैसा निशान हो तो संभव है कि वह किसी हमले से बच गया हो। इस तरह समुद्र तट पर पड़ा हर सीप खोल एक छोटी डायरी की तरह होता है। यदि उसे ध्यान से पढ़ा जाए तो वह समुद्र के पुराने जीवन और वातावरण की रोचक कहानियां सुना सकता है।

### पढ़ो और जानो -




प्यारे बच्चो, 'अनफनी बनी' कलाकार केनन थॉम्पसन और ब्रायन टकर द्वारा लिखी गई एक रोचक बाल चित्र पुस्तक है। कहानी एक छोटे से खरगोश, यानी बनी, के इर्द-गिर्द घूमती है। स्कूल के पहले दिन वह अपने नए दोस्तों को हंसाना चाहता है, इसलिए वह कई चुटकुले सुनाता है। लेकिन उसके चुटकुले किसी को भी मजेदार नहीं लगते और सब उसके मजाक उड़ाने लगते हैं।
धीरे-धीरे सहपाठी उसे 'अनफनी बनी' यानी बेतुका खरगोश कहकर बुलाने लगते हैं। इससे बनी को बहुत दुख होता है। कहानी में 'हेजहोग' नाम का एक पात्र भी है, जो बनी की मदद करता है। उसकी दोस्ती और सहयोग से बनी हार नहीं मानता और लगातार कोशिश करता रहता है। समय के साथ वह अपनी मेहनत और अभ्यास से सच में लोगों को हंसाने में माहिर बन जाता है। यह किताब बच्चों को दोस्ती, दृढ़ता, कड़ी मेहनत और टीमवर्क का महत्वपूर्ण संदेश देती है। मैकमिलन चिल्ड्रन्स पब्लिशिंग ग्रुप की एक छाप, फीवेल एंड फ्रेंड्स द्वारा प्रकाशित यह किताब पढ़ने में बहुत मजेदार और प्रेरणादायक है।

## आज का दिन

6 मार्च, 1924

मिस्र की सरकार ने 14वीं शताब्दी ईसा पूर्व में राजा रहे तूतनखामुन की ममी के दफन बॉक्स को खोला था। इस बॉक्स की खोज 1922 में प्रसिद्ध ब्रिटिश पुरातत्वविद हॉवर्ड कार्टर ने की थी।



- **1899 :** जर्मन कंपनी बायर ने एसिटाइलसैलिसिलिक एसिड से बनी दवा एस्पिरिन का पेटेंट कराया था।
- **1927 :** कोलंबियाई लेखक गेब्रियल गार्सिया मार्केज का जन्म हुआ था।
- **1957 :** प्रधानमंत्री क्वामे नक्रूमा के नेतृत्व में घाना एक स्वतंत्र राष्ट्र बना था।
- **1986 :** अमेरिकी चित्रकार जॉर्जिया ओकीफ का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार

**आज :** चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया।
**कल :** वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
**राहुकाल :** प्रातः 09.00 से 10.30 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2082, 16 फाल्गुन मास शक 1947, फाल्गुन मास 24 प्रविष्टे, 17 रमजान हिजरी 1447, चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी 19.17 तक उपरांत पंचमी, चित्रा नक्षत्र 11.15 तक उपरांत स्वाती नक्षत्र, वृद्धि योग 06.51 तक उपरांत ध्रुव योग, बालव करण 19.17 तक उपरांत कौलव करण, चंद्रमा तुला राशि में दिन-रात।

■ सूर्योदय : 06.44
■ सूर्यास्त : 18.21
(भारतीय मानक समयानुसार)

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। नौकरी में दबदबा बना रहेगा। कानूनी क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृष :** दिनमान सामान्य रहेगा। विचारों में अस्थिरता रहेगी। नौकरी में स्थिति यथावत बनी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मिथुन :** धैर्य सफलता में सहायक रहेगा। अकारण विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क :** आत्मबल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति के अवसर मिलेंगे। विरोधी शांत रहेंगे। नई कार्य योजना बन सकती है।

**सिंह :** अध्ययन में रुचि रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी में कार्य कुशलता बढ़ सकती है।

**कन्या :** इच्छापूर्ति का अवसर मिलेगा। नौकरी में नूतन पद भार संभव है। व्यवसाय में विस्तार और उत्तम धन लाभ होगा।

**तुला :** कानूनी विवाद से परेशानी होगी। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है। व्यवसाय में मंदी बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** भाग्य सहायक रहेगा। संपत्ति में वृद्धि संभव है। व्यवसाय में विस्तार और लाभ होगा। परिवार में खुशी होगी।

**धनु :** आत्मबल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विकास के अवसर मिलेंगे। व्यावसायिक साख बढ़ेगी।

**मकर :** व्यक्तिगत स्तर पर संवेदनशील रहेंगे। नौकरी में नई जिम्मेदारी आ सकती है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कुंभ :** परिश्रम करने पर भाग्य सहायक रहेगा। अटकी योजना साकार होगी। नौकरी में वर्चस्व बना रहेगा।

**मीन :** भविष्य के प्रति आशान्वित रहेंगे। योजना में सफलता मिलेगी। नौकरी प्राप्ति हो सकती है।

## जन्मदिन

अंकित तिवारी, गायक



आज जन्मे जातक आदर्शवादी, व्यवहार कुशल एवं बुद्धिमान होते हैं। इस वर्ष लोकप्रियता में वृद्धि होगी। भोग विलास के साधनों पर व्यय होगा। विवाह एवं संतान सुख की दृष्टि से वर्ष अनुकूल रहेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है। व्यवसायों में उत्तम लाभ होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 8 | | | | | 3 |
| | | 9 | 2 | | 3 | | 1 | |
| 8 | 2 | | 6 | 1 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| 1 | | | 7 | | 4 | | | 5 |
| | 6 | | | | | | 4 | |
| 3 | | | | 9 | 6 | | 2 | 7 |
| | 5 | | 4 | | 8 | 6 | | |
| 2 | | | | | 1 | | | 9 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 4 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 8 | 9 | 3 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 | 5 | 9 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### पोषक तत्वों से भरपूर है सेम की फली

*सेम को फ्लैट बीन्स, फावा बीन्स आदि कई नामों से जाना जाता है। इसके सेवन से शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं।*

**सेम** की फलियों का रोजाना सेवन करने से कई लाभ मिलते हैं। इसमें कॉपर, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ कई समस्याओं में आराम भी पहुंचाते हैं। सेम में मौजूद फाइबर पाचन को बेहतर बनाने में सहायता करते हैं। सेम का नियमित रूप से सेवन करने से पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। इसमें फाइबर और मोनोअनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है, जो वजन को आसानी से नियंत्रित करने में मददगार होता है। सेम में मौजूद सेलेनियम, मैंगनीज, जिंक जैसे गुण सांस संबंधी समस्या को दूर करते हैं। सेम की फली में मौजूद पोषक तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। सेम में फाइबर, पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है, जो कोलेस्ट्रॉल कम करता है और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करके दिल की सेहत में सुधार करता है। सेम में मौजूद एंटीडायबिटिक गुण इन्सुलिन संवेदनशीलता को बेहतर बनाते हैं। सेम में कॉपर और कैल्शियम जैसे खनिज होते हैं, जो नर्व सेल्स को स्वस्थ रखते हैं। सेम में पाया जाने वाला फोलेट गर्भावस्था में फायदेमंद होता है।



#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

कच्ची सेम में मौजूद लेक्टिन पेट खराब कर सकता है। सेम को अच्छी तरह पकाएं। इसका सेवन सीमित मात्रा में करें। स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक की सलाह जरूर लें।
-डॉ. नम्रता भट्ट
आयुर्वेद चिकित्सक

# वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर, 25.62 फीसदी बढ़कर 24 लाख के पार

## फाडा के आंकड़े...छह में पांच श्रेणी के वाहनों ने फरवरी में दर्ज की अब तक की सर्वाधिक बिक्री

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर 25.62 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। जीएसटी सुधारों के चलते कीमतों में गिरावट, बेहतर मांग और बाजार के भरोसे के कारण सभी श्रेणियों का प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसके दम पर बीते महीने कुल 24,09,362 वाहन बिके। फरवरी, 2025 में देशभर में कुल 19,17,934 गाड़ियां बिकी थीं।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहनों की बिक्री फरवरी में 26.12 फीसदी बढ़कर 3,94,768 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 3,13,015 इकाई था। दोपहिया वाहनों में 25 फीसदी, तिपहिया में 24 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों में 29 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

फाडा अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर ने कहा, छह में पांच श्रेणियों दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन और ट्रैक्टर ने फरवरी में मात्रा के लिहाज से अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। यह स्पष्ट संकेत है कि बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है।




### दोपहिया वाहनों की बिक्री 17 लाख पार

दोपहिया वाहनों की बिक्री बीते महीने बढ़कर 17,00,505 इकाई पहुंच गई, जो फरवरी, 2025 के 13,60,155 इकाइयों से 25.02 फीसदी अधिक है। डीलरों ने कहा, अच्छी फसल के बाद ग्रामीण नकदी में सुधार, आकर्षक मार्केटिंग योजनाओं और जीएसटी 2.0 के बाद गाड़ियों की कीमतों में गिरावट से दोपहिया बिक्री में तेज वृद्धि देखने को मिली है।

■ इस अवधि में रिकॉर्ड 1,17,130 तिपहिया वाहन बिके। ट्रैक्टर की बिक्री भी 36.35 फीसदी बढ़कर 89,418 इकाई के नए शिखर पर पहुंच गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़कर 1,008,20 इकाई पहुंच गई।

### ईवी और सीएनजी कारों की बढ़ी मांग

बीते महीने बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से इलेक्ट्रिक और सीएनजी/एलपीजी कारों की बिक्री बढ़ी है। हालांकि, पेट्रोल/इथेनॉल, डीजल और हाइब्रिड कारों की मांग घटी है। आंकड़ों के मुताबिक, इलेक्ट्रिक कारों की बाजार हिस्सेदारी फरवरी, 2025 के 3.04 फीसदी से बढ़कर 3.48 फीसदी पहुंच गई। सीएनजी/एलपीजी कारों का हिस्सा 20.38 से बढ़कर 23.45 फीसदी पहुंचा।

■ **इसके विपरीत,** पेट्रोल/इथेनॉल ईंधन वाले कारों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 48.30 फीसदी से कम होकर 46.08 फीसदी रह गई। डीजल कारों की हिस्सेदारी 19.65 फीसदी से गिरकर 18.80 फीसदी पर आ गई। इसी प्रकार, हाइब्रिड कारों का हिस्सा फरवरी, 2025 के 8.64 फीसदी से घटकर 8.19 फीसदी रह गया।

■ **ग्रामीण बाजारों में तेज वृद्धि, छोटी कारों की बिक्री को मिल रहा समर्थन :** विघ्नेश्वर ने कहा, शहरी बाजारों में गाड़ियों की बिक्री में सालाना आधार पर 21 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जबकि ग्रामीण बाजारों में 34 फीसदी का उछाल आया। यह वृद्धि बताती है कि महानगरों के अलावा ग्रामीण इलाकों में मांग निरंतर मजबूत बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में तेज वृद्धि विशेष रूप से उत्साहजनक है, क्योंकि इससे छोटी कारों की बिक्री को समर्थन मिल रहा है।

# चांदी की कीमतों में 27,000 रुपये की गिरावट, सोना 7,600 फिसला



**नई दिल्ली।** बहुमूल्य धातुओं में हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली के कारण चांदी और सोने की कीमतों में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट देखी गई। दिल्ली सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 27,000 रुपये या 9.23 फीसदी गिरकर 2,72,300 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव रह गई। सोना 7,600 रुपये या 4.4 फीसदी सस्ता होकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश के लिए मजबूत मांग के बाद भी भारी मुनाफावसूली से चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। वहीं, एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों से सोने की कीमतों में गिरावट आई। वहीं, भारतीय रुपये में मजबूती से भी सोने पर दबाव बढ़ गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने इस समय अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए, वे सतर्कता बरत रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 12.60 डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 5,153.91 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। चांदी मामूली बढ़त के साथ 84.11 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने जुटाए 10,000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बैंक ने कहा, इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है। एजेंसी

### अदाणी-टोटल ने तीन गुना कीं गैस की कीमतें

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और फ्रांस की टोटलएनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस ने बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस कीमतें तीन गुना कर दी हैं। सूत्रों ने कहा, पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आपूर्ति रुकने के बाद कंपनी ने यह कड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने औद्योगिक गैस की कीमत 40 रुपये प्रति मानक घन मीटर से बढ़ाकर करीब 119 रुपये प्रति मानक घन मीटर कर दी है। एजेंसी

### जुआरी एग्रो ने सेबी को चुकाए 1.2 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** जुआरी एग्रो केमिकल्स लि. ने कंपनी के वित्तीय विवरण को गलत तरीके से पेश करने के मामले को बृहस्पतिवार को बाजार नियामक सेबी के साथ 1.2 करोड़ रुपये में निपटा लिया। सेबी ने आदेश में कहा, कंपनी सेटलमेंट की शर्तों के तहत अपनी मर्जी से सिक्योरिटीज मार्केट में तीन महीने तक खरीद-बिक्री या ट्रेडिंग नहीं करेगी। इसके अलावा, कंपनी के चार वरिष्ठ अधिकारियों ने भी 1.7 करोड़ का भुगतान किया है। एजेंसी

### नेक्सस सेलेक्ट मॉल ने सेबी से निपटाया मामला

**नई दिल्ली।** नेक्सस सेलेक्ट मॉल मैनेजमेंट ने बाजार नियामक सेबी के साथ रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) के नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले को 24.37 लाख रुपये में निपटा लिया है। सेबी ने आदेश में कहा, नेक्सस सेलेक्ट मॉल मैनेजमेंट ने जरूरी नेटवर्थ बनाए रखने में नाकाम रहने और नेटवर्थ में बदलाव के बारे में नियामक को जानकारी नहीं दी थी। सेबी ने 11 जून, 2025 को नोटिस भी भेजा था। एजेंसी

### आईईएक्स पर बिजली कारोबार 30 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने बृहस्पतिवार को कहा, फरवरी में उसके मंच पर बिजली कारोबार की मात्रा सालाना आधार पर 30.4 फीसदी बढ़कर 1,255 करोड़ यूनिट रही। आईईएक्स ने कहा, पिछले महीने कुल 18.86 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का भी कारोबार हुआ, जो 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी को दर्शाता है। एजेंसी

## क्रूड में उछाल, निर्यात बाधा और धनप्रेषण पर असर से निकट भविष्य में प्रभावित होगी आर्थिक वृद्धि

# ईरान युद्ध जीडीपी के लिए चुनौती, तेल-गैस के दाम बढ़ने से कंपनियों की कमाई पर असर

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट अवधि में बड़ी चुनौती है, लेकिन इससे लंबे समय में वृद्धि प्रभावित नहीं होगी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने कहा, मौजूदा हालात में तेल की कीमतों में वृद्धि, निर्यात में बाधा और धनप्रेषण पर पड़ने वाला असर जीडीपी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे में वृद्धि दर को उच्च पथ पर ले जाने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों को समन्वित तरीके से काम करने की जरूरत है।

एमपीसी सदस्य ने कहा, ईरान हमलों के साथ निकट भविष्य में संघर्ष तेज होने और क्रूड में उछाल की आशंका है। हालांकि, इस क्षेत्र में दुनिया के उच्च दांव को देखते हुए संकट का जल्द ही समाधान हो जाएगा।

**उधर, कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज ने कहा,** अगर ईरान युद्ध कुछ सप्ताह से अधिक समय तक चलता रहा, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। युद्ध ने पहले से ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं। तेल-गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था एवं बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।




### 72 घंटे में 10 फीसदी तक गिरे बासमती चावल के दाम, निर्यातकों ने मांगी राहत

भारतीय चावल निर्यात संघ (आईआरईएफ) ने सरकार से ईरान संकट और प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता के कारण पैदा व्यवधान के प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल सहायता मांगी है। चावल निर्यातकों के निकाय ने एपीडा को दिए ज्ञापन में कहा, निर्यातक कंटेनर की भारी कमी, पश्चिम एशिया के लिए जहाजों को रद्द किए जाने और लॉजिस्टिक लागत में भारी वृद्धि का सामना कर रहे हैं।

■ *मौजूदा बाधाओं का असर घरेलू कीमतों पर पड़ा है। पिछले 72 घंटों में बासमती चावल की कीमतों में 7-10 फीसदी गिरावट आई है, जिससे निर्यातकों पर कार्यशील पूंजी का दबाव बढ़ गया है।*

■ **माल ढुलाई दरें** 15-20 फीसदी बढ़ गई हैं। खाड़ी देशों को जाने वाली खेपों के लिए युद्ध-जोखिम अधिभार और बीमा प्रीमियम में काफी बढ़ोतरी हुई है। समुद्री ईंधन की कीमतें भी 520 डॉलर से बढ़कर 580 डॉलर प्रति टन पहुंच गई हैं।

### होर्मुज मार्ग में जोखिम के बावजूद 63 डॉलर से अधिक नहीं पहुंचेगी ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत

होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से जहाजों की आवाजाही पर जोखिम के बावजूद 2026 में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 63 डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहने का अनुमान नहीं है। फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की अतिरिक्त आपूर्ति से कीमतों में तेज बढ़ोतरी सीमित रह सकती है। इसके अलावा, होर्मुज में मौजूदा व्यवधान अस्थायी है। यह अभी औपचारिक रूप से बंद नहीं हुआ है, लेकिन ईरान या उससे जुड़े समूहों के संभावित हमलों के जोखिम को देखते हुए कई जहाज इस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं।

**फिच का अनुमान**

■ *रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से कुछ तेल कंपनियों ने अपनी खेप रोक दी है, जबकि बीमा कंपनियां मालवाहक जहाजों के लिए युद्ध जोखिम बीमा को रद्द कर रही हैं।*

### व्यापार-एलएनजी पर निर्भर क्षेत्र होंगे प्रभावित

**क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा,** ईरान युद्ध लंबे समय तक चलता रहा, तो यह बासमती चावल, उर्वरक, हीरा पॉलिश, एयरलाइंस और यात्रा परिचालकों सहित उन कई भारतीय क्षेत्रों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है, जिनका पश्चिम एशिया के साथ सीधा व्यापारिक संबंध है।

■ एजेंसी ने कहा, सिरेमिक और उर्वरक जैसे एलएनजी पर निर्भर क्षेत्र उत्पादन व्यवधान का सामना कर सकते हैं। वहीं, क्रूड से जुड़े उद्योग (रिफाइनी, टायर, पेंट, विशेष रसायन, पैकेजिंग, सिंथेटिक कपड़े) पर लागत का दबाव बढ़ेगा।

**सस्ती तेल आपूर्ति से होगा लाभ :** पश्चिम एशिया संकट जल्द समाप्त हो जाता है और ईरान पर से प्रतिबंध हटा लिए जाते हैं, तो भारत को सस्ती तेल आपूर्ति से लाभ हो सकता है। भारत के लिए वेनेजुएला से तेल आपूर्ति का खुलना भी मददगार हो सकता है, क्योंकि यह विकल्पों में विविधता लाता है। *-नागेश कुमार, एमसीपी सदस्य, आरबीआई*

# सेंसेक्स में 900 अंक की तेजी 5.72 लाख करोड़ बढ़ी संपत्ति

■ घरेलू बाजार में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थमी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया। निफ्टी में भी 285 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 फीसदी की बढ़त के साथ 80,015.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,187.64 अंक या 1.50 फीसदी चढ़कर 80,303.83 के स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 फीसदी उछलकर 24,765.90 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी करीब 5.72 लाख करोड़ बढ़कर 452.90 लाख करोड़ रुपये रह गई। सेंसेक्स की 30 में से 19 शेयर बढ़त में रहे। अदाणी पोर्ट्स सबसे ज्यादा 4.51 फीसदी लाभ में बंद हुआ। टेक एम, इन्फोसिस और एसबीआई समेत 11 शेयरों में 1.25 फीसदी तक गिरावट रही।

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, पिछले सत्रों में जो घबराहट देखी गई थी, उसमें अब कुछ कमी आई है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इंडिया उतार-चढ़ाव सूचकांक हाल के उच्च स्तर से 15 फीसदी से अधिक नीचे आया है।




### 8,752.6 करोड़ की बिकवाली

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू बाजार में शुद्ध रूप से 8,752.65 करोड़ रुपये की बिकवाली की। **हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 12,068.17 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।**

■ बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 1.74 फीसदी व मिडकैप 1.36 फीसदी उछल गया। सेक्टोरल इंडेक्स में सर्विसेज सर्वाधिक 2.84 फीसदी बढ़त में बंद हुआ।

■ **तेल कंपनियों के शेयर दो सत्र की गिरावट से उबरे :** दो कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद तेल कंपनियों के शेयरों में बढ़त देखी गई। निचले स्तर पर लिवाली और बाजार में सुधार के कारण हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर 4.19 फीसदी बढ़त में बंद हुआ। भारत पेट्रोलियम के शेयरों में 1.19 फीसदी और इंडियन ऑयल में 0.59 फीसदी की तेजी रही।

# इंडियन ऑयल कॉर्प ने खरीदा 10 लाख बैरल रूसी तेल

## दावा...इंडियन ऑयल को डिलीवरी देने के लिए पूर्वी पारादीप पोर्ट पर रुका था स्वेजमैक्स टैंकर ओड्यून

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण क्रूड की आपूर्ति और शिपिंग में रुकावट से होने वाली कमी की भरपाई के लिए इंडियन ऑयल कॉर्प समेत अन्य भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने रूसी कच्चे तेल का रुख किया है।

एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को बताया, करीब 10 लाख बैरल रूसी कच्चा तेल लेकर जा रहा मालवाहक जहाज स्वेजमैक्स टैंकर ओड्यून इंडियन ऑयल को क्रूड की डिलीवरी देने के लिए पूर्वी पारादीप पोर्ट पर रुका था।




इसके अलावा, सरकारी रिफाइनरी कंपनी को पश्चिमी भारत के वडिनार पोर्ट पर स्प्रिंग फॉर्च्यून पर लोड किया गया करीब 7,00,000 बैरल रूसी कच्चा तेल भी मिलने वाला है।

इंडियन ऑयल के एक सूत्र ने कहा, कंपनी रूसी तेल की खरीद में तेजी ला रही है, जिसमें भारत के आसपास बिना खरीदारों के तैर रहे जहाजों पर लोड किया गया क्रूड भी शामिल है। इसके अलावा, एक अन्य सरकारी रिफाइनरी कंपनी भी रूसी कच्चा तेल को खरीदने पर विचार कर रही है।

रूसी तेल की खरीद-फरोख्त की सीधी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, करीब 95 लाख बैरल रूसी क्रूड भारतीय तटों के आसपास तैर रहा है। उन्होंने केप्लर के हवाले से कहा, हिंद महासागर, अरब सागर क्षेत्र और सिंगापुर स्ट्रेट में करीब तीन करोड़ बैरल रूसी तेल उपलब्ध है।

### क्रूड के दाम पांचवें दिन भी बढ़े

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय मानक कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड 1.72 डॉलर या 2.1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 83.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड की कीमतें 1.95 डॉलर या 2.6 फीसदी उछलकर 76.61 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।

■ **वोर्टेक्सा एवं केप्लर के शिप ट्रैकिंग डाटा के मुताबिक, कच्चे तेल से लदे करीब 300 टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में फंसे हुए हैं, क्योंकि ईरान युद्ध शुरू होने के बाद चोकपॉइंट से कार्गो का आना-जाना लगभग ठप हो गया है।**

# महिलाओं के नेतृत्व वाले प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने जुटाए 1.1 अरब डॉलर

*भारत में महिलाओं की अगुवाई वाले प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को 2025 में करीब 1.1 अरब डॉलर का निवेश मिला। हालांकि, यह 2024 के 1.2 अरब डॉलर की तुलना में करीब 9 फीसदी कम है। आंकड़ा विश्लेषण कंपनी ट्रैक्सन ने एक रिपोर्ट में कहा, इस गिरावट के बावजूद इन स्टार्टअप में निवेश के औसत आकार में बढ़ोतरी हुई है।* ब्यूरो

### सौदे का औसत आकार बढ़ा

**38** लाख डॉलर पहुंच गया सौदे का औसत आकार 2025 में

24 लाख डॉलर था यह वर्ष 2024 में

**407** फंडिंग राउंड हुए 2025 में निवेश जुटाने के लिए

यह 2024 के 580 राउंड से 29% कम

### बंगलूरु सबसे आगे

44.7 करोड़ डॉलर की फंडिंग के साथ बंगलूरु शीर्ष पर

11.5 करोड़ डॉलर जुटाए गुरुग्राम की टेक कंपनियों ने

11.2 करोड़ डॉलर के साथ मुंबई तीसरे स्थान पर

*रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले प्रौद्योगिकी उद्यमों का तंत्र अब संतुलित व अनुशासित निवेश के दौर में प्रवेश कर चुका है।*

### इन ब्रांड को सर्वाधिक फंडिंग




# गर्मी में तेजी से बढ़ेगी एसी, एयर कूलर व पंखों की बिक्री, कंपनियों के मार्जिन में होगा सुधार

**नई दिल्ली।** अल नीनो की वजह से आने वाले महीनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी, जिससे देश में एयर कंडीशनर (एसी), एयर कूलर और पंखे जैसे कूलिंग उत्पादों की मांग में बड़ा उछाल देखने को मिला। इससे घरेलू कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योग को समर्थन मिलेगा।

आनंद राठी रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अल नीनो के इस साल फिर से आने का अनुमान है। ऐसे में 2025 के कमजोर आधार प्रभाव के बाद जल्द, तेज और लंबे समय तक चलने वाली लू कूलिंग उत्पादों की मांग को तेजी से बढ़ा सकती है। इससे



एसी, एयर कूलर और पंखे जैसे कूलिंग उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के न सिर्फ राजस्व में सुधार होगा, बल्कि मार्जिन बढ़ाने में भी काफी मदद मिलेगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अप्रैल-मई, 2025 में हल्की गर्मी और खराब मौसम ने पिछले साल पीक मांग में रुकावट डाली, जिससे बिक्री सुस्त हो गई। इससे इन्वेंट्री बढ़ने के साथ पूरे उद्योग में वृद्धि की रफ्तार धीमी हो गई। हालांकि, 2026 में तेज गर्मी बिक्री को बढ़ाकर और इन्वेंट्री साइकिल में सुधार कर इस ट्रेंड को पलट सकती है।

अगर तेज गर्मी के साथ लू चलती रही, तो एसी की मांग उम्मीद से ज्यादा बढ़ सकती है। इसे 8-10 फीसदी की कम पहुंच, बिना योजना के खरीदारी, पुराने एयर कंडीशनर की रिप्लेसमेंट मांग और टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में गहरी पैठ से सहारा मिलेगा। एजेंसी

### रुपया निचले स्तर से उबरा, 41 पैसे मजबूत

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले बृहस्पतिवार को रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे की बढ़त के साथ 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और आरबीआई के हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा में तेजी आई।

फॉरेक्स कारोबारियों ने कहा, पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा चुनौतियों के बीच डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल में उछाल और विदेशी पूंजी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला। दिन में 91.30 से 91.64 के दायरे में रहा। एजेंसी

# ग्रामीण महिलाओं में बढ़ा रोजमर्रा के लेनदेन में यूपीआई का उपयोग

**नई दिल्ली।** ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों की महिलाएं रोजमर्रा के लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान का तेजी से इस्तेमाल करने लगी हैं। अब करीब 38 फीसदी महिलाएं सप्ताह में कम-से-कम एक बार यूपीआई का इस्तेमाल कर रही हैं।

डिजिटल एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी पेनियरबाई की रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाएं दैनिक जरूरत वाले सामान की खरीद, बिजली-पानी बिलों के भुगतान और मोबाइल रिचार्ज जैसे खर्चों के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर रही हैं। यह सर्वे रिपोर्ट देश के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में डिजिटल एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली 10,000 महिला एजेंट पर आधारित है। इससे पता चलता है कि 85 फीसदी महिलाएं परिवार की मुख्य बचतकर्ता हैं, जो वित्तीय अनुशासन में बढ़ोतरी को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 44 फीसदी महिलाएं छोटे-छोटे निवेश के जरिये सोने से जुड़े बचत उत्पादों में पैसा लगाने को इच्छुक हैं। इसके अलावा, 98 फीसदी महिलाएं छोटी राशि वाले जमा उत्पादों, जैसे एफडी या आरडी के जरिये बचत करने को तैयार हैं। हालांकि, म्यूचुअल फंड योजनाओं को लेकर जागरूकता सीमित है। एजेंसी

### रिपोर्ट...85 फीसदी महिलाएं परिवार की मुख्य बचतकर्ता छोटे-छोटे निवेश पर दे रहीं जोर

**उपलब्धि** दक्षता और अवसर के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है देश, उत्पादन, रोजगार और निवेश को लेकर उद्योग जगत का भरोसा मजबूत

# नीतिगत सुधारों से बदली सूरत, स्टार्टअप और निवेशकों के लिए पहली पसंद बना भारत

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत पिछले एक दशक में न सिर्फ निवेश, बल्कि व्यवसाय करने के लिए भी दुनिया के सबसे आकर्षक स्थानों में शामिल हो गया है। सरकार की ओर से शुरू किए गए विनियामक सुधारों के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम और व्यापार अनुकूल नीतियों के कारण देश अब दक्षता और अवसर के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।

इस बदलते व्यावसायिक परिवेश का सबसे बड़ा प्रमाण है कि सिर्फ पांच वर्षों में देश में सक्रिय पंजीकृत कंपनियों की संख्या में 27 फीसदी की भारी वृद्धि देखी गई है। यह संख्या 2020-21 में 1.55 लाख थी, जो 3 फरवरी, 2026 तक बढ़कर 1.98 लाख हो गई है।

सुधारों और व्यापार अनुकूल नीतियों के दम पर आरबीआई का व्यावसायिक विश्वास सूचकांक वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 की दूसरी तिमाही तक लगातार 100 के तटस्थ मानक से ऊपर बना हुआ है। यह सकारात्मक रुझान भविष्य के उत्पादन, रोजगार और निवेश को लेकर उद्योग जगत के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। कंपनियां वर्तमान में मांग, खपत और विकास की संभावनाओं को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रही हैं।




***दिवालिया कानून ने संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान में निभाई अहम भूमिका :*** *दिवालिया एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) ने संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सितंबर, 2025 तक कुल 3,865 मामलों का समाधान किया गया, जिससे ऋणदाताओं ने 3.99 लाख करोड़ की वसूली की है। ये सुधार भारत को प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं।*

### स्टार्टअप-एमएसएमई को मिला संबल

भारत आज विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप परिवेश में से एक है। फरवरी, 2026 तक देश में 2.16 लाख से अधिक डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप सक्रिय हैं। सरकार ने स्टार्टअप के लिए पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया और अनुपालन के बोझ को कम किया है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए ऋण गारंटी योजनाओं ने संजीवनी का काम किया है।

### ऋण गारंटी सीमा बढ़कर 20 करोड़ रुपये

सरकारी बैंकों के 2025 में शुरू किए गए डिजिटल ऋण आकलन मॉडल (सीएएम) के जरिये एमएसएमई को कर्ज मिलना आसान हुआ है। अप्रैल से नवंबर, 2025 के बीच मॉडल के तहत 3.2 लाख करोड़ के कर्ज आवेदन आए, जिनमें से 41.5 हजार करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी है।

### बीमा और कर व्यवस्था में हुए महत्वपूर्ण बदलाव

सबका बीमा, सबकी रक्षा (बीमा संशोधन कानून) अधिनियम 2025 के जरिये इस क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति दी गई है। विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के लिए शुद्ध स्वामित्व निधि जरूरत को 5,000 करोड़ से घटाकर 1,000 करोड़ किया गया है। इसके अलावा, कर प्रणाली को भी अधिक पारदर्शी बनाया गया है। लघु अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिए जन विश्वास विधेयक 2025 लाया गया है।